गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

आज

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, मंगलवार 3 नवम्बर 2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

सौर ऊर्जा से मजबूत हो रही देश की ऊर्जा सुरक्षा, रोजगार के नये अवसर भी बनेंगे-मोदी



नयी दिल्ली (आससे.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत में स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बदलाव तेजी से हो रहा है और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सौर ऊर्जा की भूमिका लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार न केवल बिजली का खर्च कम करने में मदद कर रहा है, बल्कि रोजगार के नए अवसर पैदा करने और देश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी और ब्लूमबर्ग एलपी के संस्थापक माइकल आर. ब्लूमबर्ग द्वारा लिखे गए एक लेख को साझा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि लेख में नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार, रूफटॉप सोलर, ऊर्जा भंडारण और बिजली पारेषण के क्षेत्र में निवेश की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया गया है।मोदी ने केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी का एक अन्य लेख भी साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत की सौर ऊर्जा यात्रा नए अवसरों के द्वार खोल रही है। लेख में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और पीएम-कुसुम जैसी पहलों के माध्यम से सौर ऊर्जा के बढ़ते प्रसार का उल्लेख किया गया है। जोशी ने अपने लेख में सौर ऊर्जा से संचालित कृषि, ऊर्जा भंडारण, विनिर्माण और हरित रोजगार जैसे क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला है। भारत का लक्ष्य 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करना है और इस दिशा में सौर ऊर्जा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

पंजाब में आप के तीन विधायक भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली (आससे.)। पंजाब में आम आदमी पार्टी को झटका देते हुए उसके तीन विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह, हरमीत सिंह पठानमाजरा और चेतन सिंह जौड़ामाजरा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। तीनों नेताओं ने सोमवार को नयी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के पंजाब प्रभारी सतीश पूनिया की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इससे पहले तीनों विधायकों ने आप की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। कुंवर विजय प्रताप सिंह ने पंजाब विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। अमृतसर नॉर्थ से विधायक और पूर्व आईपीएस अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह लंबे समय से पार्टी नेतृत्व की आलोचना कर रहे थे। जून 2025 में आप ने उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में पांच साल के लिए निलंबित कर दिया था। वहीं, पटियाला जिले की समाना सीट से विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा और सनौर सीट से विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने भी एक दिन पहले पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था।

मानदेय के बाद अब आंगनबाड़ी कर्मियों को फोन के साथ कैशलेस इलाज

योगी सरकार ने दिवाली से पहले दिया लाखों परिवारों को उपहार

लखनऊ (आससे.)। इस बार प्रदेश की लाखों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की दिवाली पहले से अधिक खुशियों के साथ मनेगी। योगी सरकार ने त्योहार से पहले उनके मानदेय में बढ़ोतरी कर लाखों परिवारों को उपहार दिया है। लंबे समय से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की जिम्मेदारी निभा रहीं इन कर्मियों को अब बढ़ा हुआ मानदेय मिल रहा है। कार्यकर्ताओं का मानदेय 8 हजार से बढ़ाकर 12 हजार रुपये और सहायिकाओं का 4 हजार से बढ़ाकर 6 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। इससे कार्यकर्ताओं को हर महीने 4 हजार और सहायिकाओं को 2 हजार रुपये अतिरिक्त मिल रहे। बढ़ी हुई आमदनी से जहां घर का बजट मजबूत होगा, वहीं त्योहार की तैयारियों में भी आसानी होगी। योगी सरकार ने करीब 3.35 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं व परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी है। अब उन्हें अपने परिवार के साथ हर साल 5 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज का प्रावधान है। सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में जरूरत होने पर इसका लाभ ले सकती हैं। इसके अलावा अब तक मिलने वाली दो साड़ियों के स्थान पर तीन साड़ियां दी जाएंगी। इसके लिए 500 रुपये अतिरिक्त उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। इस पर सरकार करीब 20 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इन सुविधाओं से त्योहार की खुशियों के साथ परिवार की स्वास्थ्य संबंधी चिंता कम करने में भी मदद मिलेगी।आ ंगनवाड़ी व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए सरकार तकनीकी सुविधाओं का भी विस्तार कर रही है। पहले चरण में 1,23,398 स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जा चुके हैं इसके बाद रिप्लेसमेंट पॉलिसी के तहत 69,803 और स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए। इससे बच्चों के पोषण और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारियां रियल टाइम में दर्ज करना आसान हुआ। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को अपना भवन उपलब्ध कराने का लक्ष्य भी रखा है।



राहुल ने प्रधानमंत्री को दी बहस की चुनौती

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने पीएम मोदी पर विदेशी मदद के सहारे सत्ता में बने रहने का आरोप लगाकर राजनीतिक विवाद तेज कर दिया। राहुल

कहां-मैं जानता हूं आप डरते हो, विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बनने से लगाया आरोप



ने कहा कि पीएम मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और अब भी इसी मदद के सहारे इस पद पर बने हुए हैं। उन्होंने देश की आर्थिक व्यवस्था और विदेशी सोशल मीडिया को लेकर भी सवाल उठाए। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा कि वह किसी भी मंच पर और किसी भी समय उनसे चर्चा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री इसलिए बहस के लिए नहीं आएंगे, क्योंकि वह जानते हैं कि राहुल उनके बारे में क्या जानते हैं।राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री मोदी को सीधे निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा, मोदी जी, इस देश से झूठ बोलना बंद कीजिए। आप विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और विदेशी मदद से ही प्रधानमंत्री बने हुए हैं। राहुल ने आगे आरोप लगाया कि देश की आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह विदेशियों के नियंत्रण और समर्थन में है। उन्होंने यह भी दावा किया कि विदेशी सोशल मीडिया पूरी तरह प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा है।राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी को खुली बहस की चुनौती दी। उन्होंने लिखा, मैं आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं। कोई भी मंच, किसी भी समय। हिम्मत है तो आइए। राहुल ने बहस के लिए न तो किसी खास जगह का नाम लिया और न ही कोई तारीख या समय तय किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी मंच पर आने की चुनौती दी।

रूस और चीन हमारी जासूसी करते हैं : ट्रंप

वॉशिंगटन । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को अपने मध्यावधि चुनाव प्रचार अभियान का समापन किया। इस दौरान एक रैली में अपने संबोधन में उन्होंने ईरान पर अमेरिकी हमले का बचाव किया, तेल की कीमतों को लेकर अपना पक्ष रखा और चीन -रूस की जासूसी को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका जासूसी का ये काम उनसे कहीं बेहतर तरीके से करता है। आयोवा के डुबुक में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने चीन और रूस की जासूसी को लेकर जताई गई चिंताओं को खारिज कर दिया। लेकिन हम उनसे कहीं बेहतर तरीके से ऐसा करते हैं। इसलिए, इस बात की चिंता न करें। ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास अब न तो कोई सैन्य क्षमता बची है और न ही बातचीत करने के लिए कोई नेता। उन्होंने कहा कि हमने इसकी शुरुआत नहीं की थी, लेकिन हम इसे खत्म कर रहे हैं। हम उनकी अच्छे से धुनाई कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उनके पास न तो रडार है, न ही विमान-रोधी हथियार और न ही कोई नेता। शायद हम नेताओं के मामले में कुछ ज्यादा ही आगे निकल गए हैं (इसका मतलब शीर्ष ईरानी नेतृत्व की हमलों में मौत से है), अब बात करने के लिए कोई बचा ही नहीं है। मैं किसी ऐसे व्यक्ति को खोजने की कोशिश कर रहा हूं जिससे बात की जा सके, लेकिन कोई भी राष्ट्रपति नहीं बनना चाहता।

रैली में बोले शुरू उन्होंने किया खत्म हम कर रहे

ईडी की गिरफ्तारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट गये आजम

नयी दिल्ली (आससे.)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जेल से रिहाई के तुरंत बाद ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के मामले में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इसी सप्ताह सुनवाई करने पर सहमति जताई है। सोमवार को अधिवक्ता निजाम पाशा ने सीजेआई सूर्यकांत के समक्ष मामले का उल्लेख किया था। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 29 अक्टूबर को दो पैन कार्ड से जुड़े मामले में आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को जमानत दी थी। अदालत ने आजम खान की 10 साल की सजा पर रोक लगाई थी, लेकिन उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद 31 अक्टूबर को दोनों रामपुर जेल से रिहा हुए। हालांकि, जेल के बाहर मौजूद ईडी की टीम ने आजम खान को हिरासत में ले लिया। ईडी ने यह कार्रवाई मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के अलग मामले में की थी। इसके बाद रविवार को गाजियाबाद की विशेष पीएमएलए अदालत ने आजम खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अब उन्होंने ईडी की इस कार्रवाई को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

कांग्रेस ने लगाया आईडीबीआई बैंक की बिक्री में घोटाले का आरोप



नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस ने आईडीबीआई बैंक को कनाडा की कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स को बेचने की प्रक्रिया में बड़े घोटाले का आरोप लगाते हुए इसे तत्काल रोकने और पूरे मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस के पूर्व सांसद एवं प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने सोमवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मुनाफा कमाने वाले सरकारी बैंक को विदेशी कंपनी के हाथों सौंप रही है। उन्होंने दावा किया कि आईडीबीआई बैंक ने 2021 से 2026 के बीच 30,105 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। इसके बावजूद सरकार बैंक में अपनी हिस्सेदारी बेचकर उसका नियंत्रण और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक का दर्जा समाप्त करने जा रही है। गोहिल के मुताबिक, सरकार और एलआईसी की कुल 62.72 प्रतिशत हिस्सेदारी 52,878 करोड़ रुपये में बेचने की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई। उन्होंने सवाल उठाया कि पहले बैंक का मूल्यांकन 94.42 रुपये प्रति शेयर किया गया था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 75 रुपये कर दिया गया। इसके बाद 81 रुपये प्रति शेयर की दर से बिक्री का फैसला किया गया। उन्होंने दोनों मूल्यांकन रिपोर्ट सार्वजनिक करने और दूसरे बोलीदाता की जानकारी देने की मांग की। गोहिल ने कहा कि 2003 में तत्कालीन वित्त मंत्री जसवंत सिंह ने संसद में आश्वासन दिया था कि आईडीबीआई बैंक में सरकार की हिस्सेदारी कभी 51 प्रतिशत से कम नहीं होगी।

जेपीसीसे जांच कराने की मांग

सीने में दर्द की शिकायत के बाद शरद पवार अस्पताल में भर्ती

पुणे । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता शरद पवार को पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। उन्हें सांस लेने के दौरान सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। इसके बाद सामान्य स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय निगरानी के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया।रूबी हॉल क्लिनिक के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ, अध्यक्ष और प्रबंध न्यासी डॉ परवेज के. ग्रांट ने आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने कहा, शरद पवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद सामान्य स्वास्थ्य जांच और मेडिकल निगरानी के लिए रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। उम्मीद है कि उनकी स्थिति में सुधार होगा। एहतियात के तौर पर उन्हें निगरानी में रखा जाएगा। शरद पवार गुट की नेता और उनकी बेटी सुप्रिया सुले ने %एक्स% पर पोस्ट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, लगातार खांसी के बाद बाबा को पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। उनकी चिकित्सकीय जांच की जा रही है और उनके स्वास्थ्य से जुड़े सभी मानक स्थिर हैं।

आठ मजदूरों की करेंट से मौत

राजस्थान। राजस्थान के झुंझुनू जिले में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां छापोली इलाके में सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक मशीन हाई वोल्टेज बिजली लाइन के संपर्क में आ गई. इससे आठ मजदूरों की मौत हो गई. सामने आया है कि पांच मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। जानकारी के मुताबिक, छापोली में कदम कुंड की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था।



राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : सुप्रीम कोर्टने याचिकाओं पर किया निबटारा

नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले में दायर याचिकाओं का निपटारा कर दिया। अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार के उस बयान को रिकॉर्ड पर लिया, जिसमें बताया गया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मामले में आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि एसआईटी की जांच में चढ़ावे की रकम की गिनती के दौरान चोरी होने की बात सामने आई है। कुछ आरोपियों ने चोरी की रकम से संपत्तियां खरीदीं, जबकि कुछ ने धनराशि बैंक खातों में जमा कर रखी है।पीठ ने याचिकाकर्ताओं को इस मामले की सुनवाई के दौरान अयोध्या की स्थानीय अदालत की सहायता करने की अनुमति भी दी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उसने मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं की है।



निचली अदालतको कानूनके अनुसार काररवाई करनेका निर्देश

सोनिया गांधी ने लालू यादव से की मुलाकात, जाना स्वास्थ्य का हाल

नयी दिल्ली । कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव से दिल्ली में मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। यह मुलाकात राजद सांसद मीसा भारती के आवास पर हुई, जहां तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। तेजस्वी यादव ने बताया कि लालू यादव स्वास्थ्य जांच के लिए दिल्ली आए हैं। उन्होंने सोनिया गांधी को इसकी जानकारी दी थी, जिसके बाद उन्होंने मिलने आने की बात कही थी। तेजस्वी के मुताबिक, दोनों नेताओं के बीच लंबे समय से राजनीतिक और व्यक्तिगत संबंध रहे हैं तथा उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में एक-दूसरे का साथ दिया है। यह मुलाकात रविवार को रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली के अगले दिन हुई। तेजस्वी ने विपक्षी एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि जब तक सभी दल मिलकर नहीं लड़ेंगे, तब तक लोकतांत्रिक चुनौतियों का सामना करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई होने तक विपक्ष का संघर्ष जारी रहेगा।





डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट का पांचवां अभियान शुरू

नयी दिल्ली । अगर आप पेंशन लेते हैं या आपके परिवार में कोई पेंशनर है, जिसे लाइफ सर्टिफिकेट बनवाने के लिए बार-बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते है, तो अब आपके लिए राहत की खबर है. आप अपने स्मार्टफोन से ही चेहरा दिखाकर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं. खास बात यह है कि इसके लिए किसी फिंगरप्रिंट मशीन या बायोमेट्रिक डिवाइस की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। सरकार ने 1 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक देशभर में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट का पांचवां अभियान शुरू किया है. यह अभियान देश के 2,000 शहरों और जिलों में चलाया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य इस दौरान 2.30 करोड़ डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट तैयार करना है. इसमें से 1.50 करोड़ सर्टिफिकेट फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए बनाने का लक्ष्य रखा गया है. अब सवाल है कि आखिर यह काम कैसे होगा? इसके लिए पेंशनर्स को अपने स्मार्टफोन में Jeevan Pramaan Face App ऐप डाउनलोड करना होगा. इसके बाद आधार और मोबाइल नंबर की मदद से रजिस्ट्रेशन करना होगा. रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद पेंशनर्स को मोबाइल के फ्रंट कैमरे के सामने अपना चेहरा दिखाना होगा. फेस ऑथेंटिकेशन पूरा होते ही डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट हो जाएगा. यानी अब घर बैठे ही यह जरूरी काम पूरा किया जा सकता है। सरकार ने इस अभियान में 19 बैंक, 785 डाकघर और 56 पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन को शामिल किया है। इसके अलावा , रेलवे और राज्य सरकारें भी इसमें सहयोग करेंगी. जो बुजुर्ग पेंशनर्स खुद बैंक या कैंप तक नहीं जा सकते, उनके लिए जरूरत के हिसाब से घर पर सुविधा दी जाएगी. इसके अलावा कई जगहों पर विशेष कैंप भी लगाए जाएंगे, जहां हेल्थ चेकअप और आधार अपडेट कराने की सुविधा मिलेगी.अगर आप पेंशन लेते हैं और अभी तक अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा नहीं किया है, तो समय रहते यह काम पूरा कर लें।

पेंशनर्स मोबाइल पर चेहरा दिखाकर घर बैठे बनाएं लाइफ सर्टिफिकेट



वाहन ने बाइक सवार छात्र को रौंदा,मौत

मीरगंज बरेली। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली निवासी तीन युवकों की बाईक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें एक छात्र युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि उसके दो साथी छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अलग अलग अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे का शिकार हुए तीनो युवक शाहबाद रामपुर के एक स्कूल में जीटीआई के छात्र थे। थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली निवासी सूरज पाल पुत्र हरिओम, आशीष पुत्र विमल और आकाश पुत्र रूप चंद शाहबाद रामपुर के एक कालेज में जीटीआई के छात्र थे। तीनो युवक आज सुबह बाईक से कालेज को जा रहे थे बाईक सूरजपाल चला रहा था तीनो ने हेलमेट भी नहीं पहना हुआ था। जाते समय रास्ते में शाहबाद थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने इन तीनों छात्रों की बाईक में जोरदार टक्टर मार दी जिससे तीनो रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूरज पाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसके दो उक्त साथी गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पर पहुंची शाहबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया और तीनो के परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुँचे परिजनों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अलग अलग अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि पुलिस ने शब को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दिवाली मेले के अन्तिम दिन भारी भीड़ उमड़ी, प्रतियोगिताओ की रही धूम

बरेली(आज समाचार सेवा)। रोटरी क्लब ऑफ़ बरेली चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित 63वें त्रिदिवसीय, दिवाली मेले के अंतिम दिन की शुरुआत जोर शोर से बरेली क्लब मेला ग्राउंड पर हुई. इस दिन के मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मेयर डॉ उमेश गौतम, रहे. उन्होंने मेले में स्थापित मंदिर में लक्ष्मी गणेश जी का पूजन कर मेले की सफलता की कामना की. कैंप ऑफिस में क्लब अध्यक्ष राहुल जायसवाल ने माल्यार्पण कर व बुके देकर एवं एवं मेला डायरेक्टर सी ए अमित मनोहर ने बैच लगाकर उनका स्वागत किया. डॉ उमेश गौतम ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ़ बरेली द्वारा आयोजित इस मेले से मनोरंजन के साथ भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा व यह आयोजन समाज में बढ़ती दूरिओं को कम करने में सहायक होगा. त्योहारों पर ऐसे आयोजन जरुरी हैं. महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करते हुए फेस इन द क्राउड चुना गया इस प्रतियोगिता के जजों में रजनी यादव, जया मेहरोत्रा अदिति अग्रवाल, पल्लवी गोयल रहीं. संचालन रोटेरियन मयूर अग्रवाल ने किया. डांस कम्पटीशन के जज एन मेघा कृष्ण, नीलम सक्सेना एवं प्रीत मौर्य रहेसीनियर सिटीजंस के मनोरंजन के लिये गोल्डन कपल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें 60 वर्ष से अधिक के कपल ने भाग लिया. इसमें दम्पतियों ने अपने सुखी जीवन का तजुर्बा जनता को बताया।आज के कार्यक्रम में अध्यक्ष राहुल जायसवाल के अतिरिक्त, सचिव अनुज जायसवाल, चीफ क्लब ट्रेनर डॉ ए के चौहान, डी जी एन सी ए विनय कृष्ण, मीडिया प्रभारी ए एस अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नरेश मलिक, सी एस अंकित अग्रवाल, अनुज जायसवाल, अरविन्द भटनागर, शेखर यादव, गोविन्द सक्सेना, गगन मेहरोत्रा अरविन्द गुप्ता, मनीष गोयल विनय सक्सेना, राजेश टंडन, सचिन अग्रवालदीपक मंगल, तरुण अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में रोटेरियन्स उपस्थित रहे.



न्यूज अपडेट

देशी रायफल व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

बरेली(आज समाचार सेवा)। भमोरा थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को देसी रायफल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अतेन्द्र सिंह (45) पुत्र पुत्तू सिंह निवासी ग्राम हिम्मतपुर, थाना भमोरा के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक, रविवार रात एक नवंबर को संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी। इसके आधार पर उपनिरीक्षक नरेंद्र शर्मा ने पुलिस टीम के साथ त्रिकुनिया रोड स्थित गोदाम से करीब 50 कदम आगे घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। कार्रवाई थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नरेंद्र शर्मा, कांस्टेबल अक्षय कुमार, अमित कुमार और गौरव कुमार शामिल रहे।

राज्य सभा सांसद ने दिव्यांगजनों को बांटी मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

बरेली(आज समाचार सेवा)। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल योजना के अंतर्गत 15 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार ने लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल की चाबियां सौंपी। नई मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल पाते ही सभी 15 दिव्यांगजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे।समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्रुति गंगवार ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 'इस अवसर पर विशिष्ट रूप से श्रीमती संगीता सिंह (उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, बरेली मण्डल), श्री चमन सिंह (जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बरेली) और श्री बलवन्त सिंह (प्रधानाचार्य, राजकीय संकेत विद्यालय, बरेली) संचालन मुनेश बंसल ने किया। समारोह में जनसेवा टीम के अध्यक्ष व समाजसेवी पम्मी खाँ वारसी, निक्की वर्मा समेत कई अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



शिविर लगाकर जनमानस को भ्रष्टाचार व कुशासन के विरुद्ध किया जाएगा जागरूक

बरेली(आज समाचार सेवा)। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के अंतर्गत जनमानस को भ्रष्टाचार एवं कुशासन के विरुद्ध जागरूक करने तथा जीरो टॉलरेंस की नीति से अवगत कराने के उद्देश्य से लोक आयुक्त प्रशासन उत्तर प्रदेश द्वारा गठित प्रचार-प्रसार समिति दिनांक 03 नवम्बर 2026 को बरेली पहुंचेगी। समिति में राजेश कुमार ,संयुक्त सचिव और अश्विनी पाठक , समीक्षा अधिकारी ,लोक आयुक्त प्रशासन ,उत्तर प्रदेश सम्मिलित हैं। समिति के सदस्य प्रात: 10:30 बजे बरेली पहुंचेंगे तदुपरांत जिलाधिकारी कार्यालय में अस्थायी शिविर स्थापित कर प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लोक आयुक्त प्रशासन उत्तर प्रदेश की प्रचार-प्रसार समिति के जनपद भ्रमण के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराते हुए कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए।

कार्तिक मेला श्रीरामगंगा चौबारी का आयोजन 21 से 28 नवम्बर तक

बरेली(आज समाचार सेवा)। उपजिला मजिस्ट्रेट/ मेल मजिस्ट्रेट सदर ने बताया कि गत वर्षों की भांति वर्ष 2026 कार्तिक मेला श्रीरामगंगा चौबारी का आयोजन ग्राम चौबारी स्थित रामगंगा नदी के किनारे किया जाता है, जिसके अनुक्रम में 20 नवम्बर से 28 नवम्बर तक कार्तिक मेला रामगंगा चौबारी-2026 का आयोजन किया जायेगा। मेले का प्रबन्धन ग्राम चौबारी के व्यक्तियों द्वारा प्रबन्ध कमेटी गठित करके किया जाता है। गत वर्षों की भांति प्रबन्ध कमेटी में शामिल होने हेतु इच्छुक व्यक्ति को आमन्त्रित किया जाता है।

गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर किसान एकता संघ का प्रदर्शन

सहदपुर सरौरा में नया गन्ना क्रय केंद्र स्थापित किया जाए - डॉ. रवि नागर

बरेली(आज समाचार सेवा)। किसान एकता संघ के पदाधिकारियों एवं किसानों ने सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसान दामोदर स्वरूप पार्क में एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च कर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। दोपहर लगभग 12:30 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट बरेली को सौंपा।किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं किसान नेता डॉ. रवि नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार की वर्तमान धान खरीद नीति में फार्मर रजिस्ट्री और सैटेलाइट एग्रीकल्चर सर्वे की अनिवार्यता ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हजारों किसानों की पूरी कृषि भूमि की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पाई है तथा तकनीकी खामियों के कारण सैटेलाइट सर्वे का विवरण भी पोर्टल पर सही तरीके से दर्ज नहीं हो रहा है इसी क्रम में नवाबगंज तहसील के सहदपुर सरौरा गांव में नया गन्ना क्रय केंद्र स्थापित करने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर भी किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव यज्ञ प्रकाश गंगवार, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा पंडित राजेश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष गिरीश गोस्वामी, मंडल महासचिव डॉक्टर अंशु भारती, जिला प्रवक्ता सुरेंद्र तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी संजय पाठक, जिला सचिव घनश्याम गुर्जर, श्री राम गौतम,राजेंद्र खलीफा, वीरेश भगतजी, मंडल सचिव खेतल सिंह गुर्जर, जिला सचिव प्रेमपाल गंगवार, लोकपाल, हरदयाल, वेद प्रकाश, शालिग्राम, धनपाल मौर्य,आनंदपाल, वीरेंद्र सिंह, हरिशंकर, मानसिंह, हुलासी राम,देवपाल गंगवार, सोनू गंगवार, बृज बिहारी आदि बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



बिलपुर रेलवे क्रॉसिंग संख्या 344 खुली,त्यौहार पर गुलजार होगा बाजार

फतेहगंज पूर्वी (आज ब्यूरो)। नगर में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार बिलपुर रेलवे क्रॉसिंग संख्या 344-सी का फाटक सोमवार दो नवंबर को शाम छह बजे आवागमन के लिए खोल दिया गया। हालांकि, फिलहाल यहां से केवल दोपहिया और छोटे वाहन ही गुजर सकेंगे। बड़े वाहनों के आवागमन पर अभी रोक रहेगी। क्रॉसिंग खुलने से क्षेत्र के व्यापारियों और राहगीरों ने राहत की सांस ली है।गौरतलब है कि फतेहगंज पूर्वी-दातागंज मार्ग पर स्थित इस रेलवे क्रॉसिंग को 13 अक्टूबर को रेल पटरियों की मरम्मत के चलते बंद किया गया था। रेलवे विभाग की ओर से सात दिनों के लिए फाटक बंद किए जाने की सूचना दी गई थी। इसके बाद से ही इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को वैकल्पिक रास्ते का सहारा लेना पड़ रहा था।

खडी कार मे लगी अचानक आग, जलकर हुई स्वाहा

बहेडी (आज ब्यूरो)। नगर के नरायन नगला रोड पुगने बाईपास पर खडी कार मे अचानक आग लग जाने से वहाँ अफरा तफरी फैल गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड पहुँची, लेकिन तब तक कार स्वाहा हो चुकी थी। नगर के पुगने बाईपास नरायन नगला रोड पर खडी कि-या कार मे अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद कार से लपटे और छुए का गुब्बार उठने लगा। आस पास के लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड और थाना पुलिस की दी, दोनों टीमें मौके पर पहुंची दमकल कर्मियोने बमुश्किल आगपर काबू पाया, लेकिन तब तक आधी कार जलकर स्वाहा हो गई। गनीमत तो यह रही कि घटना मे कोई जनहानि नही हुई। कार मे आग कैसे लगी इसका कारण अभी सामने नही आ पाया है। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने आज को बताया कि पुलिस आग लगने के कारणो की जाँच कर रही हैं। जाँच के बाद ही वजह सामने आयेगी।

चोरी की गई बाईक गन्ना के खेत से बरामद

मीरगंज (आज ब्यूरो)। गांव से चोरी हुई बाईक गांव में ही गन्ने के खेत से बरामद कर पुलिस ने मौके से एक बाईक चोर का गिरफ्तार किया है। जिसको लिखापढ़ी के बाद सक्षम न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।थाना क्षेत्र के गाँव नथपुरा निवासी रामपाल पुत्र मथुरा प्रसाद ने थाना पुलिस को दी तहरीर दी है।

कुंडल लूटकर भागे बदमाश को मुठभेड़ में दबोचा, लगी गोली

बरेली(आज समाचार सेवा)। फरीदपुर में महिला के कान से कुंडल लूटकर फरार हुए बदमाश का सोमवार सुबह पुलिस से सामना हो गया। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो आरोपी ने तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटा गया कुंडल, तमंचा, कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर पालपुर निवासी सुनील 30 अक्टूबर को अपनी पत्नी ईशु के साथ बाइक से फरीदपुर स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। शाम करीब पांच बजे जब वे दशमेश ढाबे के पास पहुंचे, तभी बाइक सवार एक बदमाश ने उनकी पत्नी के कान से कुंडल खींच लिया और तेजी से फरार हो गया। अचानक हुई इस वारदात से दंपती घबरा गए। पीड़ित की शिकायत पर फरीदपुर थाने में अज्ञात बदमाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने लुटेरे की तलाश शुरू कर दी।वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में संदिग्ध बदमाश का चेहरा सामने आने के बाद उसकी पहचान के लिए यक्ष एप की 'चेहरे से खोजें' सुविधा का सहारा लिया गया। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंच गई। उसकी पहचान बकैनिया गांव निवासी देवराज के रूप में हुई।सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि कुंडल लूट की वारदात में शामिल आरोपी उगनपुर गांव के पास बाइक से घूम रहा है और किसी अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही एसओजी-2 और फरीदपुर थाना पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया। पुलिस टीम ने मोहनपुर गांव के पास कच्ची नहर पटरी पर चेकिंग शुरू कर दी।सुबह करीब 7:30 बजे बाइक से आते एक संदिग्ध को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर तमंचे से गोली चला दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गोली लगने से आरोपी घायल होकर गिर पड़ा। पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया।

गुरुदेव की कृपा से होता है भगवान का साक्षात्कार:पंडित बृजेश पाठक

बरेली(आज समाचार सेवा)। रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में आयोजित नवदिवसीय श्री राम कथा के सातवें दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने गुरु महिमा का वर्णन किया! उन्होंने कहा भक्त और भगवान के बीच में गुरु की भूमिका सेतु की तरह है ,जिस प्रकार सेतु के माध्यम से पार जाया जा सकता है इसी प्रकार गुरुदेव की कृपा से ही भगवान का साक्षात्कार किया जा सकता है !हमारे धर्म शास्त्रों में गुरु का महत्व इसीलिए है क्योंकि गुरु की द्वारा ही भगवत प्राप्ति होती है !उन्होंने उदाहरण देकर कहा जिस प्रकार काजल आंखों के सर्वाधिक निकट होता है फिर भी बिना दर्पण के नहीं देखा जा सकता इसी प्रकार परमात्मा हमारे हृदय में विराजमान है लेकिन बिना गुरुदेव की कृपा के उसका अनुभव नहीं किया जा सकता! रामायण में तो यहां तक कहा गया कि यदि कोई व्यक्ति ब्रह्मा और शिव के समान ही क्यों ना हो जाए लेकिन बिना गुरु की कृपा के भवसागर से पार नहीं जा सकता! पर ध्यान रहे गुरुदेव की इतनी महिमा भगवान के ही कारण है क्योंकि वे भगवान से मिलाते हैं, यदि कोई गुरु अपने आप को ही भगवान सिद्ध करने लगे और भक्त और भगवान के बीच में अवरोध बनकर बैठ जाए तो ऐसे गुरु को त्याग देना चाहिए !हमें ध्यान रखना चाहिए भक्त के जीवन में गुरु का स्थान सास ससुर की तरह है लेकिन प्रभु तो पति की तरह है !एक पत्नी के लिए सास ससुर पूज्य हैं लेकिन पति तो सर्वस्व है !आनंद आश्रम के मंत्री अनिल अग्रवाल ने अधिक से अधिक लोगों को कथा श्रवण हेतु आने का अनुरोध किया साथ ही पूज्यनीय रामायणी जी एवं भक्तों का हार्दिक आभार व्यक्त किया कथा प्रतिदिन 8,45 से 9,45 तक होती है।

दर्जनों अतिक्रमण पर चली निगम की जेसीबी

नगर आयुक्त के निर्देश पर डेलापीर कुतुबखाना, राजेन्द्रनगर डीडीपुरम से लेकर सर्किट हाउस चौराहा गांधी उद्यान तक संयुक्त नगर आयुक्त मंयक यादव के नेतृत्व में चला अभियान अतिक्रमणकारियों का सामान जब्त

बरेली(आज समाचार सेवा) नगर निगम द्वारा आज विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण अभियान चलाकर दर्जनों अतिक्रमण पर जेसीबी चलायी गयी। अभियान से अतिक्रमणकारियों ने हड़कम्प मच गया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के निर्देश पर आज सयुक्त नगर आयुक्त वरिष्ठ प्रभार अतिक्रमण मंयक यादव के नेतृत्व में नगर निगम टीम द्वारा शहर में विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिसके तहत डेलापीर चौराहा, राजेन्द्रनगर कुतुबखाना,सर्किट हाउस चौराहा से गांधी उद्यान तक अभियान चलाकर अतिक्रमण कारियों को खदेड़ा गया। वहीं दूसरे ओर स्वयवर बारात घर से लेकर डीडीपुरम को जाने वाले शहीद पंकज अरोरा मार्ग तक सड़क के दोनों साइड अतिक्रमण कर बैठे फड़ व ठेले वालों आदि





अतिक्रमणकारियों को हटाया गया। टीम द्वारा सर्किट हाउस चौराहा तक अतिक्रमण हटाने के बाद गांधी उद्यान तक पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया गया दूसरी ओर कुतुबखाना पर अतिक्रमण के शिकायत मिलने पर नगर आयुक्त के निर्देश टीम मौके पर पहुंचकर अतिक्रमणकारियों को खदेड़ दिया। टीम द्वारा पहले राजेन्द्रनगर में रोड के दोनों साइड अतिक्रमण पर निगम की जेसीबी चलायी गयी। यहां से लगभग तीन दर्जन से अधिक अतिक्रमण मौके से हटाए गए इस दौरान टीम द्वारा जुर्माना भी अतिक्रमण कारियों से वसूला गया। नगर निगम की सख्ती के चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले पस्त हो गये। इधर अभियान के तहत रोड पटरी पर बने लगभग एक दर्जन से अधिक अतिक्रमण हटवाये गये। साथ ही कार्यवाही के दौरान सामान जप्त किया गया। संयुक्त नगर आयुक्त मंयक यादव ने बताया कि नगर निगम का अभियान लगातार जारी रहेगा आमजन की सुविधा के लिए फुटपाथ पर मार्ग पर अतिक्रमण हटवाया जाता रहेगा उन्होने अपील की कि फुटपाथ सार्वजनिक मार्ग आदि पर अतिक्रमण न करें इससे आमजन को असुविधा उत्पन्न होती है नगर निगम अतिक्रमण हटाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस दौरान राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद व निगम टीम दस्ता आदि मौजूद रहा।

25 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

शीशगढ़। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उनकी पुलिस टीम ने 25 हजार रुपये के इनामी और वांछित अभियुक्त धर्मवीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और चोरी की एक स्कूटी भी बरामद की है।थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 4 अप्रैल 2026 को वादी अमनदीप पुत्र कश्मीर सिंह निवासी ग्राम गुलड़िया भवानी, थाना शीशगढ़ ने थाना शीशगढ़ पर अपनी स्कूटी चोरी होने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि अभियुक्त धर्मवीर पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम कलारा , थाना भोजीपुरा, बरेली ने अपने साथी अमरपाल के साथ मिलकर चोरी की स्कूटी मंदिर के पास छुपाई थी। तभी से धर्मवीर फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर उच्चाधिकारियों द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की खास सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त धर्मवीर को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा .315 बोर 2 कारतूस व चोरी की गई स्कूटी बरामद की है।

अशोक वाटिका पहुँचे हनुमान जी,धू धूकर जली सोने की लंका

शीशगढ़।स्कूबे के रामलीला मेले में चल रही रामलीला में सोमवार को हनुमान जी का सीता जी खोज में अशोक वाटिका जाकर सीता जी से भेंट करना और भूख लगने पर माता सीता की आज्ञा से रावण की अशोक वाटिका का विद्यन्स करना तथा लंका दहन की लीला का हनुमान बने कलाकार ने वेहद ही दिलचस्प मंचन किया।लीला में दिखाया गया कि भगवान श्रीराम और सुग्रीव की आज्ञा लेकर वानर सेना की चार टुकड़ी अलग अलग दिशाओं में खोज को निकली। दक्षिण दिशा में जाने वाली टुकड़ी में महावली हनुमान,अंगद,नल नील आदि वानर थे।

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

मीरगंज बरेली। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता को ससुराल पक्ष ने कार और एक सोने की जंजीर की अतिरिक्त मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट और प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया है आरोप है कि विवाहिता को ससुराल वालों ने एक दिन मारपीट के बाद रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर पति सहित सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रहमानपुर में हुआ रावण दहन, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा मैदान

बिशारतगंज (आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के ग्राम रहमानपुर में सोमवार शाम बड़े धूमधाम के साथ रावण के पुतले का दहन किया गया ग्रामीणों ने बताया कि विजयदशमी के पावन पर्व पर हर साल की तरह इस बार भी गाँव के मुख्य मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और चंदा इकट्ठा कर 10 सिर वाले रावण के विशाल पुतले का निर्माण कराया था।सोमवार शाम करीब 6 बजे जैसे ही रावण के पुतले में आग लगाई गई, वैसे ही पूरा मैदान जय श्री राम और बुराई पर अच्छाई की जीत के नारों से गूंज उठा। रावण दहन देखने के लिए रहमानपुर सहित आसपास के गाँवों के सैकड़ों लोग, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।ग्राम प्रधान ने कहा कि दशहरा हमें सिखाता है कि चाहे बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंत में अच्छाई की ही जीत होती है। हमें अपने जीवन से भी अहंकार और बुराई को खत्म करना चाहिए।

सेवानिवृत्त होने पर दी भावपूर्ण विदाई

शीशगढ़(आज ब्यूरो)। नवीन स्वास्थ्य केंद्र शीशगढ़ में सोमबार को वॉर्ड वॉय के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान वॉर्ड वॉय के पद पर तैनात होकर कार्यरत रहे प्रेम कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। आज विदाई के समय प्रेम कुमार काफ़ी भावुक नजर आए। इस अवसर पर सी एच सी प्रभारी डॉ गजेंद्र सिंह,डॉ विवेक आर्य,अमित कुमार,रामौतार मौर्य, रामप्रकाश गुप्ता,डॉ आदेश गंगवार, मो तालिब आदि मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री ने ली प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला तहसील क्षेत्र में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने आंवला स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर सोमवार को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में त्योहारों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसुरक्षा, सुशासन और विकास है। त्योहारों के दौरान बाजारों और सड़कों पर आम जनता को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए पुलिस और प्रशासन पूरी सतर्कता बरतें। मंत्री धर्मपाल सिंह ने निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान जाम की समस्या से निपटने के लिए प्रमुख स्थानों को चिह्नित कर प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू किया जाए।

केसर चीनी मिल को एसडीएम की दो टूक,10 नवम्बर तक नही हुआ किसानों का भुगतान तो होंगी मिल की सम्पत्तियां सील

बहेडी(आज ब्यूरो)। केसर चीनी मिल पर किसानो का 162 करोड रुपये गन्नाभुगतान बकाया है सोमवार को प्रशासन नेभुगतान को लेकर मिल प्रबन्धन को सख्त चेतावनी दी । अधिकारियो ने साफ कहा कि आगामी10 नवम्बर तक किसानो कोभुगतान नही किया गया तो मिल की संपत्तियां सील कर नीलामी की कार्यवाही शुरू की जायेगी।उपजिलाधिकारी गोपाल शर्मा और उपजिलाधिकारी नबाबगंज सचिन यादव पुलिस और राजस्व टीम के साथ मिल के प्रशासनिक भवन पहुचे ।बहाँप्रबन्धन से बातचीत करभुगतान की स्थिति जानी और भवन खाली करने के बाद कुर्की व सीलिंग की कार्यवाही की चेतावनी दी। अधिकारियो ने मिल केसीईओ शरत मिश्रा के केविन मे प्रबन्धन से बातचीत की । इस दौरान प्रबन्धन ने बताया कि मिल की बिक्री को लेकर बातचीत चल रही है। इसके बाद अधिकारियो ने वीडियो कॉल के जरिए मिल के सीएमडी हर्ष आर किलाचन्द से बात की । सीएमडी ने मिल चलाने मे असमर्थता जताई। उन्होने बताया कि एक पार्टी से विक्री को लेकर बात चीत चल रही है। जिस पर 5 नवम्बर तक फैसला होने की उम्मीद है। अगर बात नही बनी तो10 नवम्बर तक दूसरी पार्टी से बातचीत पूरी हो सकती है। इधर अधिकारियो ने किसानो को दीपावली से पहले कुछ राहत देने के लिए प्रबन्धन से18 से 20 करोड रुपये जुटाकर भुगतान करने को कहा है। सीएमडी ने इसके लिए प्रयास करने का भरोसा दिया। हालांकि उन्होने स्पष्ट किया कि किसानो का पूरा बकाया मिल की बिकी के बाद ही चुकाया जा सकेगा। बात चीत के दौरान मिल के प्रशासनिक अधिकारी अंशुमन गर्ग और तहसीलदार के बीच सील करने की कार्यवाही लेकर बहस भी हुई बाद मे प्रबन्धन ने 10 नवम्बर तक मिल की बिक्री के बाद किसानो का भुगतान करने का लिखित आश्वासन देने की बात कही । प्रशासन ने कहा कि तय समय तक भुगतान नही हुआ तो मिल के प्रशासनिक भवन के साथ अधिकारियो और कर्मचारियों के आवास भी सील किए जाएगे । इसके बाद सम्पत्तियो की नीलामी प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

सूचना

मेरा पुत्र सोहन सिंह जो गलत संगति में पड़ गया है। इसका व्यवहार परिवार के प्रति अच्छा न होने के कारण इसको मैं अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सारे सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। जो भी व्यक्ति इससे किसी भी तरह का लेन-देन करेगा व स्वयं जिम्मेदार होगा। इससे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा।
अनिल सिंह पुत्र बल मुकुंद सिंह व रीना देवी पत्नी अनिल सिंह
निवासीगण 7- कॉलोनी, राजेन्द्र नगर, इज्जतनगर बरेली। पी.सी. 8789

कार्यालय मुख्य अभियन्ता,नगर निगम, बरेली

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांक 49 मु.अभि./नि.वि./2026.27 दिनांक 2.11.2026

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं. 3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र.शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यों हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। ई निविदा से सम्बंधित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की बेवसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

प्रथम बार ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं०-01 से 06 तक)

ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय	07.11.2026-(03:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	07.11.2026-(04:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	27.11.2026-(03.00 PM)
ई-निविदा खोली जाने की तिथि /समय	27.11.2026-(04.00 PM)
फाईनेशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु।	After Technical Evulation

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली की वेबसाइट www.nagarnigam bareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

कप्तान का कड़ा रुख : पीड़िता की सुनवाई न करना पड़ा महंगा,थानाध्यक्ष समेत तीन को किया निलम्बित

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। थाना पहुंची पीड़ित महिला की सुनवाई न करना सीबीगंज थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गया। सिर में गंभीर चोट होने के बावजूद महिला की एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। पुलिस कार्यालय से निर्देश मिलने के बाद भी थाना पुलिस ने मामले में कार्रवाई नहीं की। लापरवाही का मामला सामने आते ही एसएसपी अनुराग आर्य ने कड़ा रुख अपनाते हुए सीबीगंज थानाध्यक्ष विनोद सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार और उप निरीक्षक अश्वनी शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। एसएसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। मामला सीबीगंज थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाली एक पीड़ित महिला 27 अक्टूबर को अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। महिला के सिर में गंभीर चोट थी। इसके बावजूद पुलिस ने उसकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं की। आरोप है कि महिला की फरियाद को गंभीरता से लेने के बजाय संबंधित पुलिसकर्मियों ने मामले में लापरवाही बरती। थाने से कार्रवाई नहीं होने पर मामला पुलिस के उच्चाधिकारियों तक पहुंच गया। महिला की शिकायत पुलिस कार्यालय तक पहुंचने के बाद 29 अक्टूबर को सीबीगंज थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके बावजूद पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इससे पुलिसकर्मियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए। मामले की



जानकारी एसएसपी अनुराग आर्य तक पहुंची तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया। एसएसपी अनुराग आर्य ने 28 अक्टूबर को ही पुलिस कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर जनसुनवाई और शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की थी। उन्होंने साफ निर्देश दिए थे कि थाने आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनके निस्तारण में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। इसके अगले ही दिन सीबीगंज पुलिस ने यह कारनामा कर दिया। महिला की शिकायत पर कार्रवाई न होने और उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी के मामले में एसएसपी अनुराग आर्य ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई कर दी। उन्होंने सीबीगंज थानाध्यक्ष विनोद सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार और उपनिरीक्षक अश्वनी शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। तीनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कराई गई है। सीबीगंज थाने के तीन पुलिसकर्मियों पर एक साथ हुई कार्रवाई ने पुलिस महकमे में हलचल पैदा कर दी है।

विश्वविद्यालय की अन्तर महाविद्यालयी वेटलिफ्टिंग पुरूष-महिला प्रतियोगिता आयोजित

बरेली (आज समाचार सेवा)। एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय की अन्तर महाविद्यालयी की वेटलिफ्टिंग पुरुष-महिला प्रतियोगिता का आयोजन बरेली कॉलेज, बरेली द्वारा डोरी लाल स्पोर्टस स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में 05 टीमों व महिला वर्ग में 06 टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता का उदघाटन प्राचार्य प्रो0 ओम प्रकाश राय बरेली कॉलेज, बरेली द्वारा किया गया। प्रथम व द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले सभी खिलाडियो को मेडल प्राचार्य द्वारा दिया गयें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ के रूप में श्री अशोक कुमार टीम मैनेजर दुर्गेश धन द्विवेदी, डॉ0 नरेन्द्र कुमार शर्मा मोहम्द कासिफ नईम, मनीष कुमार उपस्थित रहें। आयोजान सचिव विवेक डागर के अनुसार प्रतियोगिता में **पुरूष वर्ग** 60 किग्रा भार वर्ग में प्रथम स्थान वीर पाल उपाधि कॉलेज, पीलीभीत द्वितीय स्थान गौरव कश्यप आर.पी कॉलेज, मीरगंज, तृतीय स्थान मोहम्मद सादिक आर.पी कॉलेज, मीरगंज 65 किग्रा भार वर्ग प्रथम स्थान करन उपाधि कॉलेज, पीलीभीत 70 किग्रा भार वर्ग प्रथम स्थान अतुल महेश्वरी राजकीय कॉलेज, सहवान बदायूँ 75 किग्रा भार वर्ग प्रथम स्थान विवेक राना उपाधि कॉलेज, पीलीभीत द्वितीय स्थान भगवान देव आर.पी कॉलेज, मीरगंज 85 किग्रा भार वर्ग प्रथम स्थान अरविन्द मौर्या उपाधि कॉलेज, पीलीभीत द्वितीय स्थान सचिन कुमार राजकीय कॉलेज, सहवान बदायूँ 90 किग्रा भार वर्ग प्रथम स्थान अंशू महाराजा अग्रसेन कॉलेज, बरेली 110 किग्रा भार वर्ग प्रथम स्थान निशान्त शर्मा त्रिलोक चन्द्र कालेज, फतेहगंज **महिला वर्ग में** 49 किग्रा



भार वर्ग में प्रथम स्थान वनशिंका यादव राजकीय कॉलेज, बदायूँ 53 किग्रा भार वर्ग में प्रथम स्थान निक्की आर.पी कॉलेज, मीरगंज 57 किग्रा भार वर्ग में प्रथम स्थान कसक उपाधि कॉलेज, पीलीभीत 86 किग्रा भार वर्ग में प्रथम स्थान खुशी गुप्ता साहू राम स्वरूप कॉलेज, बरेली 69 किग्रा भार वर्ग में प्रथम स्थान जोहरा जी.एफ. कालेज, शाहजहाँपुर 67 किग्रा भार वर्ग में प्रथम स्थान पलक पटेल एन.एम.दास कॉलेज, बदायूँ रहे। प्रतियोगिता में निर्णयक मण्डल में श्री हरि शंकार (एन.आइ.एस. कोच) हिमाशू, मोहित रहें। प्रतियोगिता का सफल आयोजन कराने में मोहम्मद रमजान व प्रीति कश्यप, संतोष कुमार का विशेष सहयोग रहा।

रूपयों के लेन-देन को लेकर युवक पर जानलेवा हमला

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र के तिलियापुर गांव में तीन हजार रुपये के लेनदेन को लेकर रंजिश में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा है। आरोप है कि युवक के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया गया। इसके बाद दो अन्य युवकों ने भी उसके साथ मारपीट की। घायल युवक अस्पताल में भर्ती है। थाना सीबीगंज के तिलियापुर गांव निवासी मुन्नो पत्नी बाबू के अनुसार उनके बेटे आरिश के अरमान पुत्र जाकिर पर तीन हजार रुपये बकाया थे। इसी बात को लेकर अरमान उनके बेटे से रंजिश मानता था। आरोप है कि 30 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे आरिश इकरार खां की दुकान से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में अरमान ने पीछे से लोहे की रॉड से उसके सिर पर हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से आरिश बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद चांद और जाफिर ने भी उसके साथ मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर मौके पर भीड़ जुट गई और लोगों ने किसी तरह आरिश को आरोपियों से बचाया।

थाना प्रभारी ने बैंकों का किया निरीक्षण

क्योलडिया (आज ब्यूरों)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी करम सिंह पाल ने क्योलडिया की भारतीय स्टेट बैंक , बैंक ऑफ़ बड़ौदा ,बड़ौदा ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, का निरीक्षण किया बैंक में उन्होंने ग्राहकों को सुरक्षा के बारे में जानकारी दी इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक सिद्धार्थ गोस्वामी उप निरीक्षक सौरभ सिंह सुमित यादव नवीन कुमार समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



मिक्सचर मशीन की चपेट में आने से मजदूर घायल

सीबीगंज (आज ब्यूरों)। मिक्सचर मशीन की टक्कर से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके उसके बाएं हाथ की उंगलियों की हड्डियां टूट गई। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों को उसके हाथ की दो उंगलियों के कुछ हिस्से काटने पड़े। पीड़ित ने वाहन मालिक और चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थाना सीबीगंज क्षेत्र के महेशपुर अटरिया निवासी फुरकान के अनुसार एक अक्टूबर को वह किसी काम से सीबीगंज गया था। थाने के पास एक पान के खोखे के नजदीक सड़क से नीचे कच्चे स्थान पर उसकी मोटरसाइकिल खड़ी थी। वह पैदल अपनी बाइक की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालू हालत में खड़ी मिक्सचर मशीन अचानक तेज रफ्तार में पीछे की ओर आई और उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका बायां हाथ पास की दीवार और वाहन के बीच दब गया जिससे उंगलियों में गंभीर चोटें आईं। परिजन उसे तत्काल मिशन अस्पताल ले गए जहां उसे भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसके बाएं हाथ की उंगलियों की हड्डियां टूटी होने और हालत गंभीर होने पर उसके हाथ की दो उंगलियों के कुछ हिस्से काटने पड़े। पीड़ित का आरोप है कि वाहन मालिक आनंद साहू ने इलाज का पूरा खर्च परिवार के भरण-पोषण और मजदूरी की क्षतिपूर्ति देने का आश्वासन दिया था। लेकिन कुछ दिन बाद ही इलाज बंद करा दिया। वाहन मालिक धोखे से इलाज के पर्चे भी लेकर चला गया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर वाहन मालिक और चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

श्री राम की सर्वग्राहकता आदर्शों के साथ अदभुत भी है: डॉ दीपंकर गुप्त

बरेली (आज समाचार सेवा)। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम सत्य, प्रेम एवं आदर्शों के शाश्वत प्रतीक हैं ।वे जीवन में सदैव संतुलन बनाए रखने की हमें प्रेरणा देते हैं ।सत्य एवं त्याग के साथ जीवन को परोपकार, दया, करुणा आदि उदात्त गुणों से अपने जीवन को सत्यम ,शिवम, सुंदरम बनाते हुए हमें भी शीलवान, शक्तिवान एवं सौंदर्यवान होने को प्रेरित करते हैं ।वे जीवन की उथल-पुथल, उतार चढ़ाव और संघर्षों के बीच स्वयं को सहयोगी बनाकर संपूर्ण संसार के लोगों को सांकेतिक निष्कर्ष के रूप में आगे बढ़ने को प्रेरित करते हैं । वह दीन हीन,जरूरतमंदों और समाज में उपेक्षित लोगों को मिलजुलकर एक साथ सभी को लेकर रहने का संदेश देते हैं। उन्होंने अपने 14 वर्ष के वनवासी जीवन में केवटराज को अपने आत्मीय प्रेम से अपना अत्यंत प्रिय बना लिया। मां शबरी की भक्ति भावना से प्रभावित होकर उन्होंने उनकी कुटिया में पहुंचकर उनके जूठे बेरों को सहर्ष खाया। निषादराज का आतिथ्य स्वीकार किया तथा उन्होंने वानर जाति को भी अपने साथ लिया, मैत्री संबंध स्थापित किये और सुग्रीव की हर संभव सहायता की। श्री राम का चरित्र वास्तव में बहुत ही त्याग से भरपूर है जोकि हमें अपने राष्ट्र धर्म की सेवा के लिए प्रेरित करता है ।वर्तमान संदर्भ में हमें अपनी भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए प्रभु राम के जीवन चरित्र को समझना और समझाना नितांत आवश्यक है। उपर्युक्त विचार डॉ दीपंकर गुप्त ने आज वी के पब्लिक स्कूल, बरेली की बालसभा में व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को श्री राम पटका पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक श्री गजराज सिंह एवं प्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता मिश्रा आदि शिक्षिकाओं को भी डॉ दीपंकर गुप्त ने सम्मानित किया।



साहित्यकार सम्मान समारोह में डॉ महेश मधुकर को किया सम्मानित

बरेली (आज समाचार सेवा)। साहित्यिक संस्था- कादम्बरी जबलपुर द्वारा शहीद स्मारक सभागार जबलपुर, मध्य प्रदेश में आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह में देश के विभिन्न अंचलों से चयनित 129 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बरेली के डॉ महेश मधुकर को उनके खण्ड काव्य 'एकलव्य' के लिए रुपए 5000 की सम्मान राशि, सम्मान पत्र एवं अंग वस्त्र भेंटकर स्व0 प्रेमकिशोर भार्गव स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। संस्था अध्यक्ष



आचार्य भगवंत दुबे, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि,एवं प्रज्ञा पीठाधीश्वर साध्वी विभानंद गिरि जी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का सभागार से ही सजीव प्रसारण देश भर में देखा व सराहा गया। देश में बरेली का नाम रोशन करने वाले डॉ महेश मधुकर की अब तक पाँच मौलिक काव्य कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं जिन्हें साहित्य जगत में खूब सराहा गया है। डॉ मधुकर की इस विशेष उपलब्धि पर कवि गोष्ठी आयोजन समिति के अध्यक्ष रणधीर प्रसाद गौड़ 'धीर' एवं संस्कार भारती, बरेली महानगर ब्रजप्रांत के अध्यक्ष उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने बधाई दी है।

यातायात माह का शुभारम्भ, अपर पुलिस महानिदेशक ने हरी झंडी दिखाकर किया जागरुकता रैली को रवाना

बरेली (आज समाचार सेवा)। पुलिस लाइन, बरेली स्थित रविन्द्रालय में कार्यक्रम आयोजित कर यातायात माह नवम्बर-2026 का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली, पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, पुलिस अधीक्षक यातायात, एडीएम सिटी बरेली, एसडीएम सदर, सिटी मजिस्ट्रेट बरेली, एएसपी सीओ सिटी-3, सीओ एलआईयू, सीओ सिटी-1, सीओ सिटी-2 सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष, विभिन्न एनजीओ संस्थाओं के प्रतिनिधि, बस एवं टैक्सी यूनियनों सहित विभिन्न परिवहन यूनियनों के पदाधिकारी, एनसीसी कैडेट्स तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों के पालन के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का भाव विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं उपस्थित उच्चाधिकारियों द्वारा अपने-अपने वक्तव्य के माध्यम से यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा यातायात संकेतों एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के संबंध में विस्तार से जानकारी देकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही आमजन से स्वयं यातायात नियमों का पालन करने एवं अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई। कार्यक्रम के उपरांत श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली एवं पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा फ्लैग मार्च कर यातायात जागरूकता हेतु आयोजित बाइक रैली को रवाना किया गया। बाइक रैली पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर मिनी बाईपास, थाना इज्जतनगर होते हुए डेलापीर पहुंची तथा वहां से पुनः पुलिस लाइन वापस आई। रैली के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों का पालन करने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इसी क्रम में एनसीसी कैडेट्स एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा भी यातायात जागरूकता के उद्देश्य से पैदल रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन एवं सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया गया। यातायात माह नवम्बर के अंतर्गत जनपद में आमजन, वाहन चालकों, विद्यार्थियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहभागिता से यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में ब्रज प्रांत रहा अव्वल, मेरठ द्वितीय व उत्तराखंड ने तृतीय स्थान प्राप्त कर बढ़ाया गौरव

बरेली (आज समाचार सेवा)। विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कांति कपूर परिसर एवं सरस्वती शिशु मंदिर, नैनीताल मार्ग बरेली में संपन्न हुआ। महोत्सव में विभिन्न प्रांतों से आए प्रतिभागियों ने अपनी सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। महोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रज प्रांत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। मेरठ प्रांत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि उत्तराखंड प्रांत ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने प्रांत का नाम गौरवान्वित किया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम, अनुशासन एवं रचनात्मकता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनुपम कपूर, चेयरमैन सिद्धि विनायक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट एवं अध्यक्ष खत्री प्रांत संगठन मंत्री उत्तराखंड ने अपने विचार व्यक्त किए। महासभा रहे। मुख्य वक्ता के रूप में सुनील तिवारी, कार्यक्रम प्रवेक्षक भी अपने विचार रखें, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी आशुतोष शर्मा श्री विद्या परिषद उत्तर प्रदेश की मंत्री नीरज शर्मा ने देते हुए शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश जिला मीडिया प्रभारी राजेश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की जानकारी अंत्याक्षरी, गीत, कथा कथन, मूर्ति कला, चित्रकला एवं स्वरचित काव्य शर्मा ने बताया महोत्सव के अंतर्गत प्रश्न मंच, गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, पाठ सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया अपनी गहरी रुचि और ज्ञान का परिचय दिया। प्रश्न मंच में प्रतिभागियों ने लोक परंपराओं, साहित्य, कला एवं संगीत के प्रति एवं गीत प्रतियोगिताओं में मधुर स्वरों ने वातावरण को संगीतमय बना अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया तो अंत्याक्षरी के माध्यम से भारतीय जीवन मूल्यों को प्रस्तुत किया। मूर्ति कला एवं दिया। कथा कथन में विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक प्रसंगों चित्रकला में उनकी सृजनात्मक प्रतिभा देखने को मिली, वहीं स्वरचित काव्य पाठ में विद्यार्थियों ने अपनी साहित्यिक अभिव्यक्ति से सभी को प्रभावित किया।मुख्य अतिथि अनुपम कपूर ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति, कला, साहित्य और भारतीय परंपराओं का ज्ञान भी आवश्यक है। मुख्य वक्ता सुनील तिवारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमारी पहचान है। विद्यार्थियों में संस्कार, राष्ट्रभक्ति और अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति गौरव का भाव जागृत करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक हरवीर सिंह चाहर, संभाग निरीक्षक सुनील कुमार सिंह पुंडीर कार्यक्रम संयोजिका मोना शर्मा एवं प्रधानाचार्या अर्चना अध्यक्षा दीप्ति रानी सुषमा दिक्षित सह संयोजक संजीव कुमार पांडे आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन ने यह संदेश दिया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें संस्कारवान, आत्मविश्वासी एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बनाना भी है। अंत में क्षेत्र शिक्षा संयोजक कमल जी ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, आचार्यों, कार्यकर्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रिया सक्सेना ने किया।



मंडल रेलवे चिकित्सालय, इज्जतनगर में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

बरेली (आज समाचार सेवा)। रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली एवं पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय, गोरखपुर के निर्देशानुसार मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर सुश्री वीणा सिन्हा के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यू.एस. नाग एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारीसंदीप सिंह के नेतृत्व में मंडल रेलवे चिकित्सालय, इज्जतनगर में सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों की सुविधा हेतु 'डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत मंडल के विभिन्न कार्यालयों एवं इकाइयों में डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान कुल 42 डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए गए। इनमें मंडल रेलवे चिकित्सालय, इज्जतनगर में 29, डीजल शेड में 09, बरेली सिटी में 02 तथा मंडल कार्यालय, इज्जतनगर में 02 डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए गए। इसके अतिरिक्त, मंडल रेलवे चिकित्सालय में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं परामर्श शिविर में गैस्ट्रो सर्जन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञों द्वारा सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में लाभार्थियों की ईसीजी, रक्तचाप, ब्लड शुगर सहित विभिन्न आवश्यक रक्त जाँचें निःशुल्क की गईं। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 47 सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों ने स्वास्थ्य जाँच एवं चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा का लाभ उठाया। इस संयुक्त पहल के माध्यम से सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों एवं पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के साथ-साथ स्वास्थ्य जाँच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, मुख्य कल्याण निरीक्षक, सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।



स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, पारसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लोडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादकः
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-37 **पूर्ण संख्या**-*13280*

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189

दूरभाष
9412293665

ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com

रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'जोश' का भव्य समापन

बरेली (आज समाचार सेवा)। माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'जोश' 2026 का समापन समारोह उत्साह, उमंग एवं खेल भावना के वातावरण में सम्पन्न हुआ। विद्यालय के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्गों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के माननीय मैनेजर डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल, सम्माननीय डायरेक्टर श्री अर्यमान अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्लेयर ऑफ द सीरीज़ पुरस्कार के अंतर्गत सब-जूनियर वर्ग में खो-खो (बालिका) में आराध्या मिश्रा (गौतम हाउस) तथा खो-खो (बालक) में अनमोल सिंह (गौतम हाउस) ने यह सम्मान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में खो-खो (बालिका) में वेदांगी शंखधार (पाणिनि हाउस), खो-खो (बालक) में अंजुल यादव (गौतम हाउस), थ्रोबॉल (बालिका) में अवनिका मिश्रा (पाणिनि हाउस) तथा थ्रोबॉल (बालक) में प्रशांत मौर्य (गौतम हाउस) को प्लेयर ऑफ द सीरीज़ घोषित किया गया। सीनियर वर्ग में वॉलीबॉल (बालक) में रचित राणा (आर्यभट्ट हाउस), बास्केटबॉल (बालिका) में काश्वी अग्रवाल (गौतम हाउस), बास्केटबॉल (बालक) में मानस कुमार (पतंजलि हाउस), खो-खो (बालिका) में अनिका सिंह (पाणिनि हाउस), खो-खो (बालक) में उत्कर्ष सिंह (पाणिनि हाउस), थ्रोबॉल (बालिका) में अनुष्का चौधरी (गौतम हाउस) तथा थ्रोबॉल (बालक) में अनंत कुमार (पाणिनि हाउस) ने यह उपलब्धि हासिल की। समारोह के मुख्य पुरस्कारों में स्पोर्टिंग एक्सीलेंस अवॉर्ड सीनियर बालिका वर्ग में अनिका सिंह (पाणिनि हाउस) तथा सीनियर बालक वर्ग में मानस कुमार (पतंजलि हाउस) को प्रदान किया गया। स्पोर्ट्स चैंपियन पुरस्कार के अंतर्गत जूनियर बालिका वर्ग में कृतिका सिंह (गौतम हाउस), जूनियर बालक वर्ग में पार्थ गोस्वामी (पतंजलि हाउस), सीनियर बालिका वर्ग में अनुष्का चौधरी (गौतम हाउस) तथा सीनियर बालक वर्ग में अक्षत शंखधार (पाणिनि हाउस) ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के दम पर यह सम्मान प्राप्त किया। सभी खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए *गौतम हाउस ने 'जोश' 2026 की स्पोर्ट्स चैंपियन हाउस ट्रॉफी अपने नाम की। समापन समारोह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास, निरंतर प्रयास, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए प्रतिभागियों के उत्साह, समर्पण एवं खेल भावना की सराहना की।



खेली इण्डिया यूथ गेम्स हॉकी, कबड्डी व खो खो का चयन ट्रायल 3-4 को

बरेली (आज समाचार सेवा)। खेली इण्डिया यूथ गेम्स का आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए

KHELO INDIA

3 व 4 नवम्बर को लखनऊ व अलीगढ़ में चयन ट्रायल आयोजित किया जायेगा। हॉकी बालिका वर्ग 3 नवम्बर बालक वर्ग 4 नवम्बर को पदमश्री मो० शाहिद एस्ट्रोटर्फ हाकी स्टेडियम विजयन्त खण्ड गोमती नगर लखनऊ में व कबड्डी बालिका वर्ग 3 नवम्बर बालक वर्ग 4 नवम्बर , खो खो बालिका वर्ग 3 नवम्बर व बालक वर्ग 4 नवम्बर को स्पोर्टस स्टेडियम अलीगढ़ में आयोजित किया जायेगा। उक्त जानकारी क्रीडाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने दी।

सार्वजनिक सूचना

सोसाइटी के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सोसाइटी की साधारण सभा का आयोजन दिनांक 09-11-2026, समय सुबह 10.00 बजे, स्थान सोसाइटी प्रांगण में किया जाएगा। बैठक में सोसाइटी के महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श एवं आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। अतः सभी सदस्यों से अनुरोध है कि समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

आदेशानुसार
आलोक कुमार (अध्यक्ष/सचिव)

cmn-87090
MDH Phase 3 RWS Saidpur Hawkins Izzatnagar Teh. Sadar Distt. Bareilly.

औने-पौने दामों पर धान बेचने को मजबूर है किसान

मण्डलायुक्त को गुमराह करने का आरोपए जागरूक युवक ने की शिकायत

. **आज समाचार सेवा.**

पूरनपुर ;पीलीभीतद्ध। अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। जिसके परिणाम स्वरुप किसान अपनी खून पसीने से तैयार की गई धान की फसल को औने.पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर है। सभी जानते हैं कि अधिकारियों की सुस्ती से 70.80 प्रतिशत धान मिलों में बिक चुका है। अब जिम्मेदार अपनी नाकामी छुपाने के लिए श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति का बहाना कर मंडलायुक्त को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। इस मामले की एक जागरूक युवा ने मंडल आयुक्त से लिखित शिकायत की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम देवीपुर निवासी रोहिताश कुमार पांडेय ने मंडलायुक्त से की गई शिकायत में कहा कि धान खरीद वर्ष 2026.27 में पारदर्शिता लाने और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए शासन स्तर पर बनाई गई नई धान क्रय नीति अधिकारियों की सुस्ती और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। शिकायत में कहा गया कि पीलीभीत जिले में अधिकारियों की बड़ी चूक के कारण 70 से 80 प्रतिशत धान राइस मिलों और आढ़तियों के हाथों बिक चुका हैए और अब अपनी नाकामी छुपाने के लिए अधिकारी मनगढ़ंत बहाने बना रहे हैं। बताते चलें कि शासन ने धान खरीद को पारदर्शी बनाने के लिए क्रय केंद्रों पर प्रति काँटा चार श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति और ऑनलाइन भुगतान की बेहद सराहनीय व्यवस्था लागू की थी। इसके तहत धान क्रय नीति के निर्देशानुसार समय पर हैंडलिंग और परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति की जानी थी। परंतु जिम्मेवार अधिकारियों ने समय रहते न तो क्रय केंद्रों का अनुमोदन कराया और न ही ठेकेदारों की नियुक्ति से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी कीं। नतीजतनए जिन केंद्रों पर समय पर व्यवस्थाएं नहीं हुईंए वह धान खरीदने में पूरी तरह असफल रहे। मजबूरी में किसानों को अपना धान बिचौलियोंए मिलों और आढ़तों पर औने.पौने दामों में बेचना पड़ा। शिकायती पत्र में कहा गया कि जब मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक में धान खरीद का ग्राफपिछले साल की तुलना में बेहद कम पाया गयाए तो अधिकारियों ने अपनी खाल बचाने के लिए एक नया शिगूफा छोड़ दिया। रोहिताश कुमार पाण्डेय द्वारा मण्डलायुक्त शम्भू कुमार को सौंपे गए शिकायती पत्र में खुलासा किया गया है कि अधिकारी श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति को धान खरीद प्रभावित होने का झूठा कारण बताकर उच्चाधिकारियों को लगातार गुमराह कर रहे हैं। शिकायत में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन.जिन केंद्रों पर हैंडलिंग ठेकेदारों की नियुक्ति समय पर हो चुकी है और श्रमिक ऑनलाइन हाजिर हो रहे हैंए वहाँ किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। ऐसे केंद्रों पर सुचारू रूप से श्रमिकों की उपस्थिति लग रही है और किसानों के धान की तुलाई भी लगातार हो रही है। समस्या सिर्फउन्हीं केंद्रों पर है जहाँ अधिकारियों ने समय रहते लापरवाही बरती। शिकायतकर्ता ने मण्डलायुक्तए जिलाधिकारी पीलीभीत और सम्भागीय खाद्य नियंत्रक ;बरेली मंडलद्ध से पुरजोर मांग की है कि धान क्रय नीति 2026.27 जैसी शानदार और श्रमिक.हितैषी व्यवस्था को पलीता लगाने वाले लापरवाह और गुमराह करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की जल्द से जल्द पहचान की जाए और उनके खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

भाजपा जिला कार्यालय पर लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा को लेकर आयोजित हुई बैठक

पूरनपुर ;पीलीभीतद्ध। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन से हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा बृज क्षेत्र के संघटक अभय गिरी एवं मुख्य वक्ता जिला प्रभारी हर्ष वर्धन आर्य मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की तथा बैठक का संचालन जिला महामंत्री महादेव गाईन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि बरेली में 3 नवंबर 2026 को लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा का आयोजन होने जा रहा है जिसमें भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री जगत प्रसाद नड्डा एवं उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति रहने वाली है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में जनपद के बूथ अध्यक्ष तक के सभी कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। बृज क्षेत्र के संघटक अभय गिरी ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ की हड्डी है। भारत में हमारे 14 करोड़ कार्यकर्ता हैं। लेकिन यह संख्या हमारी ताकत नहीं बल्कि हमारी ताकत हमारी विचारधारा है। कार्यकर्ताओं को वर्गीकृत करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता दो तरह का होता है एक व्यक्तिवादी और दूसरा सिद्धांतवादीए हम सबको सिद्धांतवादीए यथार्थवादी एवं आदर्शवादी कार्यकर्ता बनकर संगठन का कार्य करना है। जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य ने लोकतंत्र बचाओ अराजकता भगाओ अभियान की व्यवस्थाओं में जायजा लिया कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।

इस अवसर पर गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवारए बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंदए पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवानए बीसलपुर विधायक विवेक कुमार वर्माए पूर्व विधायक किशन लाल राजपूतए पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंहए क्षेत्रीय मंत्री सतनाम सिंहए अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अकलीम अहमद मलिकए पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम नरेश वर्माए नगर पालिका परिषद पीलीभीत के चेयरमैन डॉक्टर आस्था अग्रवालए नगर पंचायत मझोला चेयरमैन निशांत प्रताप सिंहए मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्माए ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवारए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंहए पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व निर्विकार सिंह सहित दर्जनों भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत सिरसा

विकास खण्ड पूरनपुर (पीलीभीत

–निविदा–

सर्वसाधारण/पंजीकत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिरसा की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट क्रय, मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार वोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय सिरसा पर दिनांक– 03.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक– 12.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक– 13.11.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय सिरसा पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी।

श्रीमती ओमवती (प्रशासक) श्री विशाल वर्मा (सचिव)

अरबाज हत्याकांड के आरोपी पिता.पुत्र गिरफ्तार

हत्यारोपी शहबाज पहले ही जा चुका है जेल, पुलिस ने अब हत्यारोपी पिता.पुत्र को दबोचा



पूरनपुर ;पीलीभीतद्ध। मजाक में हुई गाली.गलौज के विवाद में साथ मे मजदूरी करने वाले युवक ने अपने पिता और भाई की मदद से अरबाज की दिनदहाड़े हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हत्या में शामिल फरार चल रहे दो आरोपी पिता.पुत्र को पुलिस ने अब गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्यारोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए हैं। पुलिस ने हत्यारोपी पिता.पुत्र को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा ताल्लुके महाराजपुर निवासी अरबाज पुत्र मुन्ने खां गणपति राइस मिल में मजदूरी करता था। 22 अक्टूबर को मिल में काम के दौरान मजाक.मजाक में गाली.गलौज को लेकर अरबाज और शहबाज के बीच विवाद हो गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच.बचाव कर मामला शांत करा दियाए लेकिन लंच के बाद मिल जाते समय विवाद फिर बढ़ गया। आरोप है कि शहबाज ने अपने भाई शेरखान और पिता शकील उर्फगुन्नू खां के साथ मिलकर अरबाज पर धारदार हथियार और डंडों से हमला कर दिया। गर्दन पर वार लगने से अरबाज की मौत हो गई थी। मृतक के पिता मुन्ने खां की तहरीर पर पुलिस ने शहबाजए उसके भाई शेरखान और पिता शकील उर्फ गुन्नू खां के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी शहबाज को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहींए एक नवंबर को पुलिस टीम ने फरार चल रहे शेरखान और शकील उर्फ गुन्नू खां को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दो डंडे बरामद किए गए।

कोतवाली पुलिस के मुताबिकए दोनों आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेयए वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमारए उपनिरीक्षक अनुज कुमार सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

नगदी और बुलेट की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मार पीटकर घर से निकाला

पूरनपुर ;पीलीभीतद्ध। दो लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की अतिरिक्त मांग पूरी कराने में असमर्थ रहने पर विवाहिता का उत्पीड़न किया गया। यही नही दहेजलोभियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामलें में पीड़िता की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुईए तब पीड़िता ने पूरे मामले से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक के आदेश के बाद पूरनपुर पुलिस ने पति सहित आधा दर्जन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव दोदपुर खल्लपुर निवासी नंदरानी का विवाह 15 मई 2022 को नेवाराम के साथ हिंदू रीति.रिवाज से हुआ था। पीड़िता के मुताबिकए शादी में मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार करीब आठ लाख रुपये खर्च कर दान.दहेज दिया था। इसके बावजूद ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि पतिए सासए देवर और मामा ससुर दो लाख रुपये नकद तथा बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उसे लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे।पीड़िता ने आरोप लगाया कि 13 सितंबर 2026 को दोपहर करीब 12 बजे दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर आरोपियों ने एकराय होकर उसके साथ गाली.गलौज और मारपीट की। इसके बाद उसे पहने हुए कपड़ों में ही घर से निकाल दिया। साथ ही दोबारा घर आने पर जान से मारने की धमकी दी और दूसरी शादी करने की बात कही।पीड़िता का कहना है कि उसने पहले पूरनपुर पुलिस से शिकायत कीए लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पति नेवाराम सहित छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़नए मारपीट और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

12वीं का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में हुआ लापता

29 अक्टूबर की आधी रात के बाद से घर नहीं लौटा नवदीप साग

पूरनपुर ;पीलीभीतद्ध। घर से दो बैग में कुछ सामान और किताबें लेकर निकला युवक जब वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद भी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए छात्र का कोई सुराग नहीं लग सका। इस मामले में पुलिस ने परिजनों से मिली तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की है। नगर के मोहल्ला कायस्थान वार्ड नंबर एक निवासी प्रदीप कुमार सागर का पुत्र नवदीप सागर कक्षा 12 का छात्र है। पिता के मुताबिकए 29 अक्टूबर की रात करीब सवा 12 बजे नवदीप घर से दो बैग लेकर कहीं चला गया। काफी समय बीतने के बाद भी वह वापस नहीं लौटा। अचानक बेटे के लापता होने से परिवार के लोग परेशान हैं। परिजनों ने एक नवंबर को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश कराने की मांग की। पुलिस अभिलेख के मुताबिकए गुमशुदगी संख्या 58ध्26 को उपनिरीक्षक मंजीत कुमार की आख्या के आधार पर संबंधित अभियोग में तरमीम किया गया है। पुलिस छात्र की तलाश में जुटी है। घटना से परिवार के लोग काफी परेशान हैं।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने 10 दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का किया शुभारंभ

पूरनपुर पीलीभीत। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने श्रीरामलीला मेला आयोजन के दौरान 10 दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया है। जिसमें डॉ0 दानिश खान सहित कई चिकित्सकों द्वारा श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में व्यापार मंडल के संरक्षकों एवं डॉक्टर्स द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के संरक्षक महेंद्र मिश्रा एवं संरक्षक आलोक गुप्ताए नगर अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने फीता काटकर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। नीतीश अग्रवाल ने जानकारी दी कि इस पुनीत पहल का मुख्य उद्देश्य मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत टाण्डा छत्रपति

विकास खण्ड पूरनपुर (पीलीभीत

–निविदा–

सर्वसाधारण/पंजीकत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टाण्डा छत्रपति की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट क्रय, मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार वोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय टाण्डा छत्रपति पर दिनांक– 03.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक– 06.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक– 07.11.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय टाण्डा छत्रपति पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी।

श्री लालाराम (प्रशासक) श्री विजय राज (सचिव)

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र शुरू, लेकिन क्या जनपद की व्यवस्थाएं भी हैं तैयार. अमित मिश्रा

सफरी के शुभारंभ के बीच बदहाल सड़कोंए स्वास्थ्य सेवाओंए अग्निशमन और सुरक्षा व्यवस्था पर आप जिलाध्यक्ष ने उठाये सवाल

.आज समाचार सेवा.

पूरनपुर ;पीलीभीतद्ध। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नए पर्यटन एवं सफरी सत्र का रविवार को शुभारंभ हो गया। निश्चित रूप से यह जनपद के पर्यटनए स्थानीय रोजगार और आर्थिक गतिविधियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसर है। देश.विदेश से पर्यटकों के आगमन के साथ पीलीभीत की पहचान को नई ऊंचाइयां मिलने की उम्मीद है। लेकिन इस उत्साह के बीच एक महत्वपूर्ण सवाल शासनए प्रशासन और संबंधित विभागों की तैयारियों को लेकर भी खड़ा होता है कि क्या पर्यटन सत्र के शुभारंभ से पहले जनपद की समग्र व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त कर लिया गया है घ् इन सभी सवालों को प्रमुखता से उठाते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा कि क्या पर्यटन की पूरी जिम्मेदारी केवल वन विभाग की है घ् पीलीभीत टाइगर रिजर्व आने वाले पर्यटक केवल सफरी क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहतेए बल्कि उन्हें जनपद के विभिन्न प्रमुख मार्गों और संपर्क सड़कों से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में लोक निर्माण विभागए स्वास्थ्य विभागए दमकल विभागए यातायात पुलिसए जिला पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो जाती है। जनपद के प्रमुख पर्यटन संपर्क मार्गों की स्थिति आज भी कई सवाल खड़े कर रही है।

प्रमुख मार्गों की बदहाली पर जवाबदेही जरूरी

पीलीभीतदृमाधोटांडा मार्गए पीलीभीतदृखटीमा मार्गए



पूरनपुरदृखटीमा मार्ग व इनके अतिरिक्त टाइगर रिजर्व से जुड़े कई अन्य संपर्क मार्ग भी लंबे समय से मरम्मत और रखरखाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विशेष रूप से खटीमादृपूरनपुर मार्ग की स्थिति चिंताजनक है। जंगल क्षेत्र में जगह.जगह सड़क गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। वहीं कई अन्य मार्गों पर सड़क की सफेद पट्टी तक घास और झाड़ियां पहुंच चुकी हैं। ऐसे में पर्यटकों के साथ.साथ स्थानीय नागरिकों के लिए भी सुरक्षित आवागमन एक चुनौती बना हुआ है। श्री मिश्रा कहते हैं कि स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाओं की वास्तविक स्थिति क्या है घ् टाइगर रिजर्व के सफरी क्षेत्र के नजदीक स्थित सीएचसी माधोटांडा प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। जंगल क्षेत्र में सफरी के दौरान दुर्घटनाए वन्यजीवों के हमलेए सर्पदंश अथवा अन्य किसी आपातकालीन परिस्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होना बेहद आवश्यक है। ऐसे में सवाल है कि क्या सीएचसी माधोटांडा में 24 घंटे पर्याप्त डॉक्टरए दवाइयांए आवश्यक जांचए आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं और एम्बुलेंस उपलब्ध हैंघ् क्या किसी गंभीर दुर्घटना या वन्यजीव हमले की स्थिति में तत्काल उपचार एवं रेफरल की पर्याप्त व्यवस्था है घ् उन्होंने कहा कि दमकल विभाग जंगल एवं पर्यटन क्षेत्र के आस.पास आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए पर्याप्त अग्निशमन व्यवस्था करे। लोक निर्माण विभागरू प्रमुख पर्यटन मार्गों और संपर्क सड़कों की मरम्मतए गड्ढों का भराव एवं सड़क किनारे झाड़ियों की सफाई कराये। यातायात विभाग पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही के मद्देनजर यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा का ध्यान रखे। जिला पंचायत एवं स्थानीय निकाय स्वच्छताए प्रकाश व्यवस्था और आवश्यक जनसुविधाएं जुटाए। सुरक्षा विभाग पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा तथा आपातकालीन परिस्थितियों में विभागीय समन्वय बनाकर सहायता करे। आप जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा ने कहा कि मानसून समाप्त होने के 14 दिन पहले पर्यटन सत्र का शुभारंभ हो रहा है। ऐसे में सवाल यह भी है कि जब पर्यटन सत्र की तिथि पहले से निर्धारित थीए तो क्या संबंधित विभागों को अपनी तैयारियां पूरी करने के लिए पर्याप्त समय और निर्देश नहीं दिए गए थे घ् पीलीभीत टाइगर रिजर्व जनपद की पहचानए पर्यटन की संभावनाओं और हजारों स्थानीय लोगों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। पर्यटन को बढ़ावा देना निश्चित रूप से आवश्यक हैए लेकिन इसके साथ पर्यटकों की सुरक्षाए स्थानीय नागरिकों की सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना भी शासन.प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि जिलाधिकारी संबंधित सभी विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक बुलाकर पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रमुख मार्गोंए स्वास्थ्य सेवाओंए अग्निशमनए यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कराएं तथा कमियों को दूर करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य पर्यटन का विरोध नहींए बल्कि पीलीभीत में सुरक्षितए सुव्यवस्थित और सुविधाजनक पर्यटन व्यवस्था सुनिश्चित कराना है। सफरी का सत्र शुरू हो गया हैए अब जनपद की व्यवस्थाओं को भी पटरी पर लाने की जरूरत है।

ग्राम पंचायत पतावोझी

विकास खण्ड पूरनपुर (पीलीभीत

–निविदा–

सर्वसाधारण/पंजीकत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पतावोझी की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट क्रय, मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार वोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पतावोझी पर दिनांक– 03.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक– 06.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक– 07.11.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पतावोझी पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी।

श्री टीकाराम (प्रशासक) श्री विजय राज (सचिव)

ग्राम पंचायत मुझा खुर्द

विकास खण्ड पूरनपुर (पीलीभीत

–निविदा–

सर्वसाधारण/पंजीकत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुझा खुर्द की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट क्रय, मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार वोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय मुझा खुर्द पर दिनांक– 03.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक– 06.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक– 07.11.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय मुझा खुर्द पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी।

श्रीमती इशरत बेगम (प्रशासक) श्री धर्मपाल (सचिव)

ग्राम पंचायत भवानीगंज

विकास खण्ड पूरनपुर (पीलीभीत

–निविदा–

सर्वसाधारण/पंजीकत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भवानीगंज की वित्तीय वर्ष 2026–27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिवोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट क्रय, मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार वोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय भवानीगंज पर दिनांक– 03.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक– 06.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक– 07.11.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय भवानीगंज पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी।

श्री राजेन्द्र सिंह (प्रशासक) श्री धर्मपाल (सचिव)

पुष्प इंस्टीट्यूट में आयोजित हुआ युवा संवाद कार्यक्रम, युवाओं को दी गई मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की जानकारी



पीलीभीत। युवा शक्ति को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने एवं मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज दिनांक 02 नवंबर 2026 को युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, पीलीभीत द्वारा पुष्प इंस्टीट्यूट कॉलेज, पीलीभीत में श्युवा संवादश् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ज्ञदवू ल्वनत टवजम (अपने मताधिकार को जानें) रही। कार्यक्रम में लगभग 200 युवाओं एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में युवा आइकन सुमित जैसवार ने प्रतिभागियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि एसआईआर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूचियों को शुद्ध, अद्यतन, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाना है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और अपात्र व्यक्तियों के नामों की नियमानुसार जांच एवं आवश्यक सुधार करना शामिल है। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का सही होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का समान अधिकार प्राप्त है। एसआईआर के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है कि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे और मतदाता सूची में अनावश्यक दोहराव अथवा अपात्र प्रविष्टियां न रहें। उन्होंने युवाओं को एसआईआर प्रक्रिया में जागरूक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने, अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को मतदाता सूची में नाम की जांच करने तथा आवश्यकतानुसार निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से सुधार कराने के लिए प्रेरित किया। जैसवार ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक वोट लोकतंत्र की दिशा और देश के भविष्य को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं मतदान के प्रति जागरूक बनें और अन्य नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने मेरा युवा भारत (माय भारत) के उद्देश्यों, गतिविधियों एवं युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेरा युवा भारत युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा, नेतृत्व विकास, कौशल विकास एवं सामुदायिक सहभागिता के लिए एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों, युवा सहभागिता की गतिविधियों तथा मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं अवसरों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही युवाओं से माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराकर विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुण मिश्रा, युवा मोर्चा जिला मंत्री एवं प्रियांशु मिश्रा, युवा मोर्चा नगर मंत्री उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पुष्प इंस्टीट्यूट की रजिस्ट्रार रचना भटनागर, प्रोफेसर अलका तोमर एवं प्रोफेसर अवनींद्र गंगवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक जिम्मेदारियों एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों ने लोकतांत्रिक शपथ ली। शपथ के माध्यम से सभी ने लोकतंत्र के मूल्यों का सम्मान करने, निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान करने, चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा अन्य नागरिकों को भी उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना विकसित करना, निर्वाचन प्रक्रिया की समझ बढ़ाना तथा उन्हें जिम्मेदार एवं जागरूक मतदाता के रूप में तैयार करना रहा। लगभग 200 प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इनीशियम ग्लोबल स्कूल में स्पर्धा-2026 के दूसरे दिन खेल प्रतियोगिताओं का रोमांच



पीलीभीत। इनीशियम ग्लोबल स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव स्पर्धा-2026 के दूसरे दिवस भी खेल प्रतियोगिताओं का उत्साह और रोमांच देखने को मिला। इस अवसर पर सभी हाउस के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न इनडोर एवं आउटडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। दूसरे दिन डार्ट्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, थ्रो बॉल, फुटबॉल, लिम्बो, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं, प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विशेष रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में डार्ट्स खेल में कक्षा 1 एवं 2 के वर्ग में कम्पैशन हाउस ने जीत हासिल की, जबकि कक्षा 3 से 5 के वर्ग में इंटीग्रिटी हाउस विजेता रहा। लिम्बो प्रतियोगिता के सभी वर्गों में ह्यूमिलिटी हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। थ्रो बॉल गर्ल्स वर्ग में कम्पैशन हाउस ने ग्रेटीट्यूड हाउस को पराजित किया। कबड्डी बॉयज वर्ग में कम्पैशन हाउस ने इंटीग्रिटी हाउस को मात देकर जीत दर्ज की। वहीं, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप प्रतियोगिता में ग्रेटीट्यूड हाउस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कम्पैशन हाउस को पीछे छोड़ दिया। खेल महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का महत्व समझने का अवसर मिल रहा है।

भारत को जानो प्रतियोगिता में पीलीभीत की बांसुरी और टाइगर शाखा ने हासिल किया प्रथम स्थान



पीलीभीत। भारत विकास परिषद उत्तरी मध्य क्षेत्र-1 के प्रांत रोहिलखंड (पूर्व) की प्रांत स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को स्थानीय पुष्प इंस्टीट्यूट में किया गया। प्रतियोगिता संस्था के वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय अनिल मैनी की स्मृति में आयोजित हुई। इसमें सीनियर और जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन तथा वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। प्रांत अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता ने अतिथियों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रांत महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना ने कहा कि स्वर्गीय अनिल मैनी उत्कृष्ट विचारों के धनी और संस्था के कर्मठ संस्थापक कार्यकर्ता थे। उनकी स्मृति में प्रतियोगिता का आयोजन करना सभी के लिए गर्व की बात है। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग का संचालन रवि चंद्रा तथा सीनियर वर्ग का संचालन लक्ष्मीकांत शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में पीलीभीत की टाइगर शाखा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जेएमबी स्कूल के चार्वी गुप्ता और धैर्य मौर्य ने शाखा का प्रतिनिधित्व किया। बदायूं की गौरीशंकर शाखा के वरुण और वंशिका ने द्वितीय तथा पूरनपुर की गोमती शाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में पीलीभीत की बांसुरी शाखा ने प्रथम स्थान हासिल किया। लिटिल एंजेल स्कूल के उत्तम सिंह माथुर और अथर्व बिज ने शाखा का प्रतिनिधित्व किया। पूरनपुर की गोमती शाखा के मानसी प्रजापति और शाहबाज हुसैन ने द्वितीय तथा पीलीभीत की टाइगर शाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक विजय कुमार सिंह यादव, क्षेत्रीय पर्यवेक्षक अजय बिश्नोई, प्रांत अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता, प्रांत महासचिव डॉ. अनिल सक्सेना, कार्यक्रम संयोजक शशि मैनी, शाखा अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा तथा जिला प्रभारी एसपीएस संधू ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक शशि मैनी, छवि मैनी और बार्बी मैनी अग्रवाल ने आयोजन में सहभागिता की। मैनी परिवार की ओर से प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों को सुंदर गमले में पौधा भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रांत संयोजक संपर्क डॉ. विनय गुप्ता, शाखा सचिव मनोज मित्तल, शाखा संस्कार प्रमुख रविचंद्र, अशोक शर्मा, डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. अनुरिता सक्सेना, हरमेश संधू, उर्मिला शर्मा, कमल सिंह, पूरनपुर शाखा अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सचिव अनिल मिश्रा, बदायूं से वीरेश वार्ष्णेय सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं शाखा सदस्य उपस्थित रहे।

निगोही रामलीला कमेटी में बड़े बैनरों के तीनों सम्मानित पत्रकारों से भेदभाव, मचा बवाल

निगोही (शाहजहाँपुर)। निगोही में रामलीला शुरू होने वाली है, लेकिन उससे पहले ही एक सवाल पूरे कस्बे में गूंज रहा है - जब श्रीराम ने भेदभाव नहीं किया, तो रामलीला कमेटी क्यों करती है भेदभाव? श्रीराम का आदर्श - सबको गले लगाना - श्रीराम ने कभी भेदभाव नहीं किया। उन्होंने सबरी के झूठे बेर खाए, केवट को गले लगाया, निषादराज को भाई बनाया, वानर-भालुओं को अपना परिवार मानकर लंका के राजा रावण को पराजित कर माता- सीता को वापस लाएं। फिर कमेटी ने क्यों किया भेदभाव? - लेकिन निगोही की रामलीला कमेटी ने श्रीराम के इसी आदर्श को भुला दिया। आरोप है कि कमेटी ने बड़े बैनरों में तीनों सम्मानित पत्रकारों के साथ भेदभाव किया। जो पत्रकार रामलीला की हर खबर जनता तक पहुंचाते हैं, उन्हीं को बैनर में जगह नहीं दी गई। बैनर हो या अखबार, तीनों को ही नजरअंदाज कर दिया गय - क्या रामलीला भक्ति का मंच है या सत्ता के नशे का मंच? - चंदा सबका, मेहनत सबकी, फिर बैनर में नाम सिर्फ अपनों के क्यों? - पत्रकारों का अपमान, क्या

थाना बरखेड़ा पुलिस ने चोरी के वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बरखेड़ा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के मामले में वांछित अभियुक्त को देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर 2026 को थाना बरखेड़ा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान शिवम और अर्जुन को बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने अपने साथी रजनीश कुमार पुत्र हरिशंकर निवासी ग्राम जगदीशपुर, थाना बरखेड़ा के साथ मिलकर 28 अक्टूबर की रात ग्राम अधकटा के तिराहे से मोटरसाइकिल चोरी की थी। अभियुक्तों ने मोटरसाइकिल की पहचान छिपाने के लिए आगे और पीछे फर्जी नंबर प्लेट न्ज्ञ 06 छ 3427 लगाने की बात भी स्वीकार की। जांच में बरामद मोटरसाइकिल थाना बरखेड़ा में दर्ज मुकदमा संख्या 406,2026, धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित चोरी की मोटरसाइकिल न्च् 19 ड 6821 पाई गई। इस मामले में शिवम और अर्जुन को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसी मामले में वांछित अभियुक्त रजनीश कुमार को 2 नवंबर 2026 को बरखेड़ा पुलिस टीम ने एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल भुल्लन सिंह और कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल रहे।

थाना बीसलपुर पुलिस ने चोरी के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बीसलपुर पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 22 अक्टूबर 2026 की रात करीब 12 बजे ग्राम रायपुर निवासी हरिराम पुत्र स्वर्गीय प्यारेलाल राठौर के घर में उनके ही गांव का निवासी रिजवान पुत्र शौकीन शाह कथित तौर पर चुपके से घुस आया। आरोप है कि उसने घर में रखा रेडमी टच मोबाइल फोन एवं अन्य सामान चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना बीसलपुर में मु0अ0सं0 489,2026, धारा 305(ए) बीएनएस के तहत रिजवान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में 2 नवंबर 2026 को थाना बीसलपुर पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त रिजवान पुत्र शौकीन शाह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जयपाल सिंह, कांस्टेबल विक्रान्त कुमार एवं कांस्टेबल कपिल कुमार शामिल रहे।

पुलिस की प्रभावी पैरवी से अभियुक्त को एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा

पीलीभीत। पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते माननीय न्यायालय ने थाना बरखेड़ा से संबंधित एक मामले में अभियुक्त को एक वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत श्री सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय से दंडित कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बरखेड़ा पुलिस एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा मामले में प्रभावी पैरवी की गई। पुलिस के अनुसार, 17 जून 2025 को प्राप्त सूचना के आधार पर थाना बरखेड़ा में मु0अ0सं0 351,2025 धारा 103(1), 351(3) एवं 115(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त कन्हई उर्फ ओमप्रकाश पुत्र जवाहरलाल, निवासी ग्राम पचपेड़ा पुखा, थाना बरखेड़ा, जनपद पीलीभीत के विरुद्ध 15 जुलाई 2025 को आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायालय पीलीभीत में हुई। पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और प्रभावी पैरवी के आधार पर माननीय न्यायालय ने 2 नवंबर 2026 को अभियुक्त को धारा 115(2) बीएनएस के तहत दोषसिद्ध करार देते हुए एक वर्ष के कठोर कारावास तथा 10,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। दंडित अभियुक्त- कन्हई उर्फ ओमप्रकाश पुत्र जवाहरलाल, निवासी ग्राम पचपेड़ा पुखा, थाना बरखेड़ा, जनपद पीलीभीत।

दो वर्षों से बंद सामुदायिक शौचालय, ग्राम पंचायत सचिव को नोटिस

पीलीभीत। विकासखंड अमरिया की ग्राम पंचायत करगैना करगैनी में सामुदायिक शौचालय लगभग दो वर्षों से बंद रहने के मामले को जिला पंचायत राज अधिकारी ने गंभीर लापरवाही मानते हुए कड़ा रुख अपनाया है। मामले में ग्राम पंचायत सचिव अमित दूबे को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित सचिव के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने कहा कि शासकीय धनराशि से निर्मित जनसुविधाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। जनहित से जुड़ी सुविधाओं के संचालन में लापरवाही, उदासीनता अथवा कर्तव्यों के निर्वहन में शिथिलता को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। विभागीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी निर्धारित कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

तिलहर पुलिस को बड़ी सफलता, 672 ग्राम चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

तिलहर, शाहजहाँपुर। थाना तिलहर पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 672 ग्राम चरस (सुल्फा) के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस टीम क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा संदिग्ध व्यक्ति / वाहन चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम ने ढकिया रघा पुल के पास से समय 16꞉23 बजे अभियुक्त *राजू वर्मा पुत्र रामेश्वर, निवासी ग्राम बराह मोहब्बतपुर, थाना तिलहर, उम्र 35 वर्ष* को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 672 ग्राम चरस (सुल्फा), एक ह्क्क्ंह कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उक्त मादक पदार्थ वह किसी अज्ञात व्यक्ति से लेकर एक अज्ञात बाबा को देने जा रहा था। इस संबंध में थाना तिलहर पर *मु0अ0सं0 569/26 धारा 8/20 ह्छक्ष्ं ब्ह्ल* के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

कुत्ता सामने आने से बाइक गिरी, पिता-पुत्र घायल

पुवायां, शाहजहांपुर-पुवायां में निगोही रोड पर गायत्री पैलेस के पास बाइक के सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने की कोशिश में बाइक सड़क पैर फिसल कर गिर गई पुवायां में निगोही रोड पर गायत्री पैलेस के पास बाइक के सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने की कोशिश में बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। दोनों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां पहुंचाया गया। डॉक्टर ने श्रीपाल की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया। प्रदीप कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा को लेकर भाजपा की जिला बैठक आयोजित

पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा के संबंध में जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा बृज क्षेत्र के संघटक अभय गिरी तथा मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री महादेव गाईन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने बताया कि 3 नवंबर 2026 को बरेली में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसमें केंद्र सरकार के मंत्री जगत प्रसाद नड्डा एवं उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जनपद के बूथ अध्यक्षों सहित सभी स्तरों के कार्यकर्ता शामिल होंगे। मुख्य अतिथि अभय गिरी ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा के 14 करोड़ कार्यकर्ता हैं, लेकिन संगठन की वास्तविक ताकत संख्या नहीं, बल्कि उसकी विचारधारा है। कार्यकर्ताओं को व्यक्तिवादी और सिद्धांतवादी श्रेणियों में विभाजित करते हुए उन्होंने सभी से सिद्धांतवादी, यथार्थवादी एवं आदर्शवादी बनकर संगठन के लिए कार्य करने का आह्वान किया। जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य ने पदयात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और वह देश की आंतरिक व्यवस्थाओं को प्रभावित करने तथा अराजकता फैलाकर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहा है।

ग्राम पंचायत जेठापुर खुर्द
विकास खण्ड पूरनपुर (पीलीभीत
—निविदा—

सर्वसाधारण/पंजीकत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जेठापुर खुर्द की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट क्रय, मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार वोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय जेठापुर खुर्द पर दिनांक- 06.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक- 15.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक- 16.11.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय जेठापुर खुर्द पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी।

श्री गुरजीत सिंह (प्रशासक) श्री नागेन्द्र कुमार (सचिव)

ग्राम पंचायत राजपुर ता0 महाराजपुर
विकास खण्ड पूरनपुर (पीलीभीत
—निविदा—

सर्वसाधारण/पंजीकत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत राजपुर ता0 महाराजपुरं की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट क्रय, मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार वोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय राजपुर ता0 महाराजपुर पर दिनांक- 05.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक- 13.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक- 14.11.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय राजपुर ता0 महाराजपुर पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी।

श्री मुकेश कुमार (प्रशासक) श्री नागेन्द्र कुमार (सचिव)

ग्राम पंचायत बराही
विकास खण्ड पूरनपुर (पीलीभीत
—निविदा—

सर्वसाधारण/पंजीकत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बराहीं की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट क्रय, मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार वोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय बराही पर दिनांक- 04.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक- 12.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक- 13.11.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय बराही पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी।

श्री अवधेश कुमार (प्रशासक) श्री सौरभ कुमार (सचिव)

ग्राम पंचायत अमरैय्या कलां
विकास खण्ड पूरनपुर (पीलीभीत
—निविदा—

सर्वसाधारण/पंजीकत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमरैय्या कलां की वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्ययोजना के आधार पर ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली 15 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/16 वां वित अयोग (टाइड एवं अनटाइड फण्ड)/पंचम राज्य वित्त आयोग/छठवां वित्त अयोग/RGSA/VB-GRAMG योजनान्तर्गत तथा अन्य मदो से प्राप्त होने वाली धनराशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु जैसे इण्टरलाकिंग कार्य/खरंजा कार्य (नव निर्माण एवं मरम्मत), नाली निर्माण (नव निर्माण एवं मरम्मत), पंचायत भवन का कायाकल्प, विद्यालयों का कायाकल्प, शौचालयों का कायाकल्प, रिर्सोस रिकवरी सेन्टर में मरम्मत कार्य, SLWM योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों का मरम्मत कार्य, ग्राम पंचायत में सफाई कार्य/सफाई किट, आंगनबाडी कायाकल्प, हैडपम्प रिबोर व मरम्मत, पंचायत भवन में फर्नीचर क्रय व पंचायत भवन हेतु अग्निशमक मशीन व किट क्रय व अन्य सामग्री व्यय, हयूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, व सोलर लाईट क्रय, मरम्मत, सी०सी० रोड निर्माण (नव निर्माण एवं मरमम्त) डस्टविन क्रय, ठेली, व ई रिक्शा क्रय, एवं मरम्मत कार्य विभिन्न अन्य सरकारी भवन का कायाकल्प, ग्राम पंचायत में फागिंग एंव सेनेटाइजेशन कार्य, ग्राम पंचायत में होने वाले अन्य कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, खरंजा, इण्टरलाकिग, वजरी, सीमेन्ट, सरिया, मोरगं, लोहा, टाइल, पाइप, टोटी, प्रचार प्रसार वोर्ड, स्टेशनरी, पी० पी० किट, मास्क, सफाई किट, कूडादान, फोगिंग मशीन, फर्नीचर, व वस्तुओं की आपूर्ति के लिये सीलवन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय अमरैय्या कलां पर दिनांक- 04.11.2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक- 12.11.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक- 13.11.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय अमरैय्या कलां पर खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगी।

श्री सत्यपाल शर्मा (प्रशासक) श्री सौरभ कुमार (सचिव)

चुनाव आयोगकी सख्ती

मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में हुई गड़बड़ियोंके आरोपोंसे घिरे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको पदसे हटानेकी मांगको लेकर राजधानी दिल्लीमें विपक्षकी रैली और उसके जवाबमें भारतीय जनता पार्टीके नेतृत्वमें आयोजित रैलीने इस घटनाक्रमको रोचक मोड़पर पहुंचा दिया है। दोनों पक्षोंकी ओरसे परस्पर विरोधी बयानोंको लेकर दिल्लीमें सियासी सरगर्मी चरमपर पहुंच गयी है। वार और पलटवारमें भाषाकी मर्यादाओंको दरकिनार कर दिया गया है, जो स्वस्थ लोकतंत्रके हितमें नहीं है। इस बीच एक अच्छी खबर यह भी आयी है कि मतदाता सूचीमें गड़बड़ी करने वाले दोषी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियोंको कदापि बख्शा नहीं जायगा और ऐसे लोगोंको सेवासे निलम्बित करनेके साथ ही उन्हें सजा भी होगी। चुनाव आयोगने उत्तर प्रदेशके पीलीभीत जिलेमें ऐसा ही एक मामला पकड़ा है और इसमें संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियोंके खिलाफ सख्त काररवाई करनेका रास्ता साफ हो गया है। इन लोगोंके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व कानून (आरपी एक्ट) के साथ अब भारतीय दण्ड संहिता (बीएनएस) की धारा १९८ में भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसमें एक सालकी सजा और जुर्माना दोनों साथ-साथ होंगे। चुनाव आयोगकी ओरसे दोषी पाये गये अधिकारियोंके खिलाफ मुकदमा दर्ज करानेका यह सम्भवत: पहला मामला होगा। तत्कालीन निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) मयंक गोस्वामी और हेमन्त चौधरीको तत्काल प्रभावसे निलम्बित करनेके साथ ही दोनों अधिकारियों और मतदाता पंजीकरण केन्द्रके कम्प्यूटर आपरेटर अनिल कुमारके खिलाफ दर्ज प्राथमिकीमें भारतीय न्याय संहिता, २०२३ की धारा १९८ जोड़नेका भी निर्देश दिया गया है। इससे एक बात और साफ हो गयी है कि मतदाता सूचीमें गड़बड़ियां की गयी हैं और चुनाव आयोगने इसपर कड़ा रुख अपनाते हुए काररवाई भी कर दी है। पीलीभीत मामलेकी जांचमें यह बात सामने आयी है कि कम्प्यूटर आपरेटरने बिना आवेदन और दस्तावेजोंके ही लगभग दस हजार मतदाताके नामोंको जोड़ने और हटानेको लेकर गम्भीर अनियमितताएं की थीं। दोनों ईआरओने इन परिवर्तनोंको बिना जांचके ही स्वीकृति प्रदान कर दी है। चुनाव आयोगने कड़ा कदम उठाया है, वह उचित है। ऐसे लोगोंके खिलाफ कड़ी काररवाई होनी ही चाहिए। इससे एक बड़ा सन्देश जायगा साथ ही गड़बड़ी करने वालोंके लिए यह नसीहत भी है। अब आवश्यकता इस बातकी है कि जहां भी मतदाता सूचीमें गड़बड़ीकी आशंका है, वहां अवश्य जांच की जाय जिससे कि दोषियोंको सजा दी जा सके।

गिग वर्कर्सकी सुरक्षा

केन्द्र सरकारका गिग वर्कर्सके लिए नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्डके गठनका निर्णय स्वागतयोग्य और महत्वपूर्ण कदम है। देशमें बढ़ते गिग वर्कर्सकी मांगको देखते हुए श्रम और रोजगार मंत्रालयने गिग फोर्सको सामाजिक सुरक्षा और कल्याणको मजबूत करनेके लिए इस बोर्डका गठन किया है, जो आजकी महती आवश्यकता है। यह इसलिए भी जरूरी था, क्योंकि गिग वर्कर्सका काम जोखिमपूर्ण और इनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। खास बात यह है कि इसके तहत सरकारने डिजिटल प्लेटफार्म, श्रमिक संघटनों, केन्द्र और राज्य सरकारोंके प्रतिनिधियों तथा विषय विशेषज्ञोंको एक साथ जोड़ा है, जो सरकारकी दूरदर्शिताका परिचायक है। बता दें कि भारतके सबसे बड़े गिग-इकोनामी आजीविका प्लेटफार्मोंमें एक होनेके नाते रैपिडो इस बोर्डमें शामिल होने वाला एकमात्र ऐप-आधारित पैसेंजर मोबिलिटी प्लेटफार्म है। इस पालिसीकी प्रमुख मानस्वी मानको बोर्डका सदस्य नामित किया गया है। केन्द्र सरकारका यह कदम नीति-निर्माणके प्रति सहयोगात्मक और परामर्शपूर्ण दृष्टिकोणको दर्शाता है। यह पहल सरकारके उन प्रयासोंका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य गिग और प्लेटफार्म वर्कर्सके लिए अधिक समावेशी और सुलभ सामाजिक सुरक्षा उपाय विकसित करना है। इस बोर्डका गठन ऐसे समयमें किया गया है जब आजीविकाके अवसर पैदा करनेमें प्लेटफार्म आधारित कामकी व्यापक रूपसे पहचाना जा रहा है। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, ताकि गिग वर्कर्सको सम्मानपूर्वक जीनेका अधिकार प्राप्त हो सके। सरकारका यह कदम अत्यन्त महत्वपूर्ण माना जायगा, क्योंकि इससे रोजगारके अवसर बढ़ेंगे। गिग वर्कर्सकी सुरक्षाकी सुधि लेते हुए केन्द्रकी पहल सराहनीय है।

लोक संवाद

सामाजिक न्याय

महोदय,-हालके दो अदालती फैसलोंके बाद एक बार फिर आरक्षणपर बहस छिड़ गयी है। देशमें आरक्षणपर बहस मुख्य रूपसे सामाजिक न्याय, ऐतिहासिक भेदभाव और योग्यताके इर्द-गिर्द घूमती है। इस विषयपर समाजमें दो मुख्य दृष्टिकोण हैं। पहला आरक्षणके पक्षमें तर्क है, जिसे सामाजिक न्यायका पक्ष कहकर प्रचारित किया जाता है। इसके समर्थकोंका मानना है कि सदियोंसे जाति-व्यवस्थाके कारण दलितोंका सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक शोषण हुआ है। उनका मानना है कि आरक्षणका उद्देश्य सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानोंमें इन वंचित वर्गोंको उचित प्रतिनिधित्व देना है। दूसरा पक्ष मानता है कि आरक्षण केवल आर्थिक आधारपर होना चाहिए। मेरा मत है कि आरक्षणको खत्म किया जाय। **-अमित, वाया ईमेल।**

साइबर सुरक्षा तंत्रकी निगरानी

पिछले दिनों साइबर हमलोंमें वृद्धिने कई देशोंमें आनलाइन सेवाओंको पंगु कर डाला। इन हमलोंको देखते हुए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञोंने इसे 'ब्लैक अक्तूबर' नाम दिया है, जबकि कुछ इसे वल्नरेबिलिटीकी प्रलय कह रहे हैं। साइबर हमला तब होता है जब किसी वेबसाइटको चलाने वाले सॉफ्टवेयरमें सेंध लगानेकी गुंजाइश होती है।

❒ दिनेश शर्मा

साइबर हमलोंमें भारी वृद्धिने बैंक, बीमा कम्पनियां, सरकारी सेवाएं, शिक्षा और यूटिलिटी सेवाएं कई मामलोंमें प्रभावित हुई हैं। जापानकी एक आनलाइन वित्तीय सेवा कम्पनीने अपने विदेशी मुद्रा व्यापार प्लेटफॉर्मपर हुए साइबर हमलेके कारण ग्राहकोंको हुए नुकसानकी भरपाई करनेका फैसला किया है। अमेरिकामें कई सरकारी और निजी वेबसाइटोंको अपने सिस्टममें बचावके उपाय करनेके लिए कुछ समयके लिए आफलाइन करना पड़ा। टेक्सासकी एक यूटिलिटी कम्पनीने डेटा लीक होनेकी सूचना दी, जिससे दस लाखसे अधिक निवासी प्रभावित हुए और उनकी निजी जानकारी उजागर हो गयी। भारतीय स्टेट बैंकके लगभग ४,००० ग्राहकोंका डेटा लीक हो गया, जबकि तेलंगाना सरकारकी औद्योगिक मंजूरीसे जुड़ी एक वेबसाइटको हैक कर लिया गया। इन हमलोंके व्यापक दायरेको देखते हुए, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञोंने इसे 'ब्लैक अक्तूबर' का नाम दिया है, जबकि कुछ इसे 'वल्नपोकैलिप्स' यानी वल्नरेबिलिटीकी प्रलय कह रहे हैं। साइबर हमला तब होता है, जब किसी वेबसाइट को चलाने वाले सॉफ्टवेयरमें सेंध लगानेकी गुंजाइश होती है। रक्षा विशेषज्ञोंका काम ऐसी कमियोंका पता लगाना और उन्हें ठीक करना होता है। हालांकि यह पूरी प्रक्रिया उतनी आसान नहीं है, जितनी सुननेमें लगती है। इसमें कई तरहके सॉफ्टवेयर प्रोग्राम शामिल होते हैं। जैसे कि ऑपरेटिंग सिस्टम, एप्लिकेशन, फर्मवेयर, क्लाउड, डेटाबेस मैनेजमेंट, नेटवर्किंग, एंटरप्राइज प्लानिंग, सप्लाई चेन आदि और इनकी खरीद अलग-अलग आपूर्तिकर्ताओं या वेंडरोंसे हो सकती है। ये कमियां मसलन, मेमोरी सुरक्षासे जुड़ी समस्याएं, इंजेक्शन फ्लां, आथेंटिकेशनमें गड़बड़ी, क्रिप्टोग्राफिक विफलताएं और डिपेंडेंसी कन्फ्यूजन हो सकती हैं। एक हैकर सिस्टमकी किसी भी कमीका फायदा उठा सकता है।एआई इंजन और टूल्सके आनेसे इस 'कमियों और हैकिंग' वाले इकोसिस्टममें बहुत बड़ा बदलाव आया है। अबतक किसी कमीका पता लगाना एक जटिल, समय लेने वाला और मेहनत भरा काम था। केवल उच्च कोटिके विशेषज्ञ हैकर ही ऐसा कर पाते थे और उन्हें भी इसमें बहुत मशक्कत करनी पड़ती थी। लेकिन अब जेनरेटिव एआई टूल्सकी मददसे कमियों को आसानीसे ढूंढ़ा जा सकता है, जिससे हैकिंगका काम स्वचालित हो गया है। यही कारण है कि इस महीने हमलोंकी बाढ़-सी आ गयी है। एआई टूल्स व्यापक रूपसे इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयरमें कमियोंका पता लगानेमें मदद कर सकते हैं, जिनमें वे कमियां भी शामिल हैं, जो पहले किसीकी नजरमें नहीं आयी थीं। ऐसा लगता है कि हमलोंका यह मौजूदा दौर पीएचपी प्रारूप आधारित साइटोंमें मौजूद कमियोंसे जुड़ा है। पीएचपी एक ओपन-सोर्स स्क्रिप्टिंग भाषा है, जिसका इस्तेमाल डायनामिक वेबपेज बनानेके लिए किया जाता है। दुनियाभरकी लाखों वेबसाइटें हमलोंकी चपेटमें आ सकती हैं। हैकर्स महत्वपूर्ण डिजिटल साइटोंमें पीएचपीकी कमजोरियोंका पता लगाने और उनपर हमला करनेके लिए एआई टूल्सका इस्तेमाल कर रहे हैं। जहां एक तरफ हैकर्स 'बग' खोजनेके कामको ऑटोमेट करने और नये तरहके मैलवेयर बनानेके लिए एआई इंजन और एलएलएमका इस्तेमाल कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ एआई कम्पनियां खुद ऐसी कमजोरियोंकी पहचान करनेके लिए टूल्स विकसित कर रही हैं, ताकि किसी हमलेसे पहले ही उसका तोड़ हाथमें हो। ओपन एआई और एंथ्रोपिक नामक कम्पनियोंने साइबर सुरक्षाके मूल्यांकनके लिए एडवांस्ड 'जेनरेटिव एआई एजेंट' विकसित किये हैं। हालांकि एआई एक दोधारी तलवार है। यदि कोई एआई एजेंट किसी कमजोरीका पता लगा ले तो वह सिस्टमको हैक करनेके लिए उसका फायदा भी उठा सकता है। इन दोनों कम्पनियों द्वारा विकसित किये गये प्रयोगात्मक एजेंटोंने ठीक ऐसा ही किया। उन्होंने असल दुनियामें बाहरी सिस्टमोंपर हमले किये। इस सालकी शुरुआतमें एंथ्रोपिकने खुलासा किया कि उसके एक एजेंटने संवेदनशील जानकारी और कारपोरेट डेटा चुरा लिया। इतना ही नहीं, उसे यह पता होनेके बावजूद कि वह किसी लैबमें नहीं, बल्कि लाइव इंटरनेटपर काम कर रहा है, उसने अपना हमला जारी रखा। ओपन एआईके एक एजेंटने तो एक जर्मन वेबसाइटको हैक करके उसे एआई एजेंटोंके लिए एक निजी मैसेज बोर्डमें बदल दिया। भारतको अपने विशाल डिजिटल तंत्र और ऑनलाइन सार्वजनिक सेवाओंको देखते हुए इन घटनाओंपर ध्यान देना चाहिए और जरूरी बचावके कदम उठाने चाहिए। साइबर सुरक्षाकी निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसी, 'इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम' (सीईआरटी-इन) ने हाल की घटनाओं, जिनमें पीएचपीकी कमजोरियां भी शामिल हैं, को लेकर कई चेतावनियां जारी की हैं। इससे भी गम्भीर बात यह है कि एजेंसीने भारतीय डिजिटल संपत्तियोंपर एआई एजेंटों द्वारा किये गये हमलोंकी पुष्टि की है। एजेंसीके अनुसार ये एजेंट खुद अपना काम प्लान करने, कमांड देने, टूल तैनात करने और लंबे समयतक वेबपर सक्रिय रहनेमें सक्षम हैं। जो एआई एजेंट अभी रिसर्च और मूल्यांकनके चरणमें थे, वे गलतीसे रिलीज हो गये और अनधिकृत तरीकेसे भारतीय डिजिटल तंत्रतक पहुंच गये। भारतीय संघटनोंकी लाइव वेबसाइटोंपर हुए इन हमलोंके कारण उनके बिजनेस रिकॉर्ड, व्यक्तिगत डेटा और गोपनीय जानकारी लीक हो गयी। सबसे चिन्ताजनक बात यह है कि संबंधित संघटनोंको इन डेटा लीक्सका पता ही नहीं चला। यह बात तब सामने आयी, जब एआई मॉडल डेवलपर्सने खुद सीईआरटी-इनको इसकी जानकारी दी। इसके अलावा एजेंसीने पाया है कि हैकर्सने ओपन-सोर्स एजेंटिक टूल्सका इस्तेमाल करके भारतीय वेबसाइटोंपर आर्थिक लाभके लिए घुसपैठ की है। भारतमें हालमें हुए हमलोंसे पता चलता है कि एआई टूल्स हमलोंके पैमानेको पूरी तरहसे बदल देंगे। अब किसी सिस्टममें घुसपैठ होने और उसके गम्भीर परिणाम सामने आनेके बीचका समय कुछ दिनोंसे घटकर केवल कुछ घंटे रह गया है। हमलावरोंने कई एआई एजेंटोंका इस्तेमाल किया, जो घंटोंसे लेकर कई दिनोंतक सक्रिय रहे। इससे पता चलता है कि एआई-आधारित हमलोंमें एक साथ कई एजेंटोंका इस्तेमाल किया जा सकता है। जिन संघटनोंपर हमला हुआ, उन्होंने बचावके जो उपाय किये, वे आधे-अधूरे थे। नतीजतन कुछ ही दिनोंके भीतर उनपर और भी ज्यादा तीव्रतासे दोबारा हमला किया गया। इन सभी हमलोंमें एआई एजेंटोंने पुरानी या बंद हो चुकी एपीआई जैसी पारम्परिक कमजोरियोंको निशाना बनाया। भारतीय डिजिटल तंत्रपर हुए ये सभी हमले काफी गम्भीर लग रहे हैं, हालांकि सीईआरटी-इनने उन संघटनों या वेबसाइटोंके नाम नहीं बताये हैं, जिनपर हमला हुआ था। उन एआई कम्पनियोंके नाम भी उजागर नहीं किये गये हैं, जिनके एजेंट अनियंत्रित होकर भारतीय संघटनोंके महत्वपूर्ण डेटातक पहुंच गये। एजेंसीने एआई मॉडल डेवलपर्स, रिसर्च लैब और एआई एजेंटोंका मूल्यांकन करने वाली संस्थाओंके लिए कुछ सामान्य दिशा-निर्देश जारी किये हैं। उनसे कहा गया है कि यदि कोई एजेंट किसी वास्तविक सिस्टमतक पहुंच जाता है तो तुरन्त प्रभावित संघटनोंको सूचित करें। सरकारको जेनरेटिव एआई मॉडल विकसित करने और उनका परीक्षण करने वाली कम्पनियोंके लिए सुरक्षाका एक ढांचा तैयार करना चाहिए। इसी तरहका ढांचा उन संघटनोंके लिए भी जरूरी है, जो अपने कामकाजमें एआई एजेंटोंका इस्तेमाल करते हैं, खासकर वित्तीय क्षेत्रकी कम्पनियोंके लिए।



भारतको अपने विशाल डिजिटल तंत्र और आनलाइन सार्वजनिक सेवाओंको देखते हुए इन घटनाओंपर ध्यान देना चाहिए और जरूरी बचावके कदम उठाने चाहिए। साइबर सुरक्षाकी निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसी, सीईआरटी-इनने हालकी घटनाओं, जिनमें पीएचपीकी कमजोरियां भी शामिल हैं, को लेकर कई चेतावनियां जारी की हैं। इससे भी गम्भीर बात यह है कि एजेंसीने भारतीय डिजिटल संपत्तियोंपर एआई एजेंटों द्वारा किये गये हमलोंकी पुष्टि की है।

अल नीनो के असरसे प्रभावित उपज

अल नीनोके प्रभाव और वर्षामें १२.६ फीसदीकी कमीके बावजूद खाद्यान्न और तिलहनकी बोआईका रकबा पिछले वर्षकी तुलनामें १.२ फीसदी घटा। यही नहीं, बोया गया कुल रकबा सामान्य स्तरसे लगभग दो फीसदी अधिक रहा।

❒ एन. गुप्त

पिछले २६ वर्षोंके आंकड़ोंके आधारपर वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें जब बारिश सामान्यसे लगभग दस फीसदी या उससे अधिक कम रही खरीफकी बोआईके रकबेमें औसतन केवल ०.९ फीसदीकी गिरावट आयी। इस अवधिमें ऐसे आठ वर्ष रहे यानी वित्त वर्ष २००१, २००३, २००५, २०१०, २०१५, २०१६, २०१९ और २०२४। मध्यम या प्रबल अल नीनो वाले वर्षोंमें ऐसे केवल चार वर्ष थे जब खरीफकी बोआईका रकबा औसतन १.९ फीसदी घटा। ये थे वित्त वर्ष २००३ २०१०, २०१६ और २०२४। सामान्य वर्षोंमें यानी जब न तो अल नीनोकी स्थिति थी और न ही वर्षामें उल्लेखनीय कमी, खरीफकी बोआईके रकबेमें औसत वृद्धि एक फीसदीसे भी कम रही। इसलिए २०२६ में बोआईके रकबेमें दर्ज १.२ फीसदीकी गिरावट असामान्य स्थिति नहीं है। रकबेमें मामूली गिरावटके बावजूद वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें खरीफ फसलोंकी प्रति हैक्टेयर पैदावार औसतन ६.५ फीसदी घटी। वहीं अल नीनो वाले वर्षोंमें इसमें सालाना औसतन ८.४ फीसदीतककी गिरावट आयी। इसके विपरीत सामान्य वर्षोंमें खरीफ फसलोंकी पैदावारमें सालाना चारसे छह फीसदीकी वृद्धि हुई। कम पानीकी उपलब्धता और अधिक तापमानके कारण पैदावार घटनेसे कम बारिश वाले वर्षोंमें खरीफ फसलोंका कुल उत्पादन सालाना लगभग सात फीसदी गिरा। अल नीनोकी स्थितिमें यह गिरावट सालाना दस फीसदीतक पहुंच गयी। इसकी तुलनामें सामान्य वर्षोंमें खरीफ फसलोंके कुल उत्पादनमें औसतन ५.७ फीसदीकी वृद्धि हुई। नतीजतन वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें कृषिके वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में सालाना औसतन ०.३ फीसदीकी गिरावट दर्ज की गयी। इसके उलट सामान्य वर्षों में कृषिके वास्तविक जीवीएमें औसतन ४.५ फीसदीकी वृद्धि हुई। दिलचस्प यह है कि अल नीनो या वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें कृषिके वास्तविक जीवीएपर प्रतिकूल प्रभाव पूरी तरह वर्षकी दूसरी छमाहीमें केंद्रित रहा। उदाहरणके लिए वर्षाकी कमी वाले वर्षोंकी पहली छमाहीमें कृषिके वास्तविक जीवीएकी औसत वृद्धि दो फीसदी रही। अल नीनो वाले वर्षोंमें यह वृद्धि एक फीसदी थी। लेकिन प्रभावित अवधिके दौरान कृषिके वास्तविक जीवीएमें सालाना लगभग दो फीसदीकी गिरावट आयी।वित्त वर्ष २०२६-२७ की पहली तिमाहीमें कृषिके वास्तविक जीवीएमें पिछले वर्षकी समान अवधिकी तुलनामें ३.६ फीसदीकी वृद्धि हुई। हालांकि पैदावारपर प्रतिकूल असर पड़नेके साथ हमें दूसरी तिमाहीमें यह वृद्धि घटकर सालाना आधारपर दो फीसदी रहनेकी उम्मीद है। वित्त वर्ष २०२६-२७ की दूसरी छमाहीमें वृद्धि दर और घटकर ०.४ फीसदी रह सकती है हालांकि इसमें गिरावट नहीं आयगी। इसका अर्थ है कि वित्त वर्ष २०२६-२७ में कृषिके वास्तविक जीवीएकी वृद्धि दर १.४ फीसदी रह सकती है जबकि वित्त वर्ष २०२५-२६ में यह तीन फीसदी थी। कृषिके वास्तविक जीवीएके साथ-साथ इसका ग्रामीण आय या मजदूरीमें वृद्धिपर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। श्रम ब्यूरोके उपलब्ध मासिक आंकड़ोंके आधारपर देखें तो वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें ग्रामीण मजदूरीकी वास्तविक वृद्धि दर सालाना औसतन ०.५ फीसदी रही। यह सामान्य वर्षोंमें दर्ज १.८ फीसदीकी सालाना वृद्धिका लगभग एक-चौथाई ही है। अल नीनो वाले वर्षोंमें यह दर ०.९ फीसदी थी। इसका प्रतिकूल प्रभाव गैर-कृषि मजदूरीकी तुलनामें कृषि मजदूरीपर अधिक पड़ा। वर्षाकी कमी वाले वर्षोंमें कृषि मजदूरीकी वृद्धि सामान्य अवधिके औसतका केवल लगभग पांचवां हिस्सा रही, जबकि गैर-कृषि मजदूरीकी वृद्धि सामान्य अवधिके औसतकी लगभग आधी थी।वित्त वर्ष २०२६-२७ के पहले पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में ग्रामीण मजदूरीकी वास्तविक वृद्धि दर पिछले वर्षकी समान अवधिकी तुलनामें औसतन ०.६ फीसदी रही। इसमें कृषि गतिविधियोंमें वृद्धि केवल ०.३ फीसदी और गैर-कृषि गतिविधियोंमें ०.९ फीसदी रही। इसके अलावा प्रभावित वर्षोंमें वास्तविक निजी अंतिम उपभोग व्ययकी वृद्धि भी धीमी रही। ऐसे वर्षोंमें इसकी औसत सालाना वृद्धि दर ५.५ फीसदी थी जबकि सामान्य वर्षोंमें यह छह फीसदी रही। हालांकि हैरानीकी बात यह है कि खाद्य मुद्रास्फीतिपर इसका असर उतना स्पष्ट नहीं है। अल नीनो वाले वर्षोंमें खाद्य महंगी अधिक रही है लेकिन वर्षाकी कमी वाले सभी वर्षोंको मिलाकर देखें तो इसका प्रतिकूल प्रभाव उतना प्रमुख नहीं दिखाई देता। कुल मिलाकर खरीफ फसलोंके बोआई क्षेत्रमें साल-दर-साल १.२ फीसदीकी गिरावट इस बातका भरोसेमंद प्रमाण नहीं है कि अल नीनोका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। अतीतमें भी बोआई क्षेत्रमें इसी तरहकी गिरावटके बावजूद कमजोर मानसून वाले वर्षोंमें पैदावार और इस कारण कुल उत्पादनमें तेज गिरावट देखी गयी है। विभिन्न फसलोंके सिंचित क्षेत्रमें वृद्धि हुई है, लेकिन इसका स्तर अब भी कम है। वर्ष २०२३-२४ में धानकी खेतीका लगभग ७० फीसदी क्षेत्र सिंचित था जबकि एक दशक पहले यह अनुपात ६० फीसदी और २००० के दशकके मध्यमें लगभग ५५ फीसदी था। इसी तरह दलहनोंके लगभग ३५ फीसदी क्षेत्रमें सिंचाईकी सुविधा थी जबकि एक दशक पहले यह अनुपात २० फीसदी था। यह भी कारण है कि अत्यंत प्रबल अल नीनो और वर्षामें भारी कमीके बावजूद हमें वित्त वर्ष २०२६-२७ में कृषिके वास्तविक जीवीएमें गिरावटकी आशंका नहीं है। वित्त वर्ष २०११-१२ के आधार वर्षपर गणनाके अनुसार कुल कृषि जीवीएमें फसलोंकी हिस्सेदारी वित्त वर्ष २०११-१२ और २०१२-१३ के लगभग ६५ फीसदीसे घटकर वित्त वर्ष २०२३-२४ में ५४ फीसदी रह गयी थी। लेकिन वित्त वर्ष २०२२-२३ में बढ़ाकर ६२ फीसदी कर दी गयी और वित्त वर्ष २०२४-२५ तक इसी स्तरपर बनी रही। हमारा मानना है कि अल नीनो और वर्षामें भारी कमीका प्रतिकूल प्रभाव वित्त वर्ष २०२६-२७ की दूसरी छमाहीमें दिखाई देगा। सरकारी खर्चमें वृद्धि धीमी होगी, जो अनुमान इस धारणापर आधारित है कि सरकार जीडीपीके ४.५ फीसदीके राजकोषीय घाटेके लक्ष्यको पूरा करेगी। इससे जीडीपी वृद्धि भी प्रभावित होगी रिजर्व बैंकके लिए दिसंबरके बाद दरें बढ़ाना भी मुश्किल हो जायगा, यानी दरोंमें वृद्धिका यह चक्र काफी सीमित रह जायगा।

आत्मबोध

समयका प्रबन्धन

❒ श्रीराम शर्मा

संसारमें प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनमें हर क्षेत्रमें सफल होना चाहता है। लेकिन सफलता ख्याली पुलाव पकानेवाले या कोरी कल्पनाओंमें रहकर सपने देखनेवालोंको नहीं मिलती। दुनियाके सफलतम व्यक्ति जिन्होंने अपने जीवनमें कामयाबी हासिल की, उन्होंने कुछ सूत्रोंको जीवनमें स्थान दिया। सफलताके शिखरको जिन्होंने छुआ, उसपर प्रतिष्ठित हुए। ऐसे महापुरुषोंके जीवनमें अपनाये गये प्रयोगोंसे हम प्रेरणा लें। सफलताका मूल मनुष्यकी इच्छाशक्तिमें सन्निहित होती है। समुद्रसे मिलनेकी प्रबल आकांक्षा करनेवाली नदीकी भांति वह मनुष्य भी अपनी सफलताके लिए मार्ग निकाल लेता है, जिसकी इच्छाशक्ति दृढ़ और बलवती होती है, उसके मार्गमें कोई भी रुकावट बाधा नहीं डाल सकती। संसारके सभी छोटे-बड़े कार्य किये जा सकनेका माध्यम शक्ति है। लेकिन वास्तविक शक्ति मनुष्यकी इच्छा शक्ति है। इच्छाकी स्फुरणसे कर्म करनेकी प्रेरणा मिलती है। प्रेरणासे व्यक्ति कर्म करनेके लिए प्रवृत्त हो जाता है। जो व्यक्ति अपने शरीरसे हमेशा अपने लक्ष्यके अनुरूप श्रम करनेको तत्पर रहता है, अपनी शक्तियोंका समुचित उपयोग करता है, वह कृतकृत्य हो जाता है। सक्रियता ही जीवन है और निष्क्रियता ही मृत्यु। श्रम करनेसे शरीर स्वस्थ एवं स्फूर्तिवान बनता है। जिससे वांछित सफलताकी ओर बढ़नेकी प्रेरणा मिलती है। कोई व्यक्ति परिश्रमी पुरुषार्थी तो है किन्तु उसमें आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरताकी भावनाका अभाव है तो भी उसका पुरुषार्थ व्यर्थ चला जायगा। अपने आपको दीन-हीन नहीं शक्तिशाली समझें। विश्वास करें कि बीज रूपमें मेरे भीतर सारी शक्तियां विद्यमान है। मैं सब कुछ कर सकता हूं, जो अन्य सफल व्यक्तियोंने किया है। जो व्यक्ति लक्ष्यकी प्राप्तितक बिना रुके निरंतर चलते रहते हैं, सफल हो जाते हैं। जिन्हें अपने ध्येय, लक्ष्यके प्रति लगन है, निष्ठा है, उसके मार्गमें ऐसा कौन-सा अवरोध हो सकता है जो उसे रोक सके। लेकिन आजका सोया हुआ कल बदल गया या चार दिन परिश्रम करनेके बाद पानीके बुलबुलेकी भांति लक्ष्य देनेके बाद कुछ दिन लक्ष्यके प्रति समर्पण दिखानेके बाद आराम करने लग गये तो उन्हें असफलता ही हाथ लगेगी। लक्ष्यके प्रति समर्पित व्यक्तिका सूत्र होता है। कोई छुट्टी नहीं, किसीसे कोई अपेक्षा नहीं, कोई भेदभाव नहीं। नकारात्मक सोच अर्थात निराशा, भय, संदेह, उद्विग्नता, अविश्वासके भाव, घुटन भरी सोच। चिंता और चिता एक ही सिक्केके दो पहलूकी तरह हैं, जो व्यक्तिकी जीवनी शक्ति एवं कार्यक्षमताको घटाते-घटाते समाप्त कर देती है। अतीत या भविष्यको लेकर चिंतित न हों, बल्कि स्वस्थ चिंतन करें।

राष्ट्रीय सम्प्रभुता के सामने उभरती नयी चुनौतियां

❒ प्रो. धर्मेन्द्र कुमार सिंह

संप्रभुताका मतलब किसी राष्ट्रकी स्वतंत्रता, उसके कानूनोंकी सर्वोच्चता और नागरिकोंके हितोंकी रक्षा करनेकी क्षमता है। अबतक इसे भू-भाग, सेना, अर्थव्यवस्था और राजनीतिक सत्तासे जोड़कर देखा जाता रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल नेटवर्क और उपग्रह संचारके आनेसे इस अवधारणाका दायरा बढ़ा है। आज सवाल सिर्फ सीमाओंके नियंत्रणका नहीं है। यह भी उतना ही अहम है कि देशके नागरिकोंका डेटा, संचार व्यवस्था और डिजिटल अवसंरचना किसके हाथमें है। बदलते दौरमें ताजा उदाहरण एलन मस्ककी कम्पनी स्पेसएक्सकी उपग्रह इंटरनेट सेवा स्टारलिंक है। अक्तूबर २०२६ में भारतमें इसकी प्रस्तावित शुरुआतपर विवाद तब खड़ा हुआ, जब मस्कने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली कारोबारी समूह अपना एकाधिकार बचानेके लिए स्टारलिंकके प्रवेशमें बाधा डाल रहे हैं। सरकारसे जवाब आया कि नियामकीय प्रक्रिया बिल्कुल निष्पक्ष है और सभी कम्पनियोंको सुरक्षा शर्तें माननी होंगी। इस तरहसे यह बहस बाजार प्रतिस्पर्धासे आगे बढ़कर राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुतातक पहुंच गयी है।इसके तकनीकी पहलुओंसे इनकार नहीं किया जा सकता। पर्वतीय इलाकों, सीमावर्ती गांवों और आपदा प्रभावित क्षेत्रोंमें, जहां मोबाइल नेटवर्क और फाइबरकी पहुंच सीमित है, उपग्रह इंटरनेट बड़ा सहारा बन सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और सरकारी सेवाओंकी पहुंच बढ़ानेमें भी इसकी भूमिका हो सकती है। ऐसी तकनीकका स्वागत करनेके पर्याप्त कारण हैं। फिर भी सुविधा और राष्ट्रीय नियंत्रणके बीच संतुलन बनाये रखना भी उतना ही जरूरी है। परम्परागत व्यवस्थामें राज्य अपने क्षेत्रकी संचार व्यवस्थाको नियंत्रित करता है, कानून लागू करता है और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उपग्रह इंटरनेट इस ढांचेके सामने नयी चुनौती खड़ी करता है। पारम्परिक दूरसंचार नेटवर्क देशके भीतर लगे टावरों, केबलों और अन्य अवसंरचनापर टिके होते हैं। उपग्रह आधारित नेटवर्क अंतरिक्षमें स्थित उपग्रहों और कई देशोंमें फैली तकनीकी प्रणालियोंसे चल सकते हैं। ऐसेमें यह पक्का करना होगा कि भारतीय उपयोगकर्ताओंका संचार यातायात निर्धारित भारतीय नेटवर्क और गेटवेसे गुजरे और सुरक्षा एजेंसियोंको वैधानिक परिस्थितियोंमें जरूरी जानकारी तथा निगरानीकी सुविधा मिले।यह चिन्ता किसी एक कम्पनीतक सीमित नहीं है। कोई भी विदेशी संचालित नेटवर्क यदि भारतीय क्षेत्रमें व्यापक संचार सेवाएं देता है तो संकट, युद्ध या सुरक्षाकी आपात स्थितिमें उसपर वास्तविक नियंत्रणकी क्षमता होनी चाहिए। किसी खास क्षेत्रमें सेवा रोकने, वैधानिक निगरानी लागू करने और संवेदनशील डेटा सुरक्षित रखनेकी व्यवस्था अनिवार्य है। स्टारलिंकके मामलेमें इन शर्तोंका पालन कैसे सुनिश्चित होगा, यह देखना होगा। मामला एकआईके व्यापक परिदृश्यसे भी जुड़ा है। ये कम्पनियां केवल सेवा प्रदाता नहीं हैं। डेटाके संग्रह, विश्लेषण और उपयोगके जरिये वे आर्थिक और सामाजिक गतिविधियोंको प्रभावित करनेकी क्षमता भी रखती हैं। यदि सरकारें अपनी डिजिटल सेवाओंके लिए विदेशी कम्पनियोंपर निर्भर हो जायं तो उनकी नीतिगत स्वतंत्रता कमजोर पड़ सकती है। सेवा-शर्तोंमें बदलाव, तकनीकी प्रतिबंध या सेवा बाधित होनेका असर सार्वजनिक व्यवस्थापर गम्भीर हो सकता है। इसलिए प्रभावी कानूनी जवाबदेही भी शामिल होना चाहिए। बहसका एक पहलू उपभोक्ता और डेटा अर्थव्यवस्थासे जुड़ा है। दूरसंचार कम्पनियां, इंटरनेट सेवा प्रदाता और बड़ी प्रौद्योगिकी कम्पनियां जब अपनी सेवाओंका विस्तार करती हैं तो उन्हें केवल अधिक ग्राहक नहीं मिलते। उन्हें लोगोंके व्यवहार, रुचियों, सामाजिक संपर्कों और उपभोग की आदतोंसे जुड़े डेटातक पहुंच भी मिलती है। यह डेटा एआई माडलके प्रशिक्षण, एल्गोरिदमको सुधारने और भविष्यकी सेवाओंको अधिक व्यावसायिक बनानेके काम आता है। डेटा अब भविष्यकी डिजिटल अर्थव्यवस्थाकी सबसे कीमती पूंजी बन चुका है। इसमें बुनियादी विरोधाभास भी दिखता है। उपभोक्ता सेवाके लिए भुगतान करता है और साथ ही अपनी गतिविधियोंसे डेटा भी देता है। यानी वह ग्राहक होनेके साथ अनजानेमें उस डेटा अर्थव्यवस्थाका विषय भी बन जाता है, जिससे कम्पनियां अपने उत्पाद तैयार करती हैं। आगे चलकर बेहतर एल्गोरिदमसे उसकी जरूरतों और भुगतान क्षमताका आकलन कर अलग-अलग मूल्य निर्धारण जैसी रणनीतियां तैयार की जाती हैं। इस तरह उपभोक्ता वर्तमानमें कीमत चुकानेके साथ भविष्यमें अपने ही दोहनकी जमीन भी तैयार करता है।राष्ट्रीय स्तरपर प्रश्न और गम्भीर हो जाता है। जब किसी देशकी बड़ी आबादीका डेटा विदेशी कम्पनियोंकेके हाथों लग जाता है तो वह केवल कारोबारतक सीमित नहीं रहता। उससे उस समाजके व्यवहार, राजनीतिक रुझानों और सांस्कृतिक गतिविधियोंको समझनेकी क्षमता भी मिल सकती है। एआई आधारित विश्लेषणसे इस जानकारीका उपयोग जनमतको प्रभावित करने, दुष्प्रचार फैलाने और संवैधानिक प्रक्रियाओंके प्रति भरोसा कम करनेमें हो सकता है। यदि देश विरोधी ताकतें या उससे समर्थित समूह ऐसी क्षमताओंका इस्तेमाल करे तो बिना सैन्य हस्तक्षेपके भी देशकी राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्थाको अस्थिर किया जा सकता है। भारत सहित अन्य देशोंके सामने एक सीधा सवाल है। जब नागरिक सेवाओंके लिए भुगतान भी कर रहे हैं और उनका डेटा कम्पनियोंके लिए अहम संसाधन भी बन रहा है तो क्या उसके संग्रहण, प्रसंस्करण और भंडारणपर संबंधित देशका प्रभावी नियामकीय नियंत्रण नहीं होना चाहिए। क्या डेटाको देशमें सुरक्षित रखने, उसके सीमापार हस्तांतरणको नियंत्रित करने और उसके उपयोगकी स्पष्ट कानूनी जवाबदेही तय करनेकी जरूरत नहीं है। फिर भी डिजिटल संप्रभुताको केवल डेटातक समेट देना उचित नहीं होगा। असली मकसद डेटाके भंडारण, परिवहन, सीमापार हस्तांतरण, पहुंच और दुरुपयोगसे सुरक्षापर प्रभावी नियंत्रण है। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी विदेशी सरकार या उसके प्रभावमें काम करने वाली संस्थाओंको नागरिकोंके संवेदनशील डेटातक अनधिकृत पहुंच न मिले। डेटाका देशमें संग्रहण अच्छी शुरुआत है, परन्तु उसके साथ मजबूत साइबर सुरक्षा, पारदर्शी डेटा-प्रबंधन, स्वतंत्र नियामकीय निगरानी और विदेशी हस्तक्षेपसे बचावके उपाय भी जरूरी हैं।एआई कम्पनियोंके बीच तेज होड़ इस चुनौतीको और पेंचीदा बनाती है। आगे निकलनेकी दौड़में डेटा सुरक्षा, पारदर्शिता और नैतिक जिम्मेदारीके पिछड़नेका खतरा है। सभी कम्पनियोंको एक ही तराजूपर तौलना भी उचित नहीं होगा, लेकिन केवल उनके आश्वासनोंके भरोसे रहना भी ठीक नहीं। स्वतंत्र सुरक्षा, स्पष्ट नियामकीय शर्तें और उल्लंघनपर जवाबदेही जरूर तय होनी चाहिए। स्टारलिंक विवाद हमें याद दिलाता है कि इक्कीसवीं सदीमें संप्रभुता केवल सीमाओंकी रक्षातक सीमित नहीं, बल्कि वह डेटा, संचार नेटवर्क, तकनीकी संसाधनों और निर्णय लेनेकी स्वतंत्रतासे भी जुड़ा है। किसी देशकी असली ताकत इससे तय होगी कि वह नयी तकनीकका लाभ उठाते हुए नागरिक अधिकारों और राष्ट्रीय हितोंकी कितनी प्रभावी तरीकेसे सुरक्षा कर पाता है।

सहारनपुर में आकाश आनंद का सियासी शक्ति प्रदर्शन, भाजपा और सपा पर साधा निशाना

सोराणा की जनसभा में 2027 विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका

मनोज मिड्ढा

सहारनपुर। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने सोमवार को नकुड़ विधानसभा क्षेत्र के सोराणा गांव में आयोजित विशाल जनसभा के जरिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी का राजनीतिक जनाधार मजबूत करने की कोशिश की। जनसभा में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखे राजनीतिक हमले बोले। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए नकुड़ और सहारनपुर देहात विधानसभा सीटों के लिए बसपा प्रत्याशियों के नामों की घोषणा भी की।

आकाश आनंद ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए सपा को भाजपा की बी टीम करार दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की राजनीतिक दिशा स्पष्ट नहीं है। पीडीए की राजनीति को लेकर भी उन्होंने सपा पर सवाल उठाए। आकाश आनंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद में अखिलेश यादव को मित्र बताए जाने का जिक्र करते हुए दोनों दलों के बीच राजनीतिक संबंधों पर टिप्पणी की।

उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने संविधान तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर दलित समाज का समर्थन हासिल किया, लेकिन अब इन दलों को बताना चाहिए कि उन्होंने दलित समाज के हित में क्या काम किया है। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी को लेकर अखिलेश यादव की पूर्व में की गई टिप्पणी का भी जिक्र किया और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस मुद्दे के जरिए उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट समाज के बीच भी अपनी बात रखी।

भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए आकाश आनंद ने डबल इंजन सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यह सरकार बहुत तेल पीती है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने अपनी छवि चमकाने और विज्ञापनों पर हजारों करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि युवाओं के रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दे अब भी गंभीर बने हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में 25 हजार से अधिक सरकारी प्राथमिक विद्यालय बंद किए गए हैं और डेढ़ लाख से अधिक शिक्षकों की भर्ती का मामला लंबित है। आकाश आनंद ने पेपर लीक, बेरोजगारी और सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को लेकर भी प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के बजाय मुफ्त राशन और अन्य योजनाओं के जरिए उन्हें निर्भर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 10 हजार रुपये के मुफ्त राशन से बेहतर 30 हजार रुपये की स्थायी नौकरी है।



नकुड़ से नरेश सैनी, सहारनपुर देहात से फिरोज आफताब के नाम घोषणा

युवाओं को सम्मानजनक रोजगार देकर ही प्रदेश का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने भाजपा सरकार और पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी सरकार दोनों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि बुलडोजर और एनकाउंटर की कार्रवाई के दावों के बावजूद प्रदेश में अपराध की घटनाएं चिंता का विषय हैं। इसके विपरीत उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती के मुख्यमंत्री कार्यकाल की कानून व्यवस्था और सामाजिक भाईचारे की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मायावती ने बसपा संस्थापक कांशीराम के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का काम किया है।

युवाओं के भविष्य को लेकर आकाश आनंद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और नई तकनीक की शिक्षा को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के बिना युवा प्रतिस्पर्धा में पिछड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार बनने पर सभी नागरिकों की सुरक्षा, विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी। जनसभा के दौरान आकाश आनंद ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए दो प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। उन्होंने नकुड़ विधानसभा सीट से नरेश सैनी और सहारनपुर देहात विधानसभा सीट से फिरोज आफताब को बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया। इस घोषणा के साथ ही सहारनपुर जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर बसपा की चुनावी तैयारियों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने के संकेत मिले। जनसभा में बसपा जिलाध्यक्ष रजनीश बंधु, मंडल को-ऑर्डिनेटर नरेश गौतम, पूर्व एमएलसी मेघराज जरावरे, वरिष्ठ पदाधिकारी जनेश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। घोषित प्रत्याशी नरेश सैनी और फिरोज आफताब भी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली, रणधीर सिंह बेनीवाल, नरेश कुमार सैनी, मेघराज सिंह जरूआरे, जनेश्वर प्रसाद, जगपाल सिंह, प्रताप सिंह, मास्टर ऋषिपाल, नरेंद्र कुमार, रामकुमार शिदि, राजकुमार जवालिया, डॉ. दारा सिंह, सरफराज राईन, आसिफ अली, अनिल कुमार, पप्पू, रोहित सिंह राणा, फिरोज आफताब, मेहरबान प्रमुख, कुलदीप सिंह बालियान, स्वराज सिंह, पार्षद राजकुमार जायसवाल, दयाराम लंबा, अनिल दरिया और विजेंद्र कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

पांच नवंबर को कम्पनी बाग में होगी मंडल स्तरीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी

सहारनपुर। किसानों को औद्यानिक एवं कृषि फसलों की बेहतर उत्पादन तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से पांच नवंबर को कम्पनी बाग में सहारनपुर एवं मेरठ मंडल की मंडल स्तरीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी आयोजित की जाएगी। गोष्ठी सुबह नौ बजे शुरू होगी। इसका उद्घाटन प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात द्वारा किया जाएगा।

जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह ने बताया कि गोष्ठी में सहारनपुर एवं मेरठ मंडल के कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और शहद उत्पादक वक्ता के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान औद्यानिक एवं कृषि फसलों का बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के लिए आधुनिक तकनीकों, उन्नत खेती के तरीकों और उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि गोष्ठी में विभिन्न जनपदों के उत्कृष्ट कृषि एवं औद्यानिक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके माध्यम से किसानों को विभिन्न फसलों और उत्पादों की गुणवत्ता, उत्पादन तकनीक तथा कृषि क्षेत्र में अपनाई जा रही नई विधियों की जानकारी मिल सकेगी। जिला उद्यान अधिकारी ने सहारनपुर एवं मेरठ मंडल के किसानों से अपील की है कि वे पांच नवंबर को सुबह नौ बजे कम्पनी बाग पहुंचकर गोष्ठी में प्रतिभाग करें और विशेषज्ञों से कृषि एवं बागवानी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करें।

इंद्रप्रस्थ कॉलेज में अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन

नागल। इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी कालेज कोटा में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग व बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रवीण कादयान, महाराज सिंह कॉलेज , विशिष्ट अतिथि अशोक सक्सेना ,अध्यक्ष वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन, निदेशक डॉ अंजू वालिया व गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर वेट लिफ्टिंग कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस प्रतियोगिता में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली के विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें वेट लिफ्टिंग में पुरुष वर्ग में 55,61, 67, 73, 81, 89, 96 व 120 किलो भार वर्ग तथा महिला वर्ग में 49, 55, 59, 64, 71, 76,81 व 87 किलोग्राम वर्ग में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बेस्ट फिजिक में कुल 9 लड़के व 8 लड़कियों ने प्रतिभाग किया। बॉडी बिल्डिंग में पुरुष वर्ग में 60, 65,70, 75, 80,85, 90 किलोग्राम वर्ग में कुल 9 पुरुष प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बॉडी बिल्डिंग में चैंपियन ट्रॉफी निखिल तोमर ने प्राप्त की। वेटलिफ्टिंग महिला वर्ग में कुल 9 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें गोल्ड मेडल अदिति, सिल्वर मेडल वंशिका, बरोन्ज मेडल वंशिका इंद्रप्रस्थ कॉलेज, सहारनपुर ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि प्रवीण कादयान ने अपने संबोधन में कहा कि कि जैसे खेल में अनुशासन को अपनाकर ही जीवन में आगे बढ़ा जाता है, इसी तरह सभी छात्रों को अपने जीवन में अनुशासन का पालन करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने बताया कि मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का संस्था में आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं उन्होंने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन संस्था के फिजिकल एजुकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, सोनम राजपूत ने कराया।



तीन महीने भी पूरा नहीं कर पाए थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह, बड़गांव हुआ तबादला

छुटमलपुर (सहारनपुर)। थाना फतेहपुर के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह का कार्यकाल तीन महीने भी पूरा नहीं हो पाया। उनका स्थानांतरण बड़गांव थाने में कर दिया गया है, जबकि नवागत थानाध्यक्ष नरेंद्र भड़ाना ने फतेहपुर थाने का कार्यभार संभाल लिया है। प्रमोद कुमार सिंह के अचानक हुए स्थानांतरण को क्षेत्र में लंबे समय से चल रही अवैध खनन की शिकायतों से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया जाता है कि फतेहपुर थाना क्षेत्र में डंपरों और ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से मिट्टी के खनन एवं परिवहन की शिकायतें लगातार उच्चाधिकारियों तक पहुंच रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर राजस्व विभाग की टीम और पुलिस अधिकारियों द्वारा गोपनीय स्तर पर जांच किए जाने की भी चर्चा रही।



गौरतलब है कि शाकंभरी देवी मेले के मद्देनजर जिलाधिकारी सहारनपुर ने 10 से 26 अक्टूबर तक प्रमुख मार्गों पर खनन वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया था। इसका उद्देश्य मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को संभावित सड़क दुर्घटनाओं से बचाना था। इसके बावजूद फतेहपुर क्षेत्र में डंपरों और ट्रैक्टर-ट्रालियों से मिट्टी के खनन एवं परिवहन की शिकायतें सामने आती रहीं। इस संबंध में कई वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए और मामला समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हुआ।

वहीं, तहसीलदार बेहट ने अवैध मिट्टी खनन की जांच के लिए टीम गठित की थी। टीम ने संबंधित खनन स्थलों का निरीक्षण भी किया था। इसके बाद थाना प्रभारी का स्थानांतरण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। खनन के मामले में कुछ पुलिसकर्मियों और एक चालक की कथित संलिप्तता को लेकर भी चर्चाएं हैं, हालांकि इन आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मिजार्पुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

बेहट,थाना मिजार्पुर पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है,पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी हुई एक बाइक भी बरामद की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने एक और सराहनीय कार्य करते हुए मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण किया है।बताया गया है कि आबाद पुत्र जिंदा निवासी मोहम्मदपुर झाझर उर्फ डाडल, थाना मिजार्पुर ने थाना मिजार्पुर में लिखित तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर उसकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल वद्द 11 उव 4581 चोरी कर ले गया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना मिजार्पुर पुलिस ने ग्राम प्याजगढ़ की पुलिया के पास से घेराबंदी कर वांछित अभियुक्त अहकाम पुत्र इरफान निवासी ग्राम खुशहालपुर, थाना मिजार्पुर को धर दबोचा।उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई 01 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर ली।



वृद्धाश्रम की खामोशी में गूँजता एक सवाल, आखिर कहाँ खो गए बच्चों के संस्कार?

गंगोह- इनर व्हील क्लब ने सहारनपुर स्थित मानव मंदिर वृद्धाश्रम का भ्रमण कर वहाँ रह रही 16 बुजुर्ग महिलाओं से मुलाकात की। सभी बुजुर्ग महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। क्लब की रीना गर्ग ने माताजी स्वर्गीय कैलाशो देवी की पुण्य स्मृति में सहारनपुर स्थित मानव मंदिर वृद्धाश्रम का भ्रमण कर वहां रह रही 16 बुजुर्ग महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष निर्मल जैन ने उन्हें फल वितरित किए। क्लब सदस्यों ने बुजुर्ग महिलाओं के साथ आत्मीय समय बिताया, उनकी जीवन यात्रा की कहानियाँ सुनीं, मन की पीड़ा को समझा तथा उनके द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों का आनंद लिया। क्लब अध्यक्ष ने कहा कि जिन माता-पिता ने हमें दुनिया दिखाई, उन्हें जीवन के अंतिम पड़ाव में अपनों के साथ और स्नेह की आवश्यकता होती है। यदि माता-पिता भी अपने बच्चों को जन्म के समय अनाथालय में छोड़ देते, तो क्या उनका बचपन वैसा होता जैसा आज वे अपने माता-पिता का बुढ़ापा बना रहे हैं? इस अवसर पर निशा गुप्ता, नमिता सिंघल, अनुराधा सहित क्लब की सदस्याएँ उपस्थित रहीं।



रेलवे के विशेष टिकट जांच अभियान में सहारनपुर मंडल में अव्वल, 272 मामले पकड़कर जुटाए 2.18 लाख रुपये

आज समाचार सेवा

- अम्बाला मंडल के फोर्ट्रेस चेक अभियान में पकड़े गए 627 मामले, सहारनपुर की टीम ने कुल राजस्व में 42 प्रतिशत से अधिक का दिया योगदान

सहारनपुर। बिना टिकट और अनियमित टिकट पर रेल यात्रा करने वालों के खिलाफ रेलवे ने विशेष अभियान चलाकर शिकंजा कसा है। अम्बाला मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर चलाए गए विशेष टिकट जांच अभियान (फोर्ट्रेस चेक) में सहारनपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंडल में पहला स्थान हासिल किया। टीम ने 272 मामले पकड़कर 2,18,360 रुपये का रेल राजस्व अर्जित किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, अम्बाला के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का संचालन मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक की निगरानी में किया गया। अभियान के तहत प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर टिकट जांच कर्मचारियों की विशेष टीमें तैनात की गईं। इन टीमों ने बिना टिकट और अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की।



रेलवे से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पूरे अम्बाला मंडल में अभियान के दौरान कुल 627 मामले पकड़े गए, जिनसे 5,18,355 रुपये का राजस्व अर्जित हुआ। इनमें बिना टिकट यात्रा के 321, अनियमित टिकट के 302 और अन्य श्रेणी के चार मामले शामिल हैं।

स्टेशनवार प्रदर्शन में सहारनपुर की टीम 272 मामलों और 2,18,360 रुपये के राजस्व के साथ पहले स्थान पर रही। अम्बाला छावनी की टीम ने 171 मामलों में 1,50,620 रुपये, बठिंडा की टीम ने 97 मामलों में 75,125 रुपये, सिरसा की टीम ने 58 मामलों में 56,200 रुपये और पटियाला की टीम ने 29 मामलों में 18,050 रुपये का राजस्व अर्जित किया।

इस तरह सहारनपुर की टीम ने मंडल में पकड़े गए कुल मामलों में लगभग 43 प्रतिशत और कुल अर्जित राजस्व में 42 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान हमेशा उचित एवं वैध टिकट लेकर ही सफर करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार जुमार्ना और अन्य कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, टिकट रहित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के विशेष जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

एसडीएम ने बेहट नगर पंचायत के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

आज समाचार सेवा

बेहट। उप जिलाधिकारी सुबोध कुमार ने सोमवार को नगर पंचायत बेहट में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने के साथ ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, गौ-आश्रय स्थल का संचालन शुरू कराने और नगर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी सरिता चौधरी के साथ नगर पंचायत क्षेत्र में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता जांचते हुए निर्धारित मानकों, निविदा की शर्तों और स्वीकृत आगणन के अनुरूप निर्माण कार्य कराए जाने की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने गौ-आश्रय स्थल का संचालन शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से सफाई व्यवस्था संबंधी समस्याओं की जानकारी भी ली और उनके त्वरित निस्तारण को कहा। नगर क्षेत्र में नालों की सफाई की स्थिति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने आगामी त्योहारों के मद्देनजर विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों और सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।



एसडीएम ने नगर क्षेत्र का भ्रमण कर अवैध अतिक्रमण वाले स्थानों को चिह्नित करने और नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने को भी कहा। इसके अलावा नगर की आधारभूत सुविधाओं और विकास संबंधी आवश्यकताओं का आकलन कर प्राथमिकता के आधार पर 15वें वित्त आयोग की आगामी कार्ययोजना में जरूरी कार्य शामिल करने के निर्देश दिए, जिससे नगर में नागरिक सुविधाओं का विस्तार हो सके।

ट्रांसफार्मर का तार चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 103 किलो एल्यूमीनियम तार बरामद



आज समाचार सेवा

- गागलहेड़ी पुलिस ने अमरपुर-सिकंदरपुर मार्ग से दबोचा, बिना नंबर का मोटरसाइकिल रेहड़ा भी मिला

गागलहेड़ी। थाना गागलहेड़ी पुलिस ने ट्रांसफार्मर का तार चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 103 किलोग्राम एल्यूमीनियम का तार और बिना नंबर का एक पुराना मोटरसाइकिल रेहड़ा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देश पर चोरी और नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक नवंबर की रात करीब 11:55 बजे अमरपुर से सिकंदरपुर जाने वाले रास्ते पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान इरफान पुत्र हमीद निवासी चांद कॉलोनी, रायपुर थाना भगवानपुर और कुरबान पुत्र इब्राहिम निवासी पठेड़ थाना गागलहेड़ी के रूप में हुई। पुलिस ने उनके मोटरसाइकिल रेहड़े में रखे तीन प्लास्टिक के कट्टों से 103 किलोग्राम ट्रांसफार्मर का एल्यूमीनियम तार बरामद किया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह तार रहमान और सादिक से खरीदा था। पूछताछ में नथौड़ी और चौरादेव क्षेत्र में ट्रांसफार्मर तोड़कर उनके अंदर से तार चोरी करने की घटनाओं की जानकारी भी सामने आई। आरोपी चोरी का तार बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में काली नदी चौकी प्रभारी अजय कसाना, हेड कांस्टेबल आशीष तोमर, मोहित शर्मा तथा कांस्टेबल रितिक कुमार और गौरव कुमार शामिल रहे।

मासूम प्रियांशु की मौत के बाद जागा प्रशासन

विधायक देवेंद्र निम पहुंचे पीड़ित परिवार के बीच

आज समाचार सेवा

- एसडीएम ने ग्रामीणों और मुर्गी फार्म संचालकों के साथ की बैठक, खुले में मृत पशु व मुर्गियों के अवशेष डालने पर कार्रवाई की चेतावनी; विधायक ने सफाई व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

नागल। गांव बेलडा जुनारदार में आवारा कुत्तों के हमले में 11 वर्षीय मासूम प्रियांशु की दर्दनाक मौत के बाद सोमवार को प्रशासन हरकत में आया। एसडीएम सदर विकास कुमार पांडे के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम गांव पहुंची और ग्रामीणों तथा मुर्गी फार्म संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम दोपहर करीब एक बजे गांव के प्राथमिक विद्यालय पहुंची। वहां आयोजित बैठक में एसडीएम ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और गांव में मृत पशुओं तथा मुर्गी फार्म से निकलने वाले अवशेषों का उचित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मृत पशुओं और मुर्गियों के अवशेषों को खुले में न डालकर गड्ढे में दबाया जाए। यदि कोई मुर्गी फार्म संचालक अथवा ग्रामीण मृत पशुओं या अन्य अवशेषों को खुले में डालता पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव के निकट प्राथमिक विद्यालय के पास संचालित फारुख के मुर्गी फार्म को बंद कराने की मांग भी उठाई। ग्रामीणों का कहना था कि गांव के आसपास संचालित मुर्गी फार्मों से निकलने वाले अवशेषों के निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गौरतलब है कि 30 अक्टूबर की शाम कक्षा पांच में पढ़ने वाला 11 वर्षीय प्रियांशु घर से खेलने के लिए निकला था। आरोप है कि रात में आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर उसे बुरी तरह नोच डाला। 31 अक्टूबर की सुबह उसका शव गांव के निकट एक खेत में पड़ा मिला था। घटना के बाद से ग्रामीणों में रोष है।



प्रशासनिक टीम में जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमपी सिंह, जिला विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार, पंचायत राज विभाग के पंकज सैनी, ग्राम विकास अधिकारी दानिश अली और ग्राम प्रधान अरशद अहमद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

विधायक देवेंद्र निम ने भी पीड़ित परिवार को दी सांत्वना

सोमवार को भाजपा के रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम भी गांव बेलडा जुनारदार पहुंचे। उन्होंने आवारा कुत्तों के हमले में जान गंवाने वाले मासूम प्रियांशु के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और सरकार की ओर से हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। विधायक ने गांव में सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान पीड़ित परिवार ने गांव के आसपास संचालित सभी मुर्गी फार्म हटवाने की मांग उठाई। मौके पर ग्राम प्रधान प्रशासक अरशद अली मौजूद रहे।

सहारनपुर में यातायात माह का शुभारंभ, जागरूकता रैली निकालकर वाहन चालकों को किया जागरूक

आज समाचार सेवा

- एसपी ग्रामीण मयंक पाठक ने पुलिस लाइन से दिखाई हरी झंडी, नियम तोड़ने वालों के खिलाफ होगी चालानी कार्रवाई

सहारनपुर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को सहारनपुर में यातायात माह का शुभारंभ किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन से जागरूकता रैली निकाली गई। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

जागरूकता रैली में यातायात पुलिस की क्रेन, इंटरसेप्टर, दोपहिया मोबाइल, यूपी-112 के दोपहिया एवं चारपहिया वाहन तथा यातायात पुलिसकर्मी शामिल रहे। रैली के माध्यम से वाहन चालकों और आमजन को यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सम्भागीय परिवहन अधिकारी भास्कर जी. सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एमपी सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक सारिका चौधरी, क्षेत्राधिकारी अपराध प्रिया यादव, प्रभारी निरीक्षक यातायात अमित तोमर तथा चीफ ट्रैफिक वार्डन योगेन्द्र दुधेरा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



यातायात माह के दौरान पुलिस की ओर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें पंपलेट वितरण कर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देना, एनसीसी कैडेट्स के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाना तथा गोष्ठियों और संवाद कार्यक्रमों के जरिए लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना शामिल है। स्कूलों और कॉलेजों में भी विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी।

इसके साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी चालानी कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें। निर्धारित गति सीमा का पालन करें और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। पुलिस का उद्देश्य जागरूकता और नियमों के पालन के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

केएलजीएम इंटर कॉलेज में बाल विज्ञान प्रदर्शनी, विद्यार्थियों ने बनाए 15 से अधिक मॉडल

आज समाचार सेवा

- विज्ञान के मॉडल के जरिए विकसित भारत 2027 का संकल्प, उत्कृष्ट प्रतिभागियों को मेडल देकर किया सम्मानित



नकुड़ (सहारनपुर)। केएलजीएम इंटर कॉलेज में विद्यालय स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने विज्ञान आधारित मॉडल और चार्ट प्रस्तुत कर विकसित भारत 2027 का लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक सरस कुमार गोयल और प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने बायोलॉजिकल पेस्ट कंट्रोल, प्रदूषण नियंत्रण, बायोगैस और सोलर प्लांट सहित 15 से अधिक मॉडल एवं चार्ट तैयार किए। विद्यार्थियों ने अपने मॉडल के माध्यम से विज्ञान और तकनीक के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत तथा कृषि क्षेत्र में सुधार के उपायों को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता के समापन पर सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रबंधक सरस कुमार गोयल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा ने छात्र-छात्राओं से विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने और देश

शारदा सिटी में 6.30 करोड़ से बनेगा 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र



बिलासपुर। क्षेत्र में बेहतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।सोमवार को दिबदिबा की शारदा सिटी में 6.30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि शारदा नगर और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से बिजली की समस्या बनी हुई थी।नए विद्युत उपकेंद्र के निर्माण से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ होगी और उपभोक्ताओं को काफी हद तक निर्बाध बिजली मिल सकेगी।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार विकास कार्य करा रही है।विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है।राज्यमंत्री ने श्री एमपी सिंह का विशेष आभार जताया, जिन्होंने जनहित में विद्युत उपकेंद्र के लिए अपनी भूमि विभाग को दान की।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कुलवंत औलख, भारत भूषण चुग, शशांक अग्रवाल, एसई सतेंद्र कुमार चौहान, अधीक्षण अभियंता करमवीर सिंह, गुरकीरत सिंह, लाड़ी, प्रधान रणधीर सिंह सहित विद्युत विभाग के अधिकारी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

मसवासी में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



मसवासी। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण को लेकर सोमवार, 2 नवंबर से सर्वोदय हितकारी इंटर कॉलेज, मसवासी में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।यह प्रशिक्षण 4 नवंबर तक चलेगा।कार्यक्रम के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर विनोद कुमार, सुभाष तथा राधाकृष्ण द्वारा 32 प्रगणकों और 6 सुपरवाइजरों को जनगणना के द्वितीय चरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां और कार्यप्रणाली समझाई जा रही है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी एवं जनगणना चार्ज अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार, सहायक जनगणना चार्ज अधिकारी अमित चंद्रा सहित जनगणना से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना कार्य को सही, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के संबंध में जानकारी दी जा रही है।अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्वगणना की प्रक्रिया 16 नवंबर से शुरू होकर 30 नवंबर तक चलेगी।इस दौरान गृहस्वामी निर्धारित पोर्टल पर जाकर स्वयं अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।इसके बाद 1 दिसंबर से 4 जनवरी तक प्रगणक घर-घर पहुंचकर जनगणना का कार्य करेंगे। अधिकारियों ने प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने और निर्धारित समय में कार्य पूरा करने पर जोर दिया।

गोवंशीय पशुओं को ट्रैक्टर से खदेड़ने का वीडियो वायरल, बजरंग दल ने जताया विरोध



बिलासपुर। हाईवे स्थित नवीन मंडी परिसर में घूम रहे एक गोवंशीय पशुओं को ट्रैक्टर से खदेड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताते हुए आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सोमवार सुबह राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद दिवाकर और नगराध्यक्ष प्रदीप गंगवार के नेतृत्व में संगठन के तमाम कार्यकर्ता हाईवे स्थित नवीन मंडी पहुंचे। यहां उन्होंने घटना को लेकर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद सभी कार्यकर्ता स्थानीय कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह से मुलाकात कर उन्हें लिखित तहरीर सौंपी।कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नवीन मंडी परिसर में एक युवक ने गोवंशीय पशु पर जान से मारने की नीयत से ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, कुछ लोगों द्वारा युवक को ऐसा करने से रोकने और समझाने पर उसने उन्हें धमकी भी दी। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के उपरांत ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अनिल राठौर, सोनू कश्यप, सुनील, सुरेश और संदीप सहित अन्य कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर तहरीर पर मौजूद रहे।

कब्रिस्तान की जमीन पर ट्यूबवेल निर्माण को लेकर हंगामा, सभासदों ने रुकवाया काम

बिलासपुर। नगर के मोहल्ला बाजार कलां स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर नगर पालिका द्वारा ट्यूबवेल के लिए कराए जा रहे पक्के निर्माण को लेकर सोमवार को विवाद खड़ा हो गया। मौके पर पहुंचे सभासदों ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए काम रुकवा दिया और पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।



सोमवार दोपहर पालिका सभासद मोहसिन खां और फैजान खां कब्रिस्तान की भूमि पर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि गाटा संख्या 227 वक्फ बोर्ड में कब्रिस्तान की भूमि के रूप में दर्ज है। इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा कथित तौर पर जबरन ट्यूबवेल के लिए पक्का निर्माण कराया जा रहा है। सभासदों ने चेतावनी दी कि इस निर्माण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने उच्चाधिकारियों से निर्माण कार्य प्रभावी रूप से रुकवाने की मांग करते हुए कहा कि सुनवाई नहीं होने पर वह न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।वहीं, हंगामे की सूचना पर लेखाकार अनिल सक्सेना के नेतृत्व में पालिका की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने आक्रोशित सभासदों को समझा-बुझाकर शांत कराया। लेखाकार ने बताया कि कार्य की नींव भरवाकर मामले का निपटारा करा दिया गया है। अब मोटर की सुरक्षा के लिए केवल पिलर खड़े कराए जाएंगे।

दहेज में कार और दो लाख रुपये की मांग, विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

बिलासपुर। दहेज में कार और दो लाख रुपये की नकदी की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।क्षेत्र के ग्राम हामिदाबाद निवासी अंशु का विवाह पांच मई 2025 को मिलक खानम थाना क्षेत्र के ग्राम मुनानगर निवासी संजू के साथ हुआ था। विवाहिता के मुताबिक मायके पक्ष ने शादी में बाइक, सोने के आभूषण और साढ़े चार लाख रुपये नकद समेत काफी सामान दहेज में दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग कार और दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट और उत्पीड़न किया जाने लगा।

पीड़िता ने बताया कि रिश्तेदारों की पंचायत के बाद भी ससुरालियों का रवैया नहीं बदला। जनवरी 2026 में उसे घर से निकाल दिया गया। पंचायत के बाद दोबारा ससुराल पहुंचने पर एक सितंबर 2026 को फिर मारपीट की गई। अगले दिन पति उसे मायके के पास छोड़कर चला गया।आरोप है कि अब उसे धमकियां भी दी जा रही हैं।प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पति संजू समेत इमरोज, प्रताप, मोनिका, राज और ललित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।मामले की विवेचना कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

बिलासपुर। हाईवे पर वाहन के इंतजार में खड़ी एक बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।भोट थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी इंदु माया (80) पत्नी विद्याराम सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे दवा लेने के लिए घर से बिलासपुर जा रही थीं। वह खुटाखेड़ा अड्डे पर हाईवे किनारे वाहन के इंतजार में खड़ी थीं। इसी दौरान बिलासपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।टक्कर लगने से बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। ग्रामीणों की मदद से उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।सूचना पर पहुंची भोट थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। उपनिरीक्षक कार्तिक सहरावत ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

ट्रैक्टर के नीचे आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

सैफनी। क्षेत्र के चंदपुरकलां गांव निवासी एक युवक की सोमवार सुबह सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। रौंडा-झौंडा चौराहे से लौटते समय युवक की बाइक को एक ट्रैक्टर ने कुचल दिया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, 35 वर्षीय उपदेश पुत्र नेत्रपाल सुबह किसी काम से अपनी बाइक पर सवार होकर रौंडा-झौंडा चौराहे पर गए थे। काम निपटाकर वापस घर लौटते समय जैसे ही वह झौंडा गांव के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में उपदेश गंभीर रूप से घायल होकर ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर जैसे ही चंदपुरकलां गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। घर के कमाऊ सदस्य की अचानक इस तरह मौत हो जाने से पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परीक्षा देने जा रहे पॉलिटेक्निक छात्रों की बाइक को कैंटर ने मारी टक्कर, एक छात्र की मौत और दो गंभीर रूप से घायल

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के सुहावा गांव के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों छात्र बाइक पर सवार होकर परीक्षा देने कॉलेज जा रहे थे। बरेली जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिंधौली गांव के रहने वाले तीन छात्र आशीष (18), आकाश (19), और सूरजपाल (19) एक ही बाइक पर सवार होकर शाहबाद स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जा रहे थे। तीनों छात्र पॉलिटेक्निक के प्रथम वर्ष में पढ़ाई कर रहे थे और सोमवार सुबह कॉलेज में आयोजित परीक्षा में शामिल होने निकले थे। बाइक सूरजपाल चला रहा था। जैसे ही उनकी बाइक सुबह करीब 10:30 बजे शाहबाद क्षेत्र के सुहावा गांव के समीप पहुंची, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर (वाहन) ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों छात्र सड़क पर दूर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं।सड़क दुर्घटना की भयावहता के कारण बाइक चला रहे सूरजपाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को देख आसपास के राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस की मदद से घायल आशीष और आकाश को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शाहबाद पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद, दोनों छात्रों की बेहद नाजुक और गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक सूरजपाल के पिता हरिओम पेशे से किसान हैं। जैसे ही सूरजपाल की मौत की खबर उसके घर और सिंधौली गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। परीक्षा देने निकले होनहार छात्र की इस तरह अचानक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। पुलिस ने सूरजपाल के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन व मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता का आरोप, दो बार थाने में दी तहरीर फिर भी नहीं हुई रिपोर्ट, एसपी से लगाई गुहार

मिलक। मिलक थाना क्षेत्र में लोहा पट्टी बूढ़े बाबा मंदिर के सामने तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने इलेक्ट्रिक स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार महिला के पति की टांग टूट गई, जबकि दो मासूम बच्चों को भी गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। ग्राम बेगमाबाद निवासी पीड़िता प्रीति देवी पत्नी सुग्रीव ने पुलिस अधीक्षक रामपुर को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 14 अगस्त 2026 को वह अपने दो बच्चों के साथ पति की इलेक्ट्रिक स्कूटी से बाजार से घर लौट रही थीं। ग्राम लोहा पट्टी के पास रामपुर की ओर से आ रही मोटरसाइकिल संख्या ।क्र04870 के चालक ने तेज व लापरवाह तरीके से चलाते हुए उनकी स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनके पति की टांग टूट गई और बच्चों को गुम व खुली चोटें आईं। स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़िता के अनुसार मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक सवार को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग गया। लोगों ने बताया कि बाइक चालक का नाम चंद्रपाल निवासी टिटौली थाना फतेहगंज जनपद बरेली है। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी मिलक लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें दूसरे अस्पताल ले गए, जहां आज भी उनका इलाज चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि इलाज में व्यस्त होने के कारण वह पहले रिपोर्ट दर्ज नहीं करा पाई। बाद में 22 अगस्त व 5 सितंबर 2026 को थाना मिलक में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद 28 अक्टूबर को स्वड्डकाउंटर पर हक्कहश्श 269 पर उसकी शिकायत दर्ज हुई और अब 27 अक्टूबर को उसने एसपी से रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

शाहबाद पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का किया खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

चोरी की चांदी की पायल और 30,100 रुपये बरामद, दूसरा आरोपी बाइक से फरार

शाहबाद, रामपुर। शाहबाद कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई चांदी की एक जोड़ी पायल और दोनों घटनाओं से संबंधित कुल 30,100 रुपये बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान एक अन्य आरोपी रात का फायदा उठाकर मोटरसाइकिल से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, पहली घटना ग्राम बरखेड़ा की है। गांव निवासी नीरज यादव पुत्र लाल सिंह ने 31 अगस्त 2026 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 30 और 31 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर में कूमल लगाकर अलमारी और कमरे में रखे सोने-चांदी के जेवरात तथा करीब 15 हजार रुपये चोरी कर लिए थे। इस मामले में शाहबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

वहीं, दूसरी घटना ग्राम टांडा की है। गांव निवासी त्रिलोकी पुत्र होरीलाल ने 25 अक्टूबर 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 और 25 अक्टूबर की रात उनके घर से 95 हजार रुपये नकद तथा चांदी के जेवरात, जिसमें हंसली और पाजेब शामिल हैं, चोरी कर लिए गए थे। पुलिस ने इस मामले में भी मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

बरखेड़ा मोड़ के पास चेकिंग के दौरान गिरफ्तारी- दोनों घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक रामपुर अनिल कुमार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी शाहबाद देवकी नंदन के नेतृत्व में पुलिस टीम जुटी हुई थी।

इसी क्रम में 1 नवंबर 2026 को उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार और उपनिरीक्षक रामबाबू के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम बरखेड़ा मोड़ स्थित यात्री शेड के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इसरार उर्फ नन्हे पुत्र लतीफ निवासी ग्राम मुड़िया घोसियान, थाना मूंढापांडे, जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सफेद धातु की एक जोड़ी पायल, टांडा की घटना से संबंधित 9,900 रुपये तथा बरखेड़ा की घटना से संबंधित 10,200 रुपये बरामद किए। इस प्रकार पुलिस ने कुल 30,100 रुपये नकद और चांदी की एक जोड़ी पायल बरामद की है। बरामदगी के आधार पर दोनों मुकदमों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(2) की बढ़ोतरी की गई है।

दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस- पुलिस के मुताबिक, इस मामले में शामिल महफूज पुत्र अंजार निवासी बैरूआ, थाना सैफनी, जनपद रामपुर रात का फायदा उठाकर मोटरसाइकिल से फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। गिरफ्तार आरोपी इसरार उर्फ नन्हे को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास- पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार इसरार उर्फ नन्हे के विरुद्ध रामपुर और मुरादाबाद जनपद के विभिन्न थानों में पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी के वर्तमान दोनों मामले तथा आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं से संबंधित पुराने मुकदमे शामिल हैं।

इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका- चोरी की दोनों घटनाओं का खुलासा करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार, उपनिरीक्षक रामबाबू, उपनिरीक्षक बिहारीलाल, हेड कांस्टेबल ओमकार सिंह, हेड कांस्टेबल ओमपाल सिंह और कांस्टेबल चंद्रसैन गोला शामिल रहे। शाहबाद पुलिस की इस कार्रवाई से चोरी की घटनाओं के खुलासे में अहम सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों मामलों में सुराग जुटाकर आरोपी को गिरफ्तार किया और चोरी का माल बरामद किया। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास जारी हैं।

तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का शुभारंभ, जिले में दो माह तक चलेगा जागरूकता अभियान

रामपुर। जनपद में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। जनपद में यह अभियान दो माह तक चलाया जाएगा।



अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को तंबाकू मुक्त बनाने के साथ युवाओं को तंबाकू सेवन से होने वाले रोगों और दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। इसके अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुरूप विकसित करने तथा तंबाकू के सेवन और उसके दुष्परिणामों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

अभियान के दौरान पुलिस विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा), 2003 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया, समाचार पत्रों एवं अन्य जनसंचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को तंबाकू छोड़ने और तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया जाएगा।


कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजीज हसन, डॉ. देवेश चौधरी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सलाहकार डॉ. शहजाद सहित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी तथा एएनएम उपस्थित रहीं।

आरसेटी में रेफ्रिजरेटर-एसी मरम्मत प्रशिक्षण का समापन, युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया गया प्रेरित

रामपुर। पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में संचालित 30 दिवसीय रेफ्रिजरेटर एवं एयर कंडीशनर (आरएसी) प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक सतेन्द्र कुमार शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी कौशल का उपयोग कर अपना व्यवसाय शुरू करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक विजय शंकर कुमार ने कहा कि रेफ्रिजरेटर एवं एसी की बढ़ती मांग से इस क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार की अच्छी संभावनाएं हैं। आरसेटी फैकल्टी सरफराज हुसैन ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मरम्मत एवं रखरखाव के साथ प्रोजेक्ट रिपोर्ट, समय प्रबंधन और उद्यम संचालन की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, 50 किलो दूषित छेना मिठाई नष्ट



रामपुर। दीपावली पर्व पर लोगों को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने और मिठाइयों में मिलावट पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को विशेष छापामार अभियान चलाया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर की गई कार्रवाई में दो मिठाई प्रतिष्ठानों से छेना रसगुल्ला के तीन नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। इस दौरान लगभग 50 किलोग्राम दूषित छेना मिठाई, जिसकी अनुमानित कीमत 10 हजार रुपये है, नियमानुसार नष्ट कराई गई।

सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों राहुल शुक्ला एवं अशोक कुमार की टीम ने केमरी स्थित रफीक स्वीट हाउस से छेना रसगुल्ला के दो नमूने लिए। यहां मौके पर मिली लगभग 50 किलोग्राम दूषित छेना मिठाई को नष्ट कराया गया। इसके अलावा खुटाखेड़ा स्थित हरि स्वीट एंड डेयरी से छेना रसगुल्ला का एक नमूना संग्रहित किया गया।

सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मिलावट की प्रकृति के अनुरूप संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी मिठाई विक्रेताओं से अपील की है कि वे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक रंगीन मिठाइयों की बिक्री से बचें। आमजन से भी अपील की गई है कि मिठाइयां खरीदते समय उनकी गुणवत्ता पर ध्यान दें। त्योहार के दौरान मिलावट के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, 12 बाइक बरामद



चन्दौसी। रजपुरा थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 12 मोटरसाइकिल, उनके कटे हुए पुर्जे, दो नंबर प्लेट और मोटरसाइकिलों के चेसिस व इंजन नंबर मिटाने वाली ग्राइंडर मशीन बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी धनारी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, सोमवार, दो नवंबर को रजपुरा पुलिस टीम ने अनूपशहर रोड से गांव जाने वाले रास्ते पर बिजलीघर के पास चेकिंग के दौरान प्रमोद निवासी शेरपुर, अमित निवासी बगडेर के घेर और नीरज मिस्त्री निवासी भिरावटी को गिरफ्तार किया। तीनों की उम्र करीब 19 से 22 वर्ष है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में क्लिंकिट, रैपिडो और अमेजन में डिलीवरी का काम करते हैं। इसी दौरान वे मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें सम्भल के ग्रामीण क्षेत्रों में लाकर सस्ते दामों पर बेच देते थे। कुछ मोटरसाइकिल नीरज मिस्त्री को बेच दी जाती थीं, जिन्हें वह काटकर उनके पुर्जे बेचता था। इससे मिलने वाली रकम को आरोपी आपस में बांट लेते थे। पुलिस के मुताबिक, उनके अन्य साथी भी इस गतिविधि में शामिल हैं। बरामद मोटरसाइकिलों में नौ स्प्लेंडर, एक होंडा साइन, एक टीवीएस राइडर और एक हीरो डीलक्स शामिल हैं। इसके अलावा दो साइलेंसर, दो हैंडल, दो रिम, दो बैटरी, दो सीट, तीन इंजन और ग्राइंडर मशीन बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 4, 6 और 16 नवंबर को होंगे आयोजन

चन्दौसी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद में 04, 06 और 16 नवंबर को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं शासन के मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विवाह सामग्री और खानपान की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। बैठक में आयोजन स्थलों पर खानपान, विवाह सामग्री, सुरक्षा, स्वच्छता और विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी को विवाह सामग्री की गुणवत्ता जांचने तथा खाद्य विभाग को खाद्य पदार्थों का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। सभी विवाह मंडपों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, अग्निशमन व्यवस्था दुरुस्त रखने और पर्याप्त सफाईकर्मियों की तैनाती करने को कहा गया। सीडीओ ने आवेदनों का सत्यापन कर तीन नवंबर तक अधिकतम पात्र आवेदन प्राप्त करने के निर्देश भी दिए। चार नवंबर को बगीचा गार्डन, बबराला में गुन्नौर तहसील के लाभार्थियों, छह नवंबर को बड़ा मैदान, बहजोई में चंदौसी तहसील के लाभार्थियों और 16 नवंबर को ए.के. रिसोर्ट, कुरकावली, सम्भल में सम्भल तहसील के लाभार्थियों के विवाह समारोह आयोजित होंगे। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, सहायक आयुक्त खाद्य मानवेन्द्र सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी हेमेन्द्र स्वरूप सहित संबंधित अधिकारी और वेंडर्स मौजूद रहे।

अपराधियों एवं देश की अर्थव्यवस्था संभालने में मोदी-योगी की महत्वपूर्ण भूमिका

चन्दौसी। वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव है, राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गयी हैं। सभी पार्टियां धीरे-धीरे वोटरों को लुभाने में लगी हैं कि किस प्रकार अपने-अपने विकासशील एजेन्डा बनाकर चुनाव का रुख अपनी ओर किया जा सके। वहीं पिछले दस वर्षों से भाजपा है जो लगतार अपराधीकरण को रोकने, बेरोजगारी को दूर करने व अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं के लाभ पहुंचाने में लगी है। चाहे वह समूह संगठन हो अथवा प्रधानमंत्री, प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ हो, सभी जनता को आगे बढ़ाने का काम रहे हैं। भाजपा नेता अंकित जैन ने कहा कि विपक्ष चोर-चोर मौसेरे भाई हैं जो सदैव विपक्ष में ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जनाधार जनता के सामने है। मात्र एमएलसी चुनाव में एक सीट कांग्रेस की है। कोषाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के पास न सहरा है और न दूल्हा है केवल बारात है। दूल्हे का अभाव है। उन्होंने कहा कि जनता अब मोदी-योगी के साथ है। आज जिसे यह विपक्ष पार्टियां जिसकी विभिन्न तरीकों से अपना वोट बैंक मानती हैं, आज यह वोट बैंक अब समझदार हो गया है। अब अधिकांश बुद्धिजीवी श्रमजीवी महिलाएं मोदी-योगी के साथ हैं। वर्ष 2027 में तथा लोकसभा चुनाव 2029 में इनके कुछ हाथ नहीं आने वाला है। विपक्ष का काम जनता को भटकाना है, इन्हें देश के विकास से कोई सरोकार नहीं है।

दीपावली के दृष्टिगत आतिशबाजी गोदामों का निरीक्षण

चन्दौसी। दीपावली एवं आगामी अन्य त्योहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को उपजिलाधिकारी चन्दौसी आशुतोष तिवारी द्वारा तहसील चन्दौसी क्षेत्र के ग्राम मई, रामबाग रोड एवं कैथल रोड स्थित आतिशबाजी गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फायर एवं पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आतिशबाजी गोदामों में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं संबंधित नियमों के अनुपालन की स्थिति का परीक्षण किया गया।

राजठाकरे ने कहा, राष्ट्र सर्वोपरि

चन्दौसी। श्रमिक प्रकोष्ठ के भाजपा नेता राजठाकरे ने एक बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि भाजपा शासन में कोविड-19 के दौरान महत्वपूर्ण कार्य किया है। किसी भी देशवासी में इलाज से लेकर रहना खान-पान की व्यवस्था की गयी। उस दौर में भारत देश वासियों के साथ था, वहीं ठाकरे ने कहा कि श्रम प्रकोष्ठ की 17 योजनाओं का संचालन किया जा रहा जिसका लाभ सीधे श्रमिकों को मिल रहा है। वहीं भाजपा शासन महिलाएं सुरक्षित हैं, अपराधी परेशान हैं। वोट चोरी की वहीं बात बात करते हैं जो अपने शासन काल में चोरी करते आए हैं। अपराधी परेशान हैं, उन्होंने कहा कि मुस्लिम सबसे अधिक योजनाओं का लाभ लेक रहे हैं। अपराध छोड़कर आज रोजगार में लगे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी युवा हैं लेकिन उनकी हवा निकल गयी

कार्यालय नगर पंचायत कछला (बदायूँ)

पत्रांक- 434/न0पं0क0/2026 दिनांक:- 31.10.2026

ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत कछला जो निम्न तिथियों में कार्यवाही निम्न प्रकार से की जायेगी। निविदा सम्बन्धी नियम/शर्तो की जानकारी के लिए www.etender.up.nic.in, Nic Budaun एवं नगर पंचायत कछला कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है-

1.	निविदा/बिड प्रकाशन की तिथि-	03.11.2026
2.	आनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि-	03.11.2026
3.	बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि-	25.11.2026
4.	निविदा/बिड खोलने की तिथि-	26.11.2026

लिपिक नगर पंचायत कछला (बदायूँ) | अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कछला (बदायूँ) | अध्यक्ष नगर पंचायत कछला (बदायूँ)

आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों का स्थान चयनित

बदायूँ। प्रभारी अधिकारी आयुध/नगर मजिस्ट्रेट सुमित सिंह ने दीपावली त्योहार को दृष्टिगत रखते हुये अस्थायी आतिशबाजी दुकानों के आवंटन हेतु समिति की रिपोर्ट पर ग्राम लौड़ बहेडी स्थित गाटा संख्या 711 जो बदायूँ बिल्सी मार्ग पर स्थापित, को चयनित कर दिया है। उक्त आशय की जानकारी देतु हुये उन्होंने बताया है कि जनपद में फायर टेंडर की उपलब्धता के अनुसार क्लस्टर संख्या का निर्धारण, विद्युत सुरक्षा आदि हेतु जनपद में उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी बदायूँ तथा अग्निशमन अधिकारी की गठित संयुक्त कमेटी से भौतिक गणना कराकर उसी के अनुपात में क्लस्टर्यों एवं दुकानों की अधिकतम संख्या का निर्धारण कर अस्थायी आतिशबाजी के लाइसेंस निर्गत किये जायेंगे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने रिपोर्ट दी है कि जनपद में कुल 08 अदद छोटे-बड़े फायर टेण्डर कार्यशील है तथा प्रत्येक क्लस्टर (अधिकतम 50 दुकानों) हेतु 02 फायर टेण्डरों की उपलब्धता अनिवार्य रूप से होनी चाहिये इस लिये तहसील सदर में ग्राम लौड़ बहेडी स्थित गाटा संख्या 711 को चयनित किया गया है जो बदायूँ बिल्सी मार्ग पर स्थापित है।

डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए जनपद में लगेंगे विशेष शिविर

सम्भल (बहजोई)- शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद सम्भल में पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र के प्रति जागरूक करने तथा इसके प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से नवंबर माह में विभिन्न विकास खंडों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव कार्यालय, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 394/पीएएस0एएम0एएस0/2026 दिनांक 14 अक्टूबर 2026 में दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा शिविरों के आयोजन के संबंध में आदेश जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 05 नवंबर 2026 को विकास खंड सम्भल में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा विकास खंड असमोली में दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक शिविर आयोजित होगा। इसी क्रम में 13 नवंबर 2026 को विकास खंड रजपुरा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा विकास खंड पवांसा में दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक शिविर लगाया जाएगा। 18 नवंबर 2026 को विकास खंड बहजोई में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा विकास खंड बनियाखेड़ा (चन्दौसी) में दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा। वहीं, 25 नवंबर 2026 को विकास खंड गुन्नौर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा विकास खंड जुनावई में दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र के महत्व, इसकी प्रक्रिया तथा इससे संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे समय से अपना डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र बनवाने की प्रक्रिया के प्रति जागरूक हो सकें।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत सोमवार को जनपद संभल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रों में चौपाल लगाकर बालिकाओं को जागरूक किया और महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण की जानकारी दी। वहीं एंटी रोमियो टीम ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चैराहों, स्कूल-कॉलेजों और धार्मिक स्थलों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा एवं स्वावलंबन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट वितरित कर उनके उपयोग के बारे में बताया।

राम कथा में सुनाई भगवान राम की बाल लीलाएं

चन्दौसी। वीर सावरकर नगर में चल रही श्रीराम कथा के छठे दिन सोमवार को कथा व्यास पंडित अशोक दीक्षित महाराज ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने महाराज दशरथ के चारों पुत्रों के नामकरण का महत्व बताते हुए कहा कि राम नाम विश्व का कल्याण करने वाला, भरत नाम त्याग की भावना पैदा करने वाला, शत्रुघ्न नाम शत्रुओं का विनाश करने वाला और लक्ष्मण नाम संपूर्ण ब्रह्मांड का आधार है। चारों भाई वेदों के सार हैं। कथा व्यास ने बताया कि भगवान राम और लक्ष्मण ने गुरु आश्रम में विद्या ग्रहण कर गुरु के महत्व को समझाया। महर्षि विश्वामित्र के आग्रह पर महाराज दशरथ ने पुत्र मोह त्यागकर राम और लक्ष्मण को उनके साथ भेजा। मार्ग में भगवान राम ने ताड़िका का उद्धार कर विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा की। इसके बाद गुरु के साथ जनकपुर जाते समय अहिल्या का उद्धार किया और गंगा स्नान किया। महाराज ने गंगा के आध्यात्मिक, पौराणिक और धार्मिक महत्व पर भी प्रकाश डाला। जनकपुर पहुंचने पर राजा जनक ने दोनों भाइयों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था कराई। इस दौरान चैधरी छत्रपाल सिंह, रामकिशोर मिश्रा, सुनील चैधरी, अभिनय चैधरी, तनिष्क चैधरी, प्रखर चैधरी, संजीत पाल, उमेश पाल सिंह, हिमांशु पाल, नरेश पाल, अनिल कुमार राघव सहित अन्य श्रद्धालुओं का सहयोग रहा।

ई-लॉटरी से 11 किसानों का कृषि यंत्रों के लिए चयन

चन्दौसी। जनपद में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने और किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यक्रारी समिति की उपस्थिति में तीन योजनाओं के तहत कुल 11 किसानों का चयन किया गया। ई-लॉटरी के माध्यम से सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए आठ किसानों, फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत दो किसानों और त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक किसान का चयन हुआ। कार्यक्रम में चयनित किसानों को कृषि यंत्रों की खरीद प्रक्रिया की जानकारी दी गई। किसानों से कहा गया कि वे कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत निर्माताओं और विक्रेताओं से निर्धारित मानकों के अनुसार कृषि यंत्र खरीदें। खरीद के बाद निर्धारित समयावधि में बिल विभागीय पोर्टल पर अपलोड करना भी अनिवार्य होगा। किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के नियमों और प्रावधानों की जानकारी भी

दीपावली से पहले प्रशासन अलर्ट, एसडीएम आशुतोष तिवारी ने पटाखा गोदाम पर किया औचक निरीक्षण



संभल/चंदौसी। दीपावली के त्योहार को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी (स्थरू) चंदौसी आशुतोष तिवारी ने पटाखा गोदाम का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदाम में अग्निशमन सुरक्षा से जुड़े उपकरणों और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की।

एसडीएम आशुतोष तिवारी ने गोदाम संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पटाखों के भंडारण और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता, उनकी स्थिति और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को भी परखा उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों की बिक्री और भंडारण को देखते हुए सुरक्षा मानकों का पालन करना बेहद जरूरी है। गोदाम संचालकों को सभी आवश्यक अग्निशमन उपकरण दुरुस्त रखने और निर्धारित नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

एसडीएम ने चेतावनी दी कि यदि निरीक्षण के दौरान कोई गोदाम निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता है या सुरक्षा व्यवस्था में कमी पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से पटाखा कारोबारियों में सतर्कता बढ़ गई है। दीपावली से पहले प्रशासन द्वारा किए जा रहे निरीक्षण का उद्देश्य किसी भी संभावित अग्निकांड या अप्रिय घटना को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

तीन माह में 436 डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र कोषागार में प्राप्त

बदायूँ। कोषागार बदायूँ से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों द्वारा माह अगस्त से अक्टूबर 2026 तक 436 डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र सफलतापूर्वक प्रस्तुत किये जा चुके हैं।

डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र से सम्बन्धित कोषागार बदायूँ में आये हुये पेंशनर/पारिवारिक पेंशनरों को जीवन प्रामाण जमा करने के लिये अब कोषागार जाने की आवश्यकता नहीं है। पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन जमा कर सकते हैं 01 नवंबर 2026 से राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र का अभियान प्रारम्भ किया किया गया है लेकिन यह सुविधा कई माह से जारी है। वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुये बताया है कि अगस्त, 2026 में 224 डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र, माह सितम्बर, 2026 में 108 एवं माह अक्टूबर, 2026 में 104 डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र सफलतापूर्वक कोषागार को प्रस्तुत हो चुके हैं। कोषागार, बैंक, जनसेवा केन्द्र, पोस्ट ऑफिस कार्यालय एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से भी प्रस्तुत किये जा सकते हैं। कोषागार बदायूँ से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों द्वारा माह अगस्त, 2026 में 224 डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र, माह सितम्बर, 2026 में 108 डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र एवं माह अक्टूबर, 2026 में 104 डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र सफलतापूर्वक प्रस्तुत किये जा चुके हैं।

रामलीला में मेघनाथ वध एवं सिलोचना सती की लीला का भावपूर्ण मंचन



बिसौली। आदर्श रामलीला कमेटी दिसौली गंज में चल रही रामलीला में मेघनाथ वध एवं सिलोचना सती की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को त्रेतायुग की रामकथा का साक्षात अनुभव करा दिया। प्रभु श्रीराम की भक्ति, धर्म और त्याग से ओतप्रोत प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंचन के दौरान युद्धभूमि में मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवादों ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। दोनों के बीच भीषण युद्ध हुआ। अंततः लक्ष्मण ने अपने बाणों से मेघनाथ का वध कर दिया। इसके बाद पति की मृत्यु का समाचार मिलने पर सिलोचना व्याकुल हो उठीं और अपने पति का शीश लेने रामदल में पहुंचीं। इस दौरान प्रभु श्रीराम और सिलोचना के बीच हुए संवाद ने लीला को अत्यंत मार्मिक बना दिया। प्रभु श्रीराम ने सिलोचना से कहा कि यदि यह शीश वास्तव में उनके पति का है, तो वह उनकी पुकार पर बोलेगा। इसके बाद मेघनाथ के शीश के बोलने का दृश्य देखकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। पति के प्रति सिलोचना के अटूट प्रेम, समर्पण और पतिव्रता भाव का मंचन देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। रामलीला के इस भावपूर्ण प्रसंग ने दर्शकों को धर्म, मर्यादा, प्रेम और त्याग का संदेश दिया। पूरा रंगमंच प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए।

कार्यालय नगर पंचायत कछला (बदायूँ)

पत्रांक- 432/न0पं0क0/2026 दिनांक:- 31.10.2026

ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत कछला जो निम्न तिथियों में कार्यवाही निम्न प्रकार से की जायेगी। निविदा सम्बन्धी नियम/शर्तो की जानकारी के लिए www.etender.up.nic.in, Nic Budaun एवं नगर पंचायत कछला कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है-

1.	निविदा/बिड प्रकाशन की तिथि-	03.11.2026
2.	आनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि-	03.11.2026
3.	बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि-	25.11.2026
4.	निविदा/बिड खोलने की तिथि-	26.11.2026

लिपिक नगर पंचायत कछला (बदायूँ) | अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कछला (बदायूँ) | अध्यक्ष नगर पंचायत कछला (बदायूँ)

कार्यालय नगर पंचायत कछला (बदायूँ)

पत्रांक- 433/न0पं0क0/2026 दिनांक:- 31.10.2026

ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पं0 दीनदयाल नगर विकास योजना अनुदान-83 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत कछला जो निम्न तिथियों में कार्यवाही निम्न प्रकार से की जायेगी। निविदा सम्बन्धी नियम/शर्तो की जानकारी के लिए www.etender.up.nic.in, Nic Budaun एवं नगर पंचायत कछला कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है-

1.	निविदा/बिड प्रकाशन की तिथि-	03.11.2026
2.	आनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि-	03.11.2026
3.	बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि-	25.11.2026
4.	निविदा/बिड खोलने की तिथि-	26.11.2026

लिपिक नगर पंचायत कछला (बदायूँ) | अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कछला (बदायूँ) | अध्यक्ष नगर पंचायत कछला (बदायूँ)

कार्यालय नगर पालिक परिषद, उझानी (बदायूँ)

पत्रांक:- 266(iii)/2026-27/नि.वि. दिनांक:- 02.11.2026

ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

समस्त वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंजीकृत अर्ह ठेकेदारों/सम्बन्धित फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, उझानी की सीमान्तर्गत एवं कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के सामने सुन्दर नगर गंजशहीदा में स्थित एम0आर0एफ0/डम्पिंग ग्राउण्ड के सोलिड वेस्ट के डिस्पोजल लिगेसी वेस्ट ट्रीटमेन्ट के कार्य को कराये जाने हेतु पालिका द्वारा ई-निविदायें (टेक्निकल/फाइनेन्सियल बिड) दिनांक 03.11.2026 समय प्रातः 12:00 बजे से दिनांक 10.11.2026 को सायं 05:00 बजे तक ई-टेण्डर के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 10.11.2026 को सायं 06:00 बजे से खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा शर्तें व विस्तृत विवरण एवं समस्त कार्यवाही ई-टेण्डर वेबसाईट etender.up.nic.in पर की जायेगी।

E-Tender Reference	266 to 266(v)/NPP/UJH/2026-27
Publish Date and Time for Ref	03.11.2026 at 12:00 AM
Last Date and Time for Submission of E-Bid	10.11.2026 up to 05:00 PM
E-Tender Opening Date	10.11.2026 up to 06:00 PM
Place of opening of E-bid	Nagar Palika Parisad Ujhani
E-Tender Document Processing	टेन्डर हेतु आवश्यक प्रपत्रों हेतु अपलोड निविदा में देखें
E-Tender Tender Fee	टेन्डर मूल्य/शुल्क हेतु अपलोड निविदा में देखें
E-Tender Security	10 प्रतिशत

नोट :- सम्बन्धित निविदा शर्तें व विस्तृत विवरण एवं समस्त कार्यवाही ई-टेण्डर वेबसाईट tender.up.nic.in पर की जायेगी।

मणि जी सैनी, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, उझानी (बदायूँ) | पूनम अग्रवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, उझानी (बदायूँ)

श्री भोले भंडारी सेवा मंडल (रजि.) के संस्थापक श्री चंद्र नागपाल जी को भावभीनी श्रद्धांजलि, शिव सेवा का एक युग समाप्त

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। धर्म, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति, श्री भोले भंडारी सेवा मंडल (रजिस्टर्ड) मुरादाबाद



के संस्थापक अध्यक्ष परम शिवभक्त श्री चंद्र नागपाल जी के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर समस्त मुरादाबाद सहित शिव भक्त समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन से केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि निस्वार्थ शिव सेवा का एक पूरा युग समाप्त हो गया है, जिसकी भरपाई कर पाना असंभव है।

मुरादाबाद से जम्मू-कश्मीर तक शिव सेवा की अलख जगाई

श्री चंद्र नागपाल जी का सम्पूर्ण जीवन भगवान भोलेनाथ की सेवा के लिए समर्पित था। लगभग [20-25] वर्षों पूर्व उन्होंने एक छोटे से संकल्प के साथ श्री भोले भंडारी सेवा मंडल (रजि.) की स्थापना की थी, जिसे अपने अथक परिश्रम, निष्ठा और सेवा भाव से उन्होंने एक वटवृक्ष बना दिया।

उनकी सबसे बड़ी पहचान जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाले मुरादाबाद भंडारे के रूप में है। श्री अमरनाथ जी की पवित्र यात्रा के दौरान बालटाल और पहलगाम जैसे दुर्गम मार्गों पर उनके नेतृत्व में मंडल द्वारा लगातार कई वर्षों से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है। जहाँ यात्री भूखे-प्यासे और थके होते हैं, वहाँ मुरादाबाद के नाम से लगने वाला यह भंडारा उनके लिए महादेव के प्रसाद के समान होता था।

हजारों अमरनाथ यात्रियों के लिए नि:शुल्क भोजन, चाय-पानी, दवाइयां और विश्राम की व्यवस्था कराना ही उनका परम धर्म था। वे स्वयं महीनों पहले से इसकी तैयारियों में जुट जाते थे - राशन एकत्र करना, सेवादारों की टीम बनाना, ट्रकों को रवाना करना और स्वयं जम्मू-कश्मीर में रहकर दिन-रात सेवा करना। उनकी इस सेवा के कारण मुरादाबाद का नाम अमरनाथ यात्रा में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है।

श्री नागपाल जी अत्यंत सरल, मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। वे कभी मंच या माला के इच्छुक नहीं रहे, उनका मानना था कि सेवा ही सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने सैकड़ों युवाओं को सेवा के मार्ग से जोड़ा। मंडल के सभी सेवादार उन्हें पिता तुल्य मानते थे।

शोक संवेदना और शोक सभा-

आज श्री बाबा अमरनाथ मानव कल्याण समिति मुरादाबाद के संपर्क कार्यालय मिलन विहार, दिल्ली रोड, मुरादाबाद पर एक शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि उनके अधूरे सेवा कार्यों को हम सभी मिलकर आगे बढ़ाएंगे, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

समस्त श्री बाबा अमरनाथ मानव कल्याण समिति परिवार परमपिता परमेश्वर और बाबा बर्फानी से प्रार्थना करता है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार, अनुयायियों तथा भक्तों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

गुरूकुल महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव सम्पन्न



हापुड़। आज गुरुकुल महाविद्यालय ततारपुर हापुड़ के वार्षिक उत्सव के अंतिम दिवस यजुर्वेद पारायण यज्ञ में प्रात: कालीन सभा में आज पूर्ण होती हुई जिसके ब्रह्मा मेरठ से पधारे आचार्य रणधीर शास्त्री एवं देहरादून से पधारे रविंद्र आर्य जी रहे, दूर-दूर से आए यजमान दंपतियों ने पूर्ण आहुति में गोले की आहुति प्रदान की, इस अवसर पर देशभक्ति से परिपूर्ण भजनों के द्वारा एवं ओजस्वी वक्तव्यों द्वारा श्रोताओं एवं धर्म प्रेमी सज्जनों के मन को मुग्ध कर दिया, मध्यकालीन सभा में महामंडलेश्वर स्वामी यतिनरसिंहानन्द जी ने कहा कि मैंने हिंदू जाति को जागने के लिए पूरा जोर लगा लिया है किंतु न जाने हम किस गहरी नींद में सोए हुए हैं कि अपने अस्तित्व को पहचानते ही नहीं, अब इस धर्म की रक्षा के लिए गुरुकुलों को आगे आना पड़ेगा, क्योंकि एक समय जब अंग्रेजों का शासन था स्वामी श्रद्धानंद जी गुरु ने गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की और उसमें ब्रह्मचारी पढ़ते थे तो अंग्रेजों को किसी ने सूचना दी थी गुरुकुल में बम बनाए जाते हैं अंग्रेज अधिकारी स्वामी श्रद्धा जी के पास गुरुकुल पहुंचे उन्होंने कहा कि हमें सूचना मिली है कि आपके गुरुकुल में बम बनाए जाते हैं, तो स्वामी श्रद्धानंद ने व्यायाम करते हुए उन ब्रह्मचारियों को दिखाते हुए कहा कि यह हमारे बम है जो आगे चलकर अंग्रेजी शासन का सर्वनाश करेंगे, ऐसे ही बम सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए गुरुकुल में तैयार किया जाए तभी सनातन धर्म की रक्षा हो सकती है, इस अवसर पर गुरुकुल के दो ऐसी ब्रह्मचारियों को स्वामी जी द्वारा पुरस्कृत किया गया जिन्होंने संपूर्ण व्याकरण का ग्रंथ अष्टाध्यायी को कंठस्थ कर लिया है, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दूर दराज से गुरुकुल के स्नातकों ने भाग लिया, जिसमें एक स्नातक परिषद का भी गठन किया गया जिसके अध्यक्ष सत्येंद्र विधूड़ी पलवल, उपाध्यक्ष इंटरनेशनल पहलवान भूपेंद्र कुमार, तथा मंत्री रविंद्र आर्य को बनाया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ प्रेमपाल शास्त्री, आचार्य कुशल देव, ज्ञान सिंह पवार वेदांत शास्त्री, जितेंद्र शास्त्री, अरुण प्रताप, अंकुश शर्मा राजन शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा, मंच का संचालन कार्यक्रम के संयोजक डॉ शिवकुमार आर्य ने किया गुरुकुल के अध्यक्ष चौधरी शीशपाल सिंह ने स्वामी जी एवं आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

योगेंद्र सैनी बने सैनी महासभा उत्तर प्रदेश के जिला हापुड़ अध्यक्ष



हापुड। हापुड़ सैनी महासभा उत्तर प्रदेश हापुड़ के जिला अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें योगेंद्र कुमार सैनी सिंमरौली वालों को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं प्रेमचंद सैनी को युवा जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। मुकेश कुमार सैनी जिला उपाध्यक्ष, एडवोकेट सोनू सैनी को जिला उपाध्यक्ष नॉमिनेट किया गया। ओमप्रकाश सैनी को जिला महासचिव, अमित सैनी को कोषाध्यक्ष, प्रशांत सैनी को जिला सचिव, अरविंद सैनी को जिला सचिव, लखन सैनिकों जिला प्रचारक तथा पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी को जिला संरक्षक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त कार्यकारिणी को सभी ने माला पहनकर स्वागत किया इस अवसर पर डॉ मुकेश सैनी, एडवोकेट दिनेश सैनी, कौशल सैनी, नंदकिशोर सैनी ,राजीव सैनी, वीरेंद्र सैनी, राहुल सैनी अंकित सैनी अनिल सैनी सुनील सैनी नीरज सैनी निखिल सैनी संजय सैनी व दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे



भाजपा की संगठनात्मक बैठक का आयोजन

हापुड़। आज प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय हापुड़ पर आयोजित संगठनात्मक बैठक में मा0 सह- प्रभारी भाजपा उ? प्र? आदरणीय श्री अनंत ओझा जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी हापुड़ आदरणीय श्री बसंत कुमार त्यागी जी, क्षेत्रीय महामंत्री श्री हरीश ठाकुर जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री उमेश राणा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा नागर जी, जिला महामंत्री श्री श्यामेंद्र त्यागी जी, कपिल एसएम जी, राहुल उपाध्याय जी, धौलाना विधायक श्री धर्मेश तोमर जी, गढ़ विधायक श्री हरेंद्र तेवेतिया जी, हापुड़ विधायक श्री विजयपाल आढ़ती जी, सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण, मोर्चा अध्यक्षों की गरिमामय उपस्थिति रही।

ठाकुरद्वारा में 05 नवंबर को लगेगा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला, निजी क्षेत्र की 20 से 25 कंपनियां करेंगी प्रतिभाग

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मुरादाबाद एवं कृष्णा महाविद्यालय, ठाकुरद्वारा के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 05 नवंबर 2026 को प्रात: 10:00 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले का आयोजन कृष्णा महाविद्यालय, निकट होलिका मंदिर, ठाकुरद्वारा में किया जाएगा।

सहायक निदेशक सेवायोजन ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 20 से 25 नियोजक कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इन कंपनियों के माध्यम से अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर साक्षात्कार लेकर चयन की कार्यवाही की जाएगी।

रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए पोर्टल ह्शद्धद्दड्डड्डह्ह्ड्डठ्ठद्दड्डद्व.ह्व्श्र.द्दश1.द्वठ्ठ पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अभ्यर्थी अपने साथ संपूर्ण बायोडाटा की दो प्रतियां हस्तलिखित अथवा टंकित, समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की दो सेट छायाप्रतियां तथा दो रंगीन फोटो लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

रोजगार मेले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8005383887 पर संपर्क किया जा सकता है अथवा किसी भी कार्यदिवस में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कांठ रोड, मुरादाबाद में संपर्क किया जा सकता है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

युवा उत्सव का आयोजन 05 नवंबर को, युवाओं को प्रतिभा प्रदर्शन का मिलेगा अवसर

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में जनपद मुरादाबाद में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 05 नवंबर 2026 को आरएसडी एकेडमी, रामगंगा विहार, मुरादाबाद में किया जाएगा।

जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव के अंतर्गत विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इनमें लोकनृत्य (समूह), लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग एवं कविता लेखन आदि विधाएं शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले युवाओं की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है।



विशाल पेट के ट्यूमर की जटिल सर्जरी कर मेडिकल कॉलेज मेरठ के चिकित्सकों ने रचा सफलता का इतिहास

मेरठ। लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी टीम ने 33 वर्षीय रिजवान निवासी बागपत के पेट में मौजूद विशाल ट्यूमर की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। लगभग 16म15म10 सेंटीमीटर आकार का ट्यूमर छोटी आंत, बड़ी आंत, मूत्रवाहिनी और प्रमुख रक्त वाहिका से जुड़ा हुआ था।

सीटी स्कैन में ट्यूमर के कारण दाहिनी किडनी में भी हल्की सूजन पाई गई थी। सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में चिकित्सकों ने चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन कर ट्यूमर को पूरी तरह निकाल दिया। इसके लिए छोटी आंत के अंतिम हिस्से और दाहिनी बड़ी आंत को ट्यूमर सहित निकालकर दोबारा जोड़ा गया। प्रभावित मूत्रवाहिनी के हिस्से को भी निकालकर पुन: जोड़ा गया तथा रक्त वाहिका की मरम्मत की गई।

ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति संतोषजनक रही और वह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन की ओर लौट रहा है। डॉ. अमित कुमार ने बताया कि आसपास के महत्वपूर्ण अंगों और रक्त वाहिकाओं से जुड़े होने के कारण यह सर्जरी बेहद चुनौतीपूर्ण थी।

प्राचार्य डॉ. आर.सी. गुप्ता ने इसे मेडिकल कॉलेज की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि सर्जिकल ऑन्कोलॉजी सेवाओं के विस्तार से मरीजों को अब जटिल कैंसर सर्जरी की सुविधा अपने ही संस्थान में मिल सकेगी।

इस सर्जरी पर निजी अस्पतालों में लगभग 3 से 4 लाख रुपये खर्च होते हैं, जबकि मेडिकल कॉलेज में सरकारी खर्च पर मात्र 8 से 10 हजार रुपये में यह ऑपरेशन किया गया। सर्जरी में डॉ. मोहम्मद आरिफ, डॉ. प्रतीक सहित अन्य चिकित्सकों का योगदान रहा। एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व डॉ. विपिन धामा ने किया।

बज़बॉल्ज़ ने चार नए फ्लेवर के साथ उत्तर प्रदेश में रखा कदम

मेरठ। बॉल-शेप्ड पैकेजिंग और आकर्षक फ्लेवर के लिए मशहूर रेडी-टू-ड्रिंक एल्कोहलिक बेवरेज ब्रांड बज़बॉल्ज़ ने अपनी लोकप्रिय रेंज पॉप.सिप.बज़. को उत्तर प्रदेश में लॉन्च किया है। यह उत्पाद नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, आगरा और कानपुर के लाइसेंसशुदा रिटेल आउटलेट पर उपलब्ध होगा।

ब्रांड ने 180 मिलीलीटर की बॉल-शेप्ड पैकिंग में 15 प्रतिशत एबीवी के साथ चार फ्लेवर पेश किए हैं। इसकी कीमत 120 रुपये निर्धारित की गई है। इनमें बेरी लेमन स्क्वीज़, स्ट्रॉबेरी स्क्वीज़, चिली ग्वावा रूब और जामुन मिंट पॉप शामिल हैं।

कंपनी के प्रेसिडेंट जेस शीरहॉन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विस्तार भारत में ब्रांड की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। कंपनी का उद्देश्य उपभोक्ताओं को नए फ्लेवर और सुविधाजनक पैकेजिंग उपलब्ध कराना है।

दिसंबर में बेंगलुरु से शुरुआत करने वाला यह ब्रांड अब गोवा, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। कंपनी भविष्य में अन्य राज्यों और शहरों में विस्तार की योजना बना रही है।

मंदिर गये युवक पर हमला, किया घायल

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र के गागन शिव मंदिर निवासी तिलक राज ने जानी और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मारपीट-धमकी देने का केस दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में तिलक राज ने बताया कि बीते दिन वह अपने घर से प्रसाद चढ़ाने गागन पुल के नीचे गया था। वहां जानी और उसके साथियों ने अनायास ही मारपीट की। आरोपियों ने पत्थर से हमला कर सिर फोड़ दिया। एसएचओ मझोला रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में शीतकालीन सत्र का भव्य शुभारंभ, मुरादाबाद कमिश्नर ने किया उद्घाटन



मुरादाबाद। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के शीतकालीन सत्र 2026-27 का 1 नवंबर से भव्य आगाज हो गया। मुरादाबाद मंडल की कमिश्नर संगीता सिंह ने फीता काटकर और जिप्सी को हरी झंडी दिखाकर सफारी का शुभारंभ किया।

केहरीपुर रेंज कार्यालय पर आयोजित उद्घाटन समारोह में एसपी, वन संरक्षक मुरादाबाद, डीएफओ जय सिंह कुशवाह और क्षेत्रीय वनाधिकारी अंकिता किशोर, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ए आर रहमान, बाघ मित्र अजमेर सिंह समेत वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। डीएफओ जय सिंह कुशवाह ने बताया कि इस बार सफारी 15 दिन पहले शुरू की गई है। आमतौर पर 15 नवंबर से शुरू होती थी, लेकिन पर्यटकों की मांग पर 1 नवंबर से ही खोल दिया गया है। सफारी जून 2027 तक चलेगी।

सफारी का रूट केहरीपुर गेट से झिरना गेट तक करीब 32 किमी का रहेगा, जिसे पूरा करने में 3 से 3:30 घंटे लगेंगे। सुबह 6 से 9:30 और शाम 2 से 5:30 बजे तक 8 जिप्सी संचालित होंगी।

कमिश्नर संगीता सिंह ने कहा कि अमानगढ़ जिम कॉर्बेट से सटा हुआ है और यहां बाघ, हाथी, तेंदुआ समेत 6524 से अधिक वन्यजीव हैं। इससे ईको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।

शिक्षक आज मेरठ में देंगे टीईटी की परीक्षा

मुरादाबाद। जिले के करीब 700 शिक्षक मंगलवार को मेरठ में आयोजित होने वाली विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) में शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में होगी। इसे लेकर शिक्षकों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले से बड़ी संख्या में शिक्षकों के परीक्षा में शामिल होने के चलते शिक्षा विभाग में भी इसकी चर्चा है। विशेष टीईटी परीक्षा में शामिल होने के लिए शिक्षकों को मेरठ जाना होगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा दो पालियों में होगी। इसमें जिले के करीब 700 शिक्षक शामिल होने का अनुमान है। परीक्षा को लेकर शिक्षकों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए शिक्षक अपने स्तर से व्यवस्था कर रहे हैं। शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर जिले के शिक्षकों में उत्सुकता बनी हुई है। परीक्षा में शामिल होने वाले शिक्षकों को निर्धारित समय पर केंद्र पहुंचकर परीक्षा देनी होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने के निर्देश दिए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह ने बताया की जिले के शिक्षक विशेष टीईटी परीक्षा मेरठ में देंगे।

भव्य शिवाजी स्वदेशी हाट मेले का शुभारम्भ

मुरादाबाद। भारत विकास परिषद शिवाजी शाखा की ओर से सोमवार को मिडटाउन क्लब, मुरादाबाद में भव्य %शिवाजी स्वदेशी हाट% दीपावली मेले का शुभारंभ किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नगर विधायक रितेश गुप्ता व अल्पना रितेश गुप्ता ने किया। वरिष्ठ सदस्य रश्मि अग्रवाल ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। साथ ही शाखा अध्यक्ष अनिल कुमार बंसल ने मेले में पधारे सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं आगंतुकों का अभिनंदन किया। मेले में लगभग 52 आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें दीपावली डेकोरेशन, होम डेकोर, ज्वेलरी, सूट, साड़ियां, शॉल तथा बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के आकर्षक उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई।

राजस्व के सर्वाधिक 386 और पूर्ति विभाग के 74 मामलों का हुआ पारदर्शी समाधान

मुरादाबाद,। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनहितैषी विजन, %जीरो टॉलरेंस% नीति और त्वरित निस्तारण के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए जिला प्रशासन ने आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु एक अनुकरणीय मिसाल पेश की है। प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाली जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण व्यवस्था के तहत जिले में संचालित %मिशन सम्पूर्ण समाधान% विशेष अभियान के जरिए बीते 01 माह में चारों तहसीलों के अंतर्गत कुल 475 शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया गया है। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा के नेतृत्व में चल रहे इस सघन अभियान का सीधा उद्देश्य जनता को बेवजह दफ्तरों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना और पात्र व पीड़ित व्यक्तियों तक शासन की जनकल्याणकारी व्यवस्था का सीधा लाभ पहुंचाना है।

प्रतिदिन न्यूनतम 05 निस्तारण का कड़ा नियम और सीधी प्रशासनिक निगरानी

जनसमस्याओं के समाधान की गति और गुणवत्ता को सर्वोच्च स्तर पर बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी श्री अनुनय झा ने स्पष्ट कार्ययोजना लागू की है। इसके तहत जिले की चारों तहसीलों में प्रत्येक कार्यदिवस पर कम से कम 05 प्राथमिक शिकायतों का अंतिम व संतोषजनक समाधान अनिवार्य किया गया है। जिलाधिकारी स्वयं हर तहसील से प्रतिदिन निस्तारित होने वाले इन न्यूनतम 05 मामलों की प्रगति रिपोर्ट तलब कर रहे हैं और गुणवत्ता की सीधी समीक्षा कर रहे हैं। इस सतत निगरानी व्यवस्था का असर यह हुआ कि बीते 01 माह में कुल 475 मामले निर्णायक रूप से हल हुए, जिनमें तहसील कांठ में सर्वाधिक 130, तहसील ठाकुरद्वारा में 125 तथा तहसील सदर व बिलारी में 110-110 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

386 भूमि-राजस्व और 74 राशन-आपूर्ति विवाद सुलझे

अभियान की सफलता विभिन्न विभागों के आपसी तालमेल और सक्रिय सहभागिता में दिखाई दे रही है। निस्तारित कुल 475 मामलों के विभागवार आंकड़ों पर गौर करें तो सर्वाधिक 386 मामले अकेले राजस्व विभाग से जुड़े रहे, जिन्हें प्राथमिकता पर सुलझाया गया। इसके पश्चात खाद्य एवं रसद (पूर्ति) विभाग की 74 शिकायतों का प्रभावी समाधान किया गया।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
(सरकार की स्वामित्वाधीन अनुसूचित बैंक)
प्रधान कार्यालय द्वितीय व तृतीय तल, एनबीसीसी कमर्शियल काम्प्लेक्स, वरदान खंड, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ- 226010

क्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद:- रामगंगा विहार, फेज-द्वितिय, मुरादाबाद, 244001, E-mail- E-mail- romord@upgb.bank.in,

कब्जा नोटिस (नियम 8 (1) के तहत अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन एंव प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन एक्ट 2002 (2002 का 54वां) के तहत **उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार को नीचे लिखी दिनांक को मांग पत्र जारी किया था, जिसमें उक्त सूचना की तिथि से 60 दिन के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था। उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गया है। इसलिए एतद्द्वारा उधारकर्ता, सहअनुबन्धियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 8 के सहपठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित दिनांक को ले लिया है।

उधारकर्ताओं को विशेष रूप से सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी देते हुये उन्हें उक्त सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक** के अधीन होगा। **धारा 13 की उपधारा 8 में उपलब्ध समय के अनुसार ऋणी/सहअनुबंधी/बंधककर्ता का ध्यान बंधक सम्पत्ति को उन्मोचित किये जाने हेतु आकृष्ट किया जाता है। कब्जे वाली सम्पत्तियों का विवरण निम्न प्रकार से है:-**

क्र०सं०	ऋणी का नाम व सहअनुबंधी व शाखा	बंधक सम्पत्तियों का विवरण	
1	**खातासं०** 8408NC33382618 **ऋणी**- स्व0 श्री रंजीत शर्मा पुत्र श्री मुजलराम शर्मा (कानूनी वारिस) (स्वर्गीय श्री रंजीत शर्मा (अब दिवंगत) के सभी ज्ञात और अज्ञात कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और उनके अधिकार प्राप्त व्यक्ति), **गारन्टर:**- श्री यशपाल सिंह पुत्र श्री होरी सिंह। **शाखा:**- फत्तेहपुर विश्नोई, मुरादाबाद।	**सम्पत्ति** - एक आवासीय प्लाट/भवन, खसरा नं0 840, स्थित है:- ग्राम मानपुर नारायनपुर देहात अलमारूफ मौहल्ला सूर्य नगर, मुरादाबाद, जिसका क्षेत्रफल 59.73 वर्ग मीटर, **सम्पत्ति स्वामी**- स्व0 श्री रंजीत शर्मा पुत्र श्री मुजलराम शर्मा निवासी भवन नं0 124/5 कृष्णा इण्टर कालेज, सूर्य नगर, लाइनपार मझोला, मुरादाबाद, **रजिस्टर्ड:**- बही नं0 1, जिल्द नं0 10194, पेज 211-224, क्रम सं0- 17438, दिनांक 23.10.2013, सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर प्रथम, जिला मुरादाबाद, **चौहद्दी** :- पूरब- सम्पत्ति जगदीश, पश्चिम- प्लाट अकाश, उत्तर- प्लाट चन्द्रपाल, दक्षिण- रास्ता 10 फीट चौड़ा।	धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना की दिनांक 07.08.2026 बकाया धनराशि रू. 3,28,283.00 दिनांक 30.04.2026 तक + ब्याज एवं अन्य खर्चे कब्जे की दिनांक 30.10.2026
2	**खातासं०** 84089900000023 **ऋणी**- स्व0 श्री रंजीत शर्मा पुत्र श्री मुजलराम शर्मा **सहऋणी/उत्तराधिकारी**- श्रीमती प्रिंयका शर्मा पत्नी स्व0 श्री रंजीत शर्मा, (सभी ज्ञात और अज्ञात कानूनी वारिस, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और उनके अधिकार प्राप्त व्यक्ति), **शाखा:**- फत्तेहपुर विश्नोई, मुरादाबाद।	**सम्पत्ति** - एक आवासीय प्लाट/भवन, खसरा नं0 840, स्थित है:- ग्राम मानपुर नारायनपुर देहात अलमारूफ मौहल्ला सूर्य नगर, मुरादाबाद, जिसका क्षेत्रफल 59.73 वर्ग मीटर, **सम्पत्ति स्वामी**- स्व0 श्री रंजीत शर्मा पुत्र श्री मुजलराम शर्मा निवासी भवन नं0 124/5 कृष्णा इण्टर कालेज, सूर्य नगर, लाइनपार मझोला, मुरादाबाद, **रजिस्टर्ड:**- बही नं0 1, जिल्द नं0 10194, पेज 211-224, क्रम सं0- 17438, दिनांक 23.10.2013, सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर प्रथम, जिला मुरादाबाद, **चौहद्दी** :- पूरब- सम्पत्ति जगदीश, पश्चिम- प्लाट अकाश, उत्तर- प्लाट चन्द्रपाल, दक्षिण- रास्ता 10 फीट चौड़ा।	धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना की दिनांक 07.08.2026 बकाया धनराशि रू. 14,75,767.04 दिनांक 31.05.2026 तक + ब्याज एवं अन्य खर्चे कब्जे की दिनांक 30.10.2026
3	**खाता सं०** 8451NC47905265 **ऋणी**- श्री मौहम्मद नदीम सैफी पुत्र श्री मौहम्मद शफीक सैफी। **गारन्टर**- 1. श्री शाने आलम पुत्र श्री मौहम्मद नबी, 2. श्री आयूष कुमार सक्सैना पुत्र श्री यतेन्द्र नाथ। **शाखा:**- सूर्य नगर मुरादाबाद।	**सम्पत्ति** - एक आवासीय प्लाट/भवन, खसरा नं0 557, ग्राम मेनाठेर, तहसील व जिला मुरादाबाद अब स्थित है:- निकट मेनाठेर की पुलिया, मुरादाबाद, जिसका क्षेत्रफल 38.63 वर्ग मीटर, **सम्पत्ति स्वामी**- श्री मौहम्मद नदीम सैफी पुत्र श्री मौहम्मद शफीक सैफी, निवासी गागन वाली मैनाठेर, निकट मैनाठेर की पुलिया, मैनाठेर, मुरादाबाद, **रजिस्टर्ड:**- बही नं0 1, जिल्द नं0 15567, पेज 313-334, क्रम सं0- 15294, दिनांक 31.08.2019, सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर प्रथम, जिला मुरादाबाद, **चौहद्दी** :- पूरब- प्लाट आदिल, अब भवन आदिल, पश्चिम- रास्ता 12 फीट चौड़ा, उत्तर- प्लाट जाकिर अब भवन जाकिर, दक्षिण- रास्ता 12 फीट चौड़ा।	धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना की दिनांक 07.08.2026 बकाया धनराशि रू. 6,59,872.64 दिनांक 29.04.2026 तक + ब्याज एवं अन्य खर्चे कब्जे की दिनांक 30.10.2026

दिनांक: 02.11.2026, **स्थान:** मुरादाबाद — **प्राधिकृत अधिकारी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक**

अनियंत्रित मैक्स खोखे से टकराई में, तीन घायल हुए

गंभीर रूप से घायल खोखा संचालक को किया रैफर

आज समाचार सेवा



नगीना। रविवार की रात धामपुर रोड पर तेज गति से जा रही एक मैक्स पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खोखे से जा टकराई, जिसमें खोखा बंद कर रहा खोखा संचालक कुलदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मैक्स पिकअप को कब्जे में लेकर तीनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कुलदीप को बिजनौर रैफर कर दिया। जबकि मैक्स में सवार दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। ग्राम मिलक जहांगीराबाद निवासी कुलदीप सिंह पुत्र शेर सिंह ने धामपुर रोड पर रामलीला बाग के पास सड़क किनारे खोखा रख रखा है। रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे कुलदीप घर जाने के लिए अपना खोखा बंद कर रहा था। त इभी नगीना से धामपुर की दिशा में जा रही तेज रफ्तार मैक्स पिकअप अनियंत्रित होकर खोखे से जा टकराई। जिसमें कुलदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में मैक्स पिकअप में सवार गांव मंझेड़ा शकरू निवासी फिरोज पुत्र महबूब व आबिद पुत्र नजर हसन को भी चोट आई। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही नगीना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। कुलदीप के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मैक्स पिकअप को कब्जे में ले लिया। सीएचसी की इमरजेंसी में डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल कुलदीप सिंह को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जबकि फिरोज व आबिद को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है।



जनगणना के द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ

आज समाचार सेवा

हल्दौर। सोमवार को जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के दूसरे और अंतिम बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण के कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद हल्दौर की अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा अधिशासी अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर सामूहिक प्रार्थना के साथ किया गया। यह प्रशिक्षण दिनांक 4 नवंबर 2026 तक चलेगा। जिसके लिए सभी पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों से ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण ग्रहण करने की अपेक्षा की गई।

शराब की दुकानों के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

आज समाचार सेवा



हल्दौर। नगर के व्यस्ततम पोखर बाजार स्थित शराब की कम्पोजिट दुकान एवं हल्दौर के बालकिशनपुर चोराहे पुलिस चैकी के पास बाटपुरा रोड स्थित कंपोजिट दुकान के बीती रात्रि में ताले तोड़कर लाखों रुपए की नकदी एवं शराब की बोतलों पर हाथ साफ कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के व्यस्ततम पोखर बाजार स्थित शराब की दुकान के बराबर में कैटिन मालिक सुबह सवेरे जब पहुंचा तो उसने बराबर में शराब की दुकान के ताले टुटे देख उसने तुरंत दुकान मालिक को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे दुकान मालिक ने पुलिस को सूचना देकर बुलाया मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान का निरीक्षण किया। दुकान मालिक के अनुसार लगभग 2 लाख रुपए की नकदी एवं कुछ शराब की बोतलें भी चोर चोरी कर ले गये। तभी पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जिससे सुबह सवेरे लगभग तीन बजे चोरी होने का पता लगा। और उधर बालकिशनपुर चोराहे पर पुलिस चैकी बाटपुरा रोड पर भी शराब की कम्पोजिट दुकान से चोरों ने लगभग चालीस हजार रुपए की नकदी एवं तीन हजार रुपए की रेजगारी और तीन शराब की बोतलों पर हाथ साफ कर दिया। उपनिरीक्षक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस आस पास के सीसीटीवी कैमरे चैक कर रही। जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।



ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई

आज समाचार सेवा

नहटौर। स्थानीय विकास खंड के सभागार में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ बिजनौर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुलदीप कुमार राजपूत ने की और संचालन जिला मंत्री संजय सिंह ने किया। बैठक में जनपद के कोने-कोने से जुटे पंचायत सचिवों ने अपनी लंबे समय से लंबित समस्याओं और जायज मांगों पर गंभीर विचार-विमर्श किया। सभी सदस्यों ने एक सुर में अपनी आर्थिक और मानसिक परेशानियों पर भारी आक्रोश व्यक्त किया, जो समय पर भुगतान न होने के कारण पैदा हो रही हैं। सबसे प्रमुखता से स्थायीकरण (कंफर्मेशन) का मुद्दा उठाया गया। बैठक में कहा गया कि कुछ ग्राम पंचायत अधिकारियों के स्थायीकरण का मामला लंबे समय से अधर में लटका हुआ है, जिससे उनका भविष्य अनिश्चित हो गया है। साथ ही, बकाया देयकों का भुगतान न होना भी एक गंभीर समस्या है, जिससे कर्मचारियों के परिवार प्रभावित हो रहे हैं। बैठक के दौरान अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए जिला अध्यक्ष कुलदीप कुमार राजपूत ने स्पष्ट रूप से कहा, श्कर्मचारियों के हितों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारे साथी दिन-रात विकास कार्यों में लगे रहते हैं, लेकिन उनकी बुनियादी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है।ए घ्संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि यदि इन लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण नहीं किया गया और समयबद्ध समाधान नहीं निकाला गया, तो वे एक बड़े और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अपनी आवाज को उच्चाधिकारियों के समक्ष मजबूती से रखेंगे और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखेंगे। बैठक में छेमेन्द्र सिंह, नईम अहमद, जक्वीर, सचिन भाटी और मिथुन कुमार सहित क्षेत्र के तमाम पंचायत सचिव उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सामूहिक संघर्ष में अपनी एकजुटता दिखाई।

धामपुर से भाजपा के टिकट के मजबूत दावेदार बनकर उभरे पूर्व आईएएस डॉ. दिनेश चंद्र सिंह

पुरैनी गांव के मूल निवासी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने कहा कि तरक्की के बाद बहुत कम लोग आते हैं वापस, किंतु मुझे अपनी मिट्टी (महात्मा विदुर की धरती) से प्यार

राष्ट्रवाद की विचारधारा से प्रभावित, राजनीति में आकर देश की सेवा करने का लिया संकल्प, टिकट मिला तो लड़ेंगे चुनाव

आज समाचार सेवा

बिजनौर। पूर्व आईएएस डॉ. दिनेश चंद्र सिंह धामपुर विधानसभा से भाजपा के टिकट के लिए मजबूत दावेदारी कर रहे हैं। चुनाव लड़ने के पीछे उन्होंने अपनी मंशा को राष्ट्रवादी विचारधारा वाली पार्टी से जुड़कर देश सेवा करना बताया है। इसके लिए उन्होंने प्रयास तेज कर दिए हैं।

बिजनौर के एक निजी बैंक्विट हॉल में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपनी बात रखते हुए डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने अपनी राष्ट्र सेवा की पृष्ठभूमि और भाजपा से चुनाव की दावेदारी के बारे में घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं पुरैनी गांव का मूल निवासी हूं और मेरी ससुराल धामपुर की है। मैं



एक सामान्य कृषक परिवार से हूं। रौ रहते हुए कई जगह जिलाधिकारी के रूप में मुझे सेवा करने का अवसर मिला। जहां पर मैंने सर्व समाज की सेवा की। मैं राष्ट्रवादी विचारधारा से काम करने का प्रयास करूंगा।



इसलिए मैंने भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर देश की सेवा करने का संकल्प लिया है। महात्मा विदुर की धरती जनपद बिजनौर की धामपुर विधानसभा से मैं भाजपा से टिकट की दावेदारी कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि जनता के सहयोग से यह संभव हो पाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सेवा में रहते हुए मैंने लोगों की काफी सेवा की है, क्योंकि इस सर्विस के दौरान अधिकारियों को सेवा करने का अधिक मौका मिलता है। इसका मैंने भरपूर ध्यान रखते हुए लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया। जनपद सहारनपुर में जिलाधिकारी रहते हुए 254000 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने का काम किया गया। विकसित भारत के लिए जब सुझाव मांगे गए तो मेरे द्वारा सबसे अधिक सुझाव जनता से सरकार को भिजवाए गए। यदि मेरे बारे में फिर भी जानना हो तो जहां पर मैंने काम किया है, वहां की जनता मेरे बारे में बेहतर बता सकती है। लोग जब तरक्की कर लेते हैं तो बाहर चले जाते हैं, किंतु मैं सेवानिवृत्ति के बाद अपनी धरती पर लौट कर आया हूं और यहीं रहकर लोगों की सेवा करना चाहता हूं। फिलहाल मेरा उद्देश्य यही है के चुनाव लड़कर जनता की सेवा की जाए।

कांवड़ यात्रा और पलायन रोकने में अहम भूमिका

बिजनौर। पद पर रहते हुए आईएएस डॉ. दिनेश चंद्र सिंह गोरक्षा एवं प्रकृति प्रेमी के रूप में अपनी पहचान बना चुके है। इसलिए पांच बार के राज्य स्तरीय पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं। वह अपनी सफलताओं में 20 कावड़ यात्राओं को सकुशल संपन्न कराने को अपनी उपलब्धि मानते हैं। साथ ही जहां-जहां पर भी उनकी तैनाती रही, वहां पर युवाओं का पलायन रोकने में उन्होंने अहम भूमिका अदा की है। इसलिए वह मुख्यमंत्री के प्रिय एवम करीबी अधिकारियों में गिने जाने लगे थे। 24 जनवरी 2026 को गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भी उन्हें सम्मानित कर चुके है। उन्होंने अपनी लेखनी की दो किताबें कर्म कुंभ और कर्म निर्णय को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान वितरित किया।

दिव्यांग जनों को सहायक उपकरणों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया

आज समाचार सेवा



किरतपुर। विकासखंड किरतपुर में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आर्टिफिशियल लिंब मैन्युफैक्चरिंग कंपनी कानपुर के सहयोग से उत्तर प्रदेश शासन की समग्र शिक्षा परियोजना के अंतर्गत क्षेत्र के दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण जिनमें मुख्यतः व्हीलचेयर,ट्राई साइकिल, कैलीपर, बैसाखी, कान के सुनने की मशीन, सेंसरी स्टिक, एल्बो स्टिक,कैलिपर,सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्त बच्चों के लिए चेयर का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया यह उपकरण इन दिव्यांगजन की रोजमरां की जरूरत को पूरा करने में सहायक सिद्ध होंगे कार्यक्रम में 175 दिव्यांग बच्चों को लाभान्वित किया गया एलीमको कंपनी से टीम विशेषज्ञ ऑडियोलॉजिस्ट श्रीकांत सिंह, पी. एन . डॉ .महेंद्र सिंह यादव ,राजीव कुमार शर्मा पी एन डॉ सहायक ने उपकरणों के प्रयोग के बारे में अभिभावकों को विस्तार पूर्वक समझाया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेत्री रजनी कालारा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख किरतपुर अंकित चैधरी की अर्धांगिनी श्रीमती रिचा चैधरी रही अपने संबोधन में उन्होंने प्रदेश एवं केंद्र की डबल इंजन सरकार द्वारा दिए जा रहे जन सहयोग के बारे में चर्चा की एवं बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी आम जनमानस के प्रत्येक वर्ग के विकास के प्रति जागरुक है वह सामान्य वर्ग के साथ-साथ दिव्यांग वर्ग के प्रति भी विकास की योजनाओं के बारे में निरंतर कार्य करते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी किरतपुर सूर्यकांत गिरि,जिला समन्वयक्त लियाकत अली ने की कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन डॉ. सैयद फरहत अली फिजियोथैरेपिस्ट, विशेष शिक्षक गण टीम के सहयोग से हुआ वीरेंद्र कुमार,विजेंद्र कुमार मुजफ्फर अली,असमा निगार, चंद्रेश कुमार, नाजिम खान, सुरेश कुमार,बी आर सी स्टाफ दिनेश कुमार,नवनीत कुमार,आलम,राहुल आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहें द्यमंच संचालन विशेष शिक्षक अयूब अली द्वारा किया गया द्य सहायक उपकरण प्रकार दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों में खूब उत्साह का संचार हुआ अनेक अभिभावकों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया गया।

हैनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे

आज समाचार सेवा



बिजनौर। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के आह्वान पर इंडिया एलायंस द्वारा नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न महारैली में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में बिजनौर जिले से 1000 से अधिक कांग्रेस कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। हैनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में बिजनौर की सभी विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी,वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे और लोकतंत्र, संविधान तथा मताधिकार की रक्षा के संकल्प को मजबूत किया। बिजनौर कांग्रेस की इस अभूतपूर्व भागीदारी ने संगठन की एकजुटता, सक्रियता और जमीनी मजबूती का स्पष्ट संदेश दिया। इस अवसर पर श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि ह्बिजनौर कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए राहुल गांधी जी के साथ मजबूती से खड़ा है। वोट जनता का अधिकार है और इस अधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष गांव से लेकर दिल्ली तक जारी रहेगा ह्ब उन्होंने कहा कि आज रामलीला मैदान में उमड़ा जनसैलाब देश की जनता की आवाज है। ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न केवल एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का जनआंदोलन है। बिजनौर कांग्रेस की भारी भागीदारी पर कार्यकताओं में उत्साह दिखाई दिया और सभी ने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा तथा कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से और मजबूत करने का संकल्प लिया।

वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली में बिजनौर कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

जनगणना व विधानसभा चुनाव हैं प्राथमिकता: विवेक कुमार



नगीना। नवागत एसडीएम विवेक कुमार सिंह ने कहा कि जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ कराना तथा आगामी विधानसभा चुनाव को सम्पन्न कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मतदाता सूचियों में किसी पात्र मतदाता का नाम न छूटे इसके लिए विशेष अभियान चल रहा है। नवागत एसडीएम विवेक कुमार सिंह ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार सभी योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन करना जनशिकायतों का पूरी समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना और दैवीय आपदाओं से प्रभावित लोगों को शासन स्तर से दी जाने वाली राहत पहुंचाने और राजस्व संबंधी कार्यों की निगरानी वह स्वयं करेंगे। एसडीएम विवेक कुमार सिंह ने आम जनता व पत्रकारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उनका प्रयास होगा कि शासन की योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी पब्लिक डोमेन में लाने के लिए मीडिया व पत्रकारों को प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग दिया जाएगा।

खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही

नहटौर। वीके इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने फीता काटकर और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय चेयरमैन सुधीर कुमार अग्रवाल ने मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए, जहाँ रिंग द आइटम और निशानेबाजी जैसे खेलों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अलावा, मैजिक शो, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और टैलेंट शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। लकी ड्रॉ में एलकेजी के छात्र मोहम्मद बिलाल ने स्कूटी, संगीता राजपूत ने वॉशिंग मशीन और शायका शकील ने माइक्रोवेव जीता, साथ ही आठ लोगों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए।

गायत्री शक्तिपीठ में अहोई अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया



आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। गायत्री तीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार के गायत्री परिवार के 16 जनपदों के केन्द्र गायत्री शक्तिपीठ में अहोई अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डा. दीपक कुमार ने कहा कि अहोई अष्टमी पर्व हिन्दू धर्म का एक बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहार है। जो मुख्य रूप से उत्तर भारत में माताएं अपनी संतान की लम्बी उम्र अच्छे स्वास्थ्य और उज्वल भविष्य की कामना के लिये रखती है। यह पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। अहोई माता जिन्हें माता पार्वती का रूप माना जाता है। उनकी पूजा की जाती है। उन्होने कहा कि भारतीय नारी हमेशा से शक्ति, त्याग और सृजन की मूर्ति रही है। परिवार हो या समाज

माताएं अपनी संतान की लम्बी उम्र अच्छे स्वास्थ्य और उज्वल भविष्य की कामना के लिये रखती हैं

देश की प्रगति में नारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है नारी परिवार की धूरी है। नारी घर की नींव होती है। जो पूरे परिवार को प्यार, अनुशासन और संस्कारों से बांधकर रखती है अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारतीय बेटियों ने तिरंगे का मान सबसे ज्यादा बढाया है।

नर के पास दृष्टि है तो नारी के पास दिव्य दृष्टि है। भारतीय नारी करवा चैथ पर पति की दीर्घायुं की कामना करती है। तो अहोई पर्व पर अपनी संतान के लिये व्रत रखती है। नारी त्याग, सेवा, करुणा, चारित्र, वात्सल्य, उदात्तता, धार्मिकता में पुरुषों से बहुत ऊंचा स्थान रखती है। इसीलिये यज्ञ, पूजा में पत्नी को पति के दायें ओर बिठाया जाता है। चारों वेद नारी का गुणगान करते हैं। सीताराम, राधेश्याम, उमाशंकर में नारी का नाम पहले लिया जाता है। नारी सद्गुणों की खान है। इसीलिये नारी के नाम के आगे देवी शब्द लिखा जाता है। नारी मां के रूप में पूजनीय है। पत्नी के रूप में परममित्र है। बहन के रूप में सम्मान की प्रतीक, बेटी के रूप में वात्सल्य एंव पवित्रता की मूर्ति है। नारी ही शक्ति है नारी दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती व काली व गायत्री है। इस अवसर पर पुष्पा शर्मा, कमेश शर्मा, रिक्की सिंह, सारिका अग्रवाल, प्रेमलता शर्मा, रीना सिंह, सुमन वर्मा, आशा गुप्ता, नीलम बरनवाल आदि ने अहोई माता (पार्वती माता) की पूजा अर्चना कर संतान की दीर्घायुं व संस्कारवान, सेवाभावी होने की कामना की।

न0पा0परि0 में द्वितीय चरण के जनगणना प्रशिक्षण का शुभारंभ



आज समाचार सेवा

नहटौर। नगर पालिका परिषद के मीटिंग हॉल में सोमवार को जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की प्रशिक्षण प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला एवं जिला जनगणना प्रभारी जे. पी. यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनगणना लिपिक विशेष कुमार उपाध्याय भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर मोहित शर्मा और इजहार नूर ने उपस्थित प्रगणकों को जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया, आंकड़ों के संकलन तथा निर्धारित प्रपत्रों को सही तरीके से भरने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। ट्रेनर्स ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान प्रत्येक परिवार से सही और सटीक जानकारी प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रगणकों को घर-घर जाकर निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार आंकड़े जुटाने और उन्हें व्यवस्थित रूप से दर्ज करने की कार्यप्रणाली समझाई गई। घ्प्रशिक्षण में जनगणना कार्य की विभिन्न बारीकियों, प्रगणकों की जिम्मेदारियों और कार्य के दौरान आने वाली संभावित व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने आंकड़ों की शुद्धता, गोपनीयता और निर्धारित समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि संपूर्ण जनगणना प्रक्रिया पारदर्शी और त्रुटिरहित तरीके से संपन्न हो सके।

पुलिस ने घर से 40 हजार की आतिशबाजी बरामद की

आज समाचार सेवा

नगीना। नगीना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अंबेडकर नगर कॉलोनी स्थित एक घर पर छापा मार कर करीब 40 हजार रुपए मूल्य की आतिशबाजी व पटाखों का जखीरा बरामद किया।पुलिस मौके से बरामद आतिशबाजी अपने साथ ले गई और बाप बेटों को जानकारी के लिए थाने बुलाया। अंबेडकर नगर कॉलोनी निवासी गिरधारी लाल का पुत्र प्रेम कुमार 40 हजार रुपए की आतिशबाजी का सामान दीपावली पर बेचने के लिए खरीद कर लाया था और अपने घर पर आतिशबाजी के समान को बिल से मिलान कर रहा था उसी समय किसी मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी की प्रेम कुमार पुत्र गिरधारी लाल के घर पर आतिशबाजी पटाखे भरे हैं।

सूचना मिलते ही थाने से दो दरोगा पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर छापामारी की और लगभग 40 हजार रुपए मूल्य की आतिशबाजी व पटाखे बरामद कर अपने साथ थाने ले गए तथा प्रेम कुमार व उसके पिता गिरधारी लाल को पूछताछ के लिए थाने बुलाया।प्रेम कुमार ने बताया कि वह दीपावली को नगीना में लगने वाली आतिशबाजी की दुकानों पर बेचने के लिए लाया था और आतिशबाजी पटाखे बेचने के लिए दुकान का अस्थाई लाइसेंस के लिए भी आवेदन कर रखा है। इस मामले में पुलिस जांच में लगी है।

गौतमबुद्ध नगर में ट्रैफिक पुलिस का अभियान तेज, पहले दिन 4,256 चालान और 7 वाहन सीज



अभियान के पहले ही दिन जिलेभर में 4,256 वाहनों के ई-चालान किए गए, जबकि गंभीर यातायात उल्लंघनों के चलते 7 वाहनों को सीज किया गया। इस दौरान सबसे अधिक मामले बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने के सामने आए।

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। गौतमबुद्धनगर में यातायात माह-2026 की शुरुआत के साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। अभियान के पहले ही दिन जिलेभर में 4,256 वाहनों के ई-चालान किए गए, जबकि गंभीर यातायात उल्लंघनों के चलते 7 वाहनों को सीज किया गया। इस दौरान सबसे अधिक मामले बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने के सामने आए। पुलिस उपायुक्त (यातायात) की निगरानी में यातायात पुलिस ने जिले के प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने मौके पर वाहनों की जांच करते हुए 1,645 चालान किए। वहीं, प्रमुख चौराहों पर स्थापित इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ISTMS) के कैमरों के माध्यम से 2,611 वाहनों के ऑनलाइन चालान किए गए।

कार्रवाई के दौरान दोपहिया वाहन चालकों की लापरवाही सबसे अधिक सामने आई। बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 1,528 चालान किए गए। इसके अलावा नो पार्किंग में वाहन खड़े करने पर 638, निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार में वाहन चलाने पर 288 और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ 208 चालान किए गए।

वहीं, यातायात नियमों की अनदेखी कर गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 191 और खराब या अवैध नंबर प्लेट का इस्तेमाल करने वाले 185 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा हूटर और प्रेशर हॉर्न के अनुचित इस्तेमाल के 25 मामले सामने आए, जबकि मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले 10 वाहनों के खिलाफ भी चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस के अनुसार, यातायात माह का उद्देश्य केवल नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई करना नहीं, बल्कि आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना भी है। इसी उद्देश्य से नवंबर महीने के दौरान जिलेभर में जागरूकता अभियान, यातायात प्रशिक्षण और विभिन्न जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात माह के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जांच और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। साथ ही वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार रहने की अपील की गई है।

एटीएस हैप्पी ट्रेल्स के सामने अवैध ठेलों से लगा जाम

ग्रेटर नोएडा। एटीएस हैप्पी ट्रेल्स सोसाइटी के सामने मुख्य सड़क पर अवैध फूड स्टॉल, ठेले और अस्थायी दुकानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इनके चलते सड़क पर दिन में तीन से चार बार जाम लग रहा है। कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो जाती है। वहीं, दुकानों पर आने वाले कुछ लोग सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी कर उनमें बैठकर शराब का सेवन भी करते हैं। इससे आसपास रहने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है।निवासी प्रतीश का कहना है कि सड़क किनारे अवैध रूप से दुकानें लगने के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। दुकानों पर आने वाले लोगों की गाड़ियां भी सड़क पर खड़ी रहती हैं, जिससे रास्ता और संकरा हो जाता है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने की घटनाओं से असुरक्षा का माहौल बन रहा है। लोगों को आशंका है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो ये अस्थायी दुकानें धीरे-धीरे स्थायी अतिक्रमण का रूप ले लेंगी और भविष्य में इन्हें हटाना मुश्किल होगा। इसकी शिकायत पुलिस और प्राधिकरण के अधिकारियों से भी की गई है, लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी। निवासियों ने संबंधित अधिकारियों से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनका कहना है कि मौके पर विभागीय टीम भेजकर अवैध दुकानों और ठेलों को हटाया जाए।

12 वर्षीय आर्या चौहान ने खेल प्रतियोगिता में दिखाया दम, टैलेंट हंट में तीन पदक जीतकर बढ़ाया मान

नोएडा स्पोर्ट्स टैलेंट हंट में 12 वर्षीय आर्या चौहान ने तीन मेडल जीते। वह पिछले दो वर्षों से जिम्नास्टिक्स और स्विमिंग का अभ्यास कर रही हैं। प्रतियोगिता में नोएडा के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा में आयोजित स्पोर्ट्स टैलेंट हंट प्रतियोगिता में 12 वर्षीय खिलाड़ी आर्या चौहान ने तीन मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को सेक्टर-131 स्थित प्रोमेथियस स्कूल में किया गया था। इसमें नोएडा के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आर्या कक्षा सात की छात्रा हैं और पिछले दो वर्षों से जिम्नास्टिक्स और स्विमिंग का नियमित अभ्यास कर रही हैं। वह विजय श्री स्पोर्ट्स अकादमी में कोच इशु चौधरी के निर्देशन में जिम्नास्टिक्स का प्रशिक्षण लेती हैं। इसके अलावा प्रोमेथियस स्कूल स्पोर्ट्स अकादमी में कोच करमवीर के मार्गदर्शन में स्विमिंग का अभ्यास करती हैं। प्रतियोगिता में तीन पदक जीतने के साथ उन्होंने खेलों के प्रति अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया।आर्या चौहान पिछले दो वर्षों से नियमित रूप से जिम्नास्टिक्स और स्विमिंग की ट्रेनिंग ले रही हैं। जिम्नास्टिक्स के लिए वह विजय श्री स्पोर्ट्स अकादमी जाती हैं, जहां कोच इशु चौधरी उन्हें प्रशिक्षण देते हैं। वहीं, स्विमिंग का अभ्यास प्रोमिथियस स्कूल स्पोर्ट्स अकादमी में कोच करमवीर के मार्गदर्शन में करती हैं। दोनों खेलों में लगातार अभ्यास के जरिए उन्होंने अपनी क्षमता को निखारा है। नोएडा स्पोर्ट्स टैलेंट हंट में तीन मेडल जीतना उनकी इसी मेहनत का परिणाम है। उनकी उपलब्धि से परिवार और प्रशिक्षकों में खुशी है।नोएडा स्पोर्ट्स टैलेंट हंट का आयोजन 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को सेक्टर-131 स्थित प्रोमेथियस स्कूल में किया गया। गौरी शिक्षा फाउंडेशन ने स्कूल के सहयोग से यह प्रतियोगिता आयोजित की थी। इसमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, तैराकी, जिम्नास्टिक्स और शूटिंग सहित छह खेलों को शामिल किया गया था। आयोजन का उद्देश्य बच्चों की खेल प्रतिभा को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देना था। प्रतियोगिता में नोएडा के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

फोनरवा की मांग पशुओं के लिए बने आधुनिक शवदाह गृह

नोएडा। फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन्स (फोनरवा) ने मृत आवारा एवं पालतू पशुओं के पर्यावरण-अनुकूल अंतिम संस्कार के लिए आधुनिक पशु शवदाह केंद्र स्थापित करने की मांग की है। फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा एवं महासचिव के.के. जैन ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखकर यह मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि नोएडा में मृत पशुओं के शवों का समयबद्ध एवं वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करना आवश्यक है। कई बार उचित व्यवस्था के अभाव में मृत पशुओं के शव सार्वजनिक स्थलों अथवा आवासीय क्षेत्रों में पड़े रहने से दुर्गंध, गंदगी, संक्रमण की आशंका एवं पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।उनकी मांग है कि पर्यावरण-अनुकूल पशु शवदाह केंद्र स्थापित किया जाए। इसके लिए उपयुक्त स्थान का चयन, मशीन की तकनीकी क्षमता एवं प्रदूषण नियंत्रण मानकों का परीक्षण तथा आवश्यक बजट एवं परियोजना प्रस्ताव तैयार कराया जाए।

एक नज़र

बैनामा लेखक की पड़ोसी वकील को फंसाने की साजिश का खुलासा, तीन गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। पुलिस ने बैनामा लेखक पर हुई फायरिंग मामले का सोमवार को पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साजिशकर्ता, उसका भाई और एक साथी अभी फरार है। पुलिस के मुताबिक बैनामा लेखक हरेंद्र नागर ने अपने हिस्ट्रीशीटर भाई के साथ मिलकर अपने पड़ोसी विकल विकास सैन को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए खुद पर फायरिंग कराई थी। ग्रेटर नोएडा के डीसीपी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि दादरी कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार दो युवकों ने 25 अक्तूबर को बैनामा लेखक हरेंद्र नागर के ऊपर फायरिंग की थी। बैनामा लेखक ने इस मामले में अपने पड़ोसी वकील विकास सेन को आरोपी बनाते हुए मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली। पुलिस की जांच में सामने आया की घटना के समय आरोपी विकास अपने घर पर था।पुलिस की जांच में सामने आया कि वादी हरेंद्र नागर ने अपने हिस्ट्रीशीटर भाई सते, भतीजे प्रतीक उर्फ कलुआ, साले अतुल भाटी और बेटे अभिषेक नागर समेत अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रची। इसके तहत अतुल भाटी और कलुआ उर्फ प्रतीक को घर बुलाकर कैमरे के सामने खुद पर फायरिंग कराई। इसके बाद पड़ोसी विकास सैन के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने इस मनगढ़ंत घटना का खुलासा कर सोमवार को बिसाहड़ा अंडरपास से तीन वांछित आरोपी प्रतीक उर्फ कलुआ, अतुल भाटी और अभिषेक नागर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, एक बाइक और सीसीटीवी की डीवीआर बरामद की।

लिफ्ट देकर लूटने वाले गिरोह का किया खुलासा, दो बाइक, तमंचे और कारतूस बरामद, दो बदमाश घायल

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-63 थाना पुलिस और लिफ्ट देने के बहाने लूट करने वाले गिरोह के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस के मुताबिक, 1 और 2 नवंबर 2026 की मध्यरात्रि सेक्टर-62 गोल चक्कर के पास चेकिंग के दौरान दो बाइक पर सवार चार संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने की कोशिश की। पीछा करने पर बहलोलपुर अंडरपास से ग्रीन बेल्ट सर्विस रोड की ओर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। घायल आरोपियों की पहचान विकास उर्फ कालू उर्फ कल्लू और राजेश उर्फ ढेड़ा के रूप में हुई है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान उनके दो अन्य साथियों शंकर शर्मा और कपिल कश्यप को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि गिरोह नोएडा-एनसीआर में लोगों को लिफ्ट देने के बहाने लूट की वारदातों को अंजाम देता था।पुलिस के अनुसार, रात में सेक्टर-62 गोल चक्कर के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोगों को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर वे रुकने के बजाय बाइक मोड़कर तेजी से भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बहलोलपुर अंडरपास से आगे ग्रीन बेल्ट सर्विस रोड पर खुद को



घिरता देख आरोपियों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो आरोपी घायल हो गए। उनकी पहचान विकास उर्फ कालू उर्फ कल्लू (27), निवासी मीठापुर, दिल्ली और राजेश उर्फ ढेड़ा (38), निवासी बसई, नोएडा के रूप में हुई। दोनों के पैर में गोली लगी है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, मौके से .315 बोर के दो अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।मुठभेड़ के बाद पुलिस ने इलाके में कॉम्बिंग अभियान चलाया। इस दौरान गिरोह के दो अन्य कथित सदस्यों शंकर शर्मा (20), निवासी सुत्याना, गौतमबुद्धनगर और कपिल कश्यप (20), निवासी बसई, नोएडा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों के कब्जे से एक-एक अवैध चाकू और अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि गिरोह के सदस्य आम लोगों को लिफ्ट देने के बहाने अपनी गाड़ी में बैठाते थे और फिर लूट की वारदात को अंजाम देकर उन्हें सुनसान रास्तों पर छोड़कर फरार हो जाते थे। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस उनके अन्य आपराधिक मामलों और गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने बरामदगी को अलग-अलग मुकदमों से संबंधित बताया है। मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस की ओर से जारी विवरण के मुताबिक, विकास और राजेश के खिलाफ गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में लूट, चोरी, हथियार और गैंगस्टर एक्ट से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं। विकास के आपराधिक इतिहास में वर्ष 2015 से 2019 तक के मामले शामिल बताए गए हैं। राजेश के खिलाफ भी लूट, चोरी, शस्त्र अधिनियम और हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमों का उल्लेख है। शंकर शर्मा के खिलाफ इंकोटेक-3 थाने में चोरी से जुड़े वर्ष 2023 के कई मामले दर्ज होने की जानकारी दी गई है। कपिल कश्यप के संबंध में दिल्ली के धौला कुआं थाने का एक मामला भी पुलिस रिकॉर्ड में बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, चारों आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2026 का एक मामला सेक्टर-63 थाने में भी दर्ज है। फिलहाल पुलिस गिरोह की गतिविधियों, बरामद सामान और अन्य संभावित वारदातों के संबंध में जांच कर रही है।

औद्योगिक संपत्ति को लीज पर लेकर खुर्दबुर्द किया

पूर्वी दिल्ली के शकरपुर निवासी नितिन शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-63 के एफ ब्लॉक स्थित एक औद्योगिक संपत्ति के मालिक हैं।

आज समाचार सेवा

नोएडा। मालिक को औद्योगिक संपत्ति लीज पर देना भारी पड़ गया। आरोपी ने लीज की अवधि पूरी होने से पहले ही भवन को खाली कर दिया। भवन स्वामी जब संपत्ति देखने पहुंचे तो उन्हें वह खुर्दबुर्द हालत में मिली। पीड़ित ने 35 लाख रुपये के नुकसान और 91 लाख रुपये किराया बाकी होने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज कराया है। पूर्वी दिल्ली के शकरपुर निवासी नितिन शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-63 के एफ ब्लॉक स्थित एक औद्योगिक संपत्ति के मालिक हैं। उन्होंने यह संपत्ति मैसर्स ओवरलेज क्लोथिंग प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि मुस्कान गोपाल सिंघानिया को एक जुलाई 2024 से 30 जून 2027 के लिए लीज पर दी थी।तीन सितंबर 2026 को उन्हें पता चला कि मुस्कान गोपाल सिंघानिया ने संपत्ति को खाली कर दिया है। वह संपत्ति को देखने पहुंचे तो पता चला कि बिल्डिंग के बेसमेंट में जगह-जगह गड्ढे थे। आरोप है कि लीज के दौरान उनकी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया गया।शिकायतकर्ता को यह भी पता चला कि आरोपी ने इस दौरान भवन में जादू-टोना की क्रियाएं की और वर्तमान में भी कुछ सामान रखा हुआ है। बिल्डिंग की बिजली के तार भी गायब हैं। उन्होंने जब आर्किटेक्ट से सर्वे कराया तो उसने कहा कि बेसमेंट तोड़कर दोबारा ठीक करना पड़ेगा। पीड़ित के मुताबिक, भवन को ठीक कराने में करीब 35 लाख रुपये का खर्च आएगा। यही नहीं आरोपी पर 91 लाख 64 हजार 178 रुपये किराया भी बकाया है। बात करने पर आरोपी ने सटीक उत्तर नहीं दिया। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डॉक्टर दंपती पर 24 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा में प्लॉट आवंटन और सरकारी विभागों में काम कराने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। एक डॉक्टर दंपती पर अलग-अलग योजनाओं में प्लॉट, कमर्शियल प्रॉपर्टी और जेवर एयरपोर्ट पर कारोबार दिलाने के नाम पर 24 करोड़ रुपये से अधिक की रकम लेने का आरोप लगा है। मामले में रोहिल्लापुर निवासी मनोज कुमार की शिकायत पर थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने डॉक्टर नितेंद्र सिंह और उनकी पत्नी रविन गौर के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी देने समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि डॉक्टर दंपती ने नोएडा और यमुना प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों से नजदीकी संबंध होने का दावा कर उनका विश्वास जीता। इसी प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं में प्लॉट और व्यावसायिक संपत्तियां आवंटित कराने का भरोसा दिया। आरोप है कि इसी बहाने अलग-अलग समय पर उनसे बड़ी रकम ली गई, लेकिन न तो कोई संपत्ति आवंटित कराई गई और न ही वादे के मुताबिक सरकारी काम पूरे हुए।

मेडिकल डिवाइस पार्क से लेकर कमर्शियल प्लॉट तक के नाम पर करोड़ों की वसूली एफआईआर में दर्ज शिकायत के मुताबिक, आरोपियों ने सबसे पहले यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के मेडिकल डिवाइस पार्क में प्लॉट दिलाने की बात कही। इसके लिए शिकायतकर्ता से छह लाख रुपये लेने का आरोप है। इसके बाद नोएडा के सेक्टर-61 में पहले से निरस्त हो चुके कमर्शियल प्लॉट का दोबारा आवंटन कराने का आश्वासन देकर करीब 2.80 करोड़ रुपये लिए गए। इसी तरह किसान कोटे के तहत अतिरिक्त पांच प्रतिशत प्लॉट दिलाने के नाम पर लगभग 5.70 करोड़ रुपये और 2140 वर्गमीटर का कमर्शियल प्लॉट आवंटित कराने के लिए करीब 4.50 करोड़ रुपये लेने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपियों ने इन सभी कामों को जल्द पूरा कराने का भरोसा दिया था, लेकिन लंबे समय तक रकम लेने के बावजूद कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। जेवर एयरपोर्ट पर फूड कोर्ट और वाइन शॉप दिलाने का भी दिया भरोसा मामले में एक बड़ा आरोप जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कारोबार दिलाने से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार, डॉक्टर दंपती ने एयरपोर्ट टर्मिनल में फूड कोर्ट और वाइन शॉप का संचालन दिलाने का प्रस्ताव रखा था। इसके लिए मार्च 2023 से जुलाई 2026 के बीच करीब 5.30 करोड़ रुपये लेने का आरोप है। इसके अलावा यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में ग्रुप हाउसिंग प्लॉट आवंटित कराने के नाम पर भी शिकायतकर्ता से लगभग 5.70 करोड़ रुपये वसूलने की बात एफआईआर में कही गई है। पीड़ित का दावा है कि इन सभी प्रस्तावों को सरकारी अधिकारियों तक पहुंच और प्रभाव के आधार पर संभव बताया गया था। 21.78 करोड़ रुपये लौटाने का लिखित आश्वासन देने का दावा मनोज कुमार के मुताबिक, अलग-अलग परियोजनाओं और संपत्तियों के नाम पर उनसे 24 करोड़ रुपये से अधिक की रकम ली गई। जब लंबे समय तक कोई काम नहीं हुआ तो उन्होंने आरोपियों से अपनी रकम वापस मांगी।

सुथ्याना में प्राधिकरण का चला बुलडोजर, 19 करोड़ रुपये कीमत की 9, 500 वर्ग मीटर अधिग्रहित जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सुथ्याना गांव में अवैध निर्माण के खिलाफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सोमवार को ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। इस दौरान करीब 9,500 वर्ग मीटर अधिग्रहित जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्राधिकरण के मुताबिक, इस जमीन की अनुमानित कीमत करीब 19 करोड़ रुपये है। कालोनाइजर प्राधिकरण की अधिग्रहित और कब्जा प्राप्त जमीन पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। कार्रवाई ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर की गई। प्राधिकरण ने लोगों से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में जमीन खरीदने से पहले उसकी स्थिति और संबंधित जानकारी प्राधिकरण से जरूर प्राप्त कर



लें, ताकि अवैध कॉलोनियों में उनकी जमा पूंजी न फंसे।ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि सुथ्याना गांव में खसरा संख्या 798, 810, 815, 816 और 817 की करीब 9,500 वर्ग मीटर जमीन अधिग्रहित की गई थी। प्राधिकरण इस जमीन पर कब्जा भी प्राप्त कर चुका था। इसके बावजूद कालोनाइजर यहां अवैध निर्माण कर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। मामले की जानकारी मिलने पर प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान अवैध निर्माण को हटा दिया गया और पूरी जमीन को कब्जे से मुक्त करा लिया गया। प्राधिकरण के अनुसार, मुक्त कराई गई जमीन की अनुमानित कीमत करीब 19 करोड़ रुपये है।प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश निम के नेतृत्व में सोमवार को कार्रवाई की गई। टीम में प्रबंधक स्वतंत्र वर्मा और वर्क सर्किल-4 के कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया और अधिग्रहित जमीन को कब्जे से मुक्त कराया। यह कार्रवाई प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर अधिसूचित क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। प्राधिकरण का कहना है कि अधिसूचित क्षेत्र में बिना अनुमति निर्माण या जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा कि प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की अनुमति नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर उसकी पूरी जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि लोग अवैध कॉलोनियों में अपनी गाढ़ी कमाई न लगाएं। प्राधिकरण का कहना है कि अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण और कब्जों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे में जमीन खरीदने से पहले उसके स्वामित्व, अधिग्रहण और प्राधिकरण की अनुमति से जुड़ी स्थिति की जांच करना जरूरी है।

45 करोड़ रुपये से दो रैनीवेल बनाकर मजबूत की जाएगी जलापूर्ति व्यवस्था



आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा में पानी की उपलब्धता बढ़ाने और गंगाजल की सप्लाई बाधित होने पर होने वाली परेशानी कम करने के लिए प्राधिकरण दो नए रैनीवेल बनाएगा। ये सेक्टर-132 और सेक्टर-135 में यमुना किनारे विकसित किए जाएंगे। दोनों रैनीवेल की क्षमता 17-17 एमएलडी होगी। इनके शुरू होने के बाद शहर को रोजाना 34 एमएलडी अतिरिक्त पानी मिल सकेगा। परियोजना पर करीब 45 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। प्राधिकरण की योजना इन रैनीवेल से 300 से 400 टीडीएस वाला पानी उपलब्ध कराने की है। गंग नहर की सफाई या किसी तकनीकी खराबी के कारण गंगाजल की सप्लाई बंद होने पर इनसे शहर की जरूरत पूरी करने में मदद मिलेगी। नोएडा में रोजाना 450 एमएलडी से अधिक पानी की मांग है। मौजूदा व्यवस्था में शहर को गंगाजल से करीब 240 एमएलडी पानी मिलता है। इसके अलावा नलकूपों से लगभग 110 एमएलडी और रैनीवेल के जरिए करीब 100 एमएलडी पानी की सप्लाई की जाती है। गंगाजल की आपूर्ति गाजियाबाद के प्रताप विहार और सिद्धार्थ विहार स्थित प्लांट से होती है। शहर की बढ़ती आबादी और पानी की जरूरत को देखते हुए प्राधिकरण वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति बढ़ाने पर काम कर रहा है। यमुना किनारे बनने वाले नए रैनीवेल इसी योजना का हिस्सा हैं। इनसे मिलने वाला पानी गंगाजल की सप्लाई प्रभावित होने की स्थिति में अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध कराएगा।

नोएडा प्राधिकरण के जीएम जल आरपी सिंह के मुताबिक, शहर में फिलहाल आठ रैनीवेल संचालित हैं। इनसे रोजाना करीब 100 एमएलडी पानी की आपूर्ति हो रही है। इसके अलावा तीन अन्य रैनीवेल भी जल्द शुरू किए जाएंगे। सेक्टर-132 और सेक्टर-135 में प्रस्तावित दो नए रैनीवेल भी इसी व्यवस्था का हिस्सा होंगे। सभी प्रस्तावित रैनीवेल शुरू होने के बाद इनसे करीब 160 एमएलडी पानी की सप्लाई हो सकेगी। इससे शहर की कुल जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्राधिकरण का लक्ष्य पानी के अलग-अलग स्रोत विकसित कर गंगाजल पर निर्भरता कम करना और जरूरत के समय वैकल्पिक आपूर्ति उपलब्ध कराना है। गंग नहर की सफाई या तकनीकी खराबी के कारण गंगाजल की सप्लाई बंद होने पर नोएडा के कई इलाकों में पानी की कमी हो जाती है। ऐसी स्थिति में लोगों को वैकल्पिक व्यवस्था पर निर्भर रहना पड़ता है। नए रैनीवेल शुरू होने से आपूर्ति में आई कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्राधिकरण की योजना है कि इनसे मिलने वाले पानी का इस्तेमाल जरूरत के अनुसार किया जाए, ताकि गंगाजल की आपूर्ति बाधित होने पर भी शहर में पानी की उपलब्धता बनी रहे। अधिकारियों के मुताबिक, फरीदाबाद में करीब 32 रैनीवेल संचालित हैं और वहां जलापूर्ति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी मॉडल को ध्यान में रखते हुए नोएडा में भी रैनीवेल की संख्या बढ़ाई जा रही है।

PNB गबन मामले में खाताधारकों को साथ लेकर बैंक के सामने पंचायत करेंगे किसान नेता, कार्रवाई और समाधान की उठी मांग



आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पाई-1 स्थित पंजाब नेशनल बैंक (PNB) की ऐच्छर शाखा में खाताधारकों की करोड़ों रुपये की रकम कथित तौर पर गायब होने के मामले में किसान नेता बृजेश भाटी ने सोमवार, 2 नवंबर को महापंचायत बुलाई है। पंचायत बैंक शाखा के सामने आयोजित की जाएगी। इसमें जिले के किसान, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बैंक के प्रभावित खाताधारक शामिल होंगे। बृजेश भाटी ने कहा कि कुछ खाताधारकों को उनकी रकम वापस मिल चुकी है, लेकिन कई लोग अब भी अपने पैसे के लिए परेशान हैं। उन्होंने त्योहारों के समय लोगों को हो रही आर्थिक परेशानी का मुद्दा उठाते हुए बैंक प्रबंधन से जल्द भुगतान की मांग की। भाटी ने यह भी कहा कि कथित गबन में शामिल सभी जिम्मेदार बैंक कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उनके मुताबिक, केवल निचले स्तर के कर्मचारियों पर जिम्मेदारी डालकर मामले को खत्म नहीं किया जाना चाहिए।किसान नेता बृजेश भाटी ने बताया कि महापंचायत में बैंक के प्रभावित खाताधारक भी अपनी समस्या रखेंगे। उनका कहना है कि बैंक ने धीरे-धीरे सभी ग्राहकों की रकम लौटाने का भरोसा दिया था, लेकिन अब तक कई लोगों को उनका पैसा नहीं मिला है। भाटी ने कहा कि त्योहारों का समय है और लोगों की जमा पूंजी बैंक में फंसी हुई है। ऐसे में उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों और त्योहारों की तैयारियों में परेशानी हो रही है। उन्होंने मांग की कि बैंक प्रबंधन प्रभावित खाताधारकों को जल्द से जल्द उनकी पूरी रकम लौटाए। साथ ही, कथित गड़बड़ी में जिन भी कर्मचारियों की भूमिका सामने आए, उनके खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। महापंचायत में इन मांगों को उठाने के साथ आगे की रणनीति पर भी चर्चा की जाएगी। PNB की ऐच्छर शाखा में खाताधारकों की बचत और फिक्स्ड डिपॉजिट की रकम कथित तौर पर बिना अनुमति दूसरे खातों में ट्रांसफर किए जाने का मामला सामने आया था। कई ग्राहकों ने बैंक में जमा अपनी रकम कम होने या गायब होने की शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

बैंक ने भी आंतरिक जांच की और शाखा के कुछ कर्मचारियों को निलंबित किया गया। बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने की जानकारी सामने आई। बैंक की ओर से प्रभावित ग्राहकों की शिकायतों की जांच कर रकम लौटाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। उपलब्ध रिपोर्टों के मुताबिक, कुछ ग्राहकों के दावे निपटाए जा चुके हैं। हालांकि, सभी प्रभावित खाताधारकों को पूरी रकम लौटाए जाने की पुष्टि अभी नहीं हुई है। बैंक प्रबंधन ने प्रभावित खाताधारकों को उनकी रकम ब्याज सहित लौटाने का आश्वासन दिया है। प्रबंधन की ओर से कहा गया है कि ग्राहकों को घबराने की जरूरत नहीं है और शिकायतों की जांच के बाद भुगतान किया जाएगा। दूसरी ओर, किसान नेता बृजेश भाटी ने मांग की है कि बैंक प्रबंधन इस प्रक्रिया में तेजी लाए और सभी प्रभावित लोगों को उनका पैसा वापस दिलाए। उन्होंने कथित गबन में शामिल कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। सोमवार को बैंक शाखा के बाहर होने वाली महापंचायत में किसान और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि इस मामले को उठाएंगे। खाताधारकों की रकम की वापसी और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई इस पंचायत के प्रमुख मुद्दे रहेंगे।